माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

अयोध्या
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 178, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16
देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 2




## एक नजर

### मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का कैंसर से निधन



**मुंबई।** मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी। पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है। निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा कि यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप' में देखा गया था।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी



**आगरा।** हाथरस में रामकथा कह रहे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री योगी ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि उनकी जांच की जा रही है। बेहतर इलाज के लिए देर शाम उनको एयर एंबुलेंस से देहरादून शिफ्ट किया गया है।

# ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

## मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

## अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

### वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।



नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

### जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

**तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार :** वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

# चंपई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

- कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।



### पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

### गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

### शीर्ष कोर्ट ने सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

# दिन दहाड़े मां-बेटा और चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

- मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर इलाके में दोपहर 3.30 बजे हुई वारदात
- वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश

**अमृत विचार :** मलिहाबाद का मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से पूरे गांव में दहशत है। उधर, घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा और कहासुनी शुरू कर दी। सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी वहां मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

# खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

- कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया

**नई दिल्ली।** सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

# कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी



- पीजी में रहकर कर रहा था ऑनलाइन कोचिंग, 12 दिन में तीसरी आत्महत्या

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र ने बुधवार को किसी समय यह कदम उठाया, हालांकि उसका शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक बिना उपयोग वाला टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया। पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार की रात करीब 8 बजे दी गई।

### बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या

बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

## बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा, चली गई जान

**प्रयागराज।** जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय किशोर की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद घरवाले आनन-फानन किशोर को अस्पताल ले गए। जहां भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था।

# भाजपा सांसद रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आचारसंहिताउल्लंघनकामामला हिरासतमेंलिएजानेकेबादअपील दाखिल करने तक के लिए रिहा

**अमृत विचार:** वर्ष 2012 में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधान सभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर मीटिंग करने की आरोपी मौजूदा भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 को शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर रीता बहुगुणा जोशी लखनऊ विधान सभा कैंट क्षेत्र की प्रत्याशी की हैसियत से कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी जनसभा को संबोधित कर रही थी। इसकी सूचना मिलने पर स्टेटिक सर्विलांस मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर देखा तो करीब 50 लोगों की भीड़ के साथ बजरंग नगर के मकान नंबर 95 एवं 96 के बीच जाने वाली सड़क पर रीता बहुगुणा जोशी मीटिंग कर रही थीं। कहा गया है कि मौके पर वीडियो बनाया गया तथा उन्हें सभा से मना भी किया गया, इसके उपरांत मुकेश चतुर्वेदी द्वारा कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस की विवेचना के उपरांत 12 सितंबर 2012 को रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ अदालत में चार्ज शीट दायर की गई, जिसके उपरांत 20 फरवरी 2021 को रीता बहुगुणा जोशी के विरुद्ध अदालत ने आरोप तय किए थे। एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने रीता बहुगुणा जोशी को धारा 126 जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में छह माह के कारावास व एक हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि धारा 188 भारतीय दंड संहिता के आरोप में सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत ने रीता बहुगुणा जोशी को हिरासत में ले लिया था। तदोपरांत, उनकी ओर से दी गई जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए अदालत ने बीस हजार रुपये का बंधपत्र और इतनी ही धनराशि की जमानत दाखिल करने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि जमानतदार उपलब्ध न होने के कारण अदालत में बंध पत्र स्वीकार कर उन्हें अपील दाखिल करने की अवधि तक के लिए रिहा कर दिया गया है।

**हंगामा** विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी फटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

# हंगामें के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी फटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यसनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।



बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

**अखिलेश की ब्रेकिंग**

**मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा :** विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

# घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

## इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।



### पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

### टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

# इंग्लैंड लायन्स को भारत ने 199 पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

**आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी**

तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।

भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

यश दयाल ने ओलिवर प्रिंस (31) को पगबाधा कर भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। उन्होंने इसके बाद सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस (64) को चलता किया। आकाशदीप ने इसके बाद कप्तान जोश बोहानन (10) को आउट कर टीम का स्कोर चार विकेट पर 136 रन कर दिया।

इंग्लैंड के बल्लेबाज इसके बाद भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सके। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने भी इस दौरान दो विकेट चटकाए। भारत ए की दूसरी पारी में जेम्स कोलेस ने तीनों विकेट लिए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (22) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकें तो वहीं देवदत्त पडिक्कल भी 27 गेंद में 21 रन ही बना सके।

## डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा



**कोलकाता, एजेंसी।** शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

# यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

## आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबकि पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।



**6** विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

**2-2** विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

### यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

### टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।


## खेल डायरी

### मुक्केबाजीः अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

### मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोर्टस जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।



### भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

**फुटबॉल**

**ढाका।** पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

### तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद हांगकांग (24 फरवरी) और कोसोवो (27 फरवरी) से भिड़ेगी। भारत तीसरी बार तुर्की महिला कप 2019 और 2021 के बाद भाग लेगा, जो फीफा महिला अंतर्राष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जा रहा है। भारत की नई मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की देखरेख में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का शिविर लगेगा। इसमें अंशिका, एलंगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरंगथम, श्रेया हुडा, आशालता देवी लोइटोंगबम, अस्तम ओरांव, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, ममता, रंजना चानू सोरोखैबम, शिल्की देवी हेमम, अंजू तमांग, इंदुमति काथिरेसन, काजोल डिसूजा, कार्तिका अंगमुथु, कृतिना देवी थौनाओजम, मनीषा, पवित्रा मुरुगेसन, प्रियंगका देवी नाओरेम, संगीता बासफोर, ग्रेस डांगमेई, ज्योति, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर समेत 30 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

**ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन**



### भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

# अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही सुपर 300 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को 43 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है।

पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है लेकिन प्रो लीग में मिलने वाले मौका का वह फायदा उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अब ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल नहीं कर सकते लेकिन हमारे पास आगे बढ़ने के अलावा कोई चारा नहीं है। इसके लिए मजबूती के साथ खेलना होगा।

# बॉलीवुड हलचल

## मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।



### फिल्म निरहुआ हाजिर हो का पहला लुक जारी



भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म निरहुआ हाजिर हो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद और सह निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं, जबकि लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। निरहुआ ने बताया कि यह फिल्म जनता और सिस्टम के बीच की कहानी है। निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह एक नायक के संघर्ष की कहानी है जिसको हमने बड़े पैमाने पर बनाया है। इस फिल्म में निरहुआ के साथ-साथ तमाम कलाकारों ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। निरहुआ जमीन से जुड़े कलाकार हैं और उतने ही बेहतरीन इंसान भी हैं। उनकी यह खूबसूरती उनके अभिनय में भी नजर आती है।

## देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।




## प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।



### ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### उद्घाटन से पहले दुकान में लगी आग, सामान जला

**बीकापुर, अयोध्या।** दुकान का उद्घाटन होने के पहले ही दुकान में आग लग जाने की वजह से अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार को सुबह जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने एक के विरुद्ध तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मरूई सहाय सिंह गांव के रहने वाले पीड़ित दुकानदार पंकज कुमार पुत्र रामचंद्र यादव ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी कपड़े एवं मोबाइल की दुकान अयोध्या प्रयागराज हाईवे के किनारे शेरपुर पारा बाजार में है। कोतवाल लाल चंद्र सरोज ने बताया कि जांच की जा रही है।

### मवई ब्लॉक में पशु आरोग्य मेले का अयोजन आज

**अयोध्या।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य शिविर व मेले का आयोजन शनिवार को मवई ब्लॉक के ग्राम मांजनपुर में सुबह आठ से शाम पांच बजे तक आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लल्लू सिंह व विशिष्ट अतिथि के तौर पर रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव मौजूद रहेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदीश सिंह ने बताया कि मेले में आये हुए पशुओं के इलाज व उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा। पशुओं की देखभाल व अधिक दुग्ध उत्पादन के विषय में बताया जाएगा।

# राम मंदिर : निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक आज से , लक्ष्य को पूरा करने पर होगा मंथन

अयोध्या कार्यालय

**रहेगी नजर**

- शुक्रवार दोपहर अयोध्या पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र
- स्थलीय निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर के रुके कार्यों को गति देने को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र शुक्रवार को रामनगरी पहुंच गए। वे यहां होने वाली दो दिवसीय बैठक में मंदिर के कार्यों को दिसंबर 2025 तक पूरा करने के लक्ष्य की तैयारियों पर मंथन करेंगे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन में बिना बाधा आए कार्य प्रारंभ कराए जाने की विस्तृत जानकारी ली।

राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय मुख्य बैठक शनिवार से शुरू होगी। फ्लाइट देरी के कारण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अयोध्या पहुंचे और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने रामजन्मभूमि परिसर में चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। जानकारी के अनुसार यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम तल का काम अभी होना है, इसमें लिफ्ट भी लगाई जाएगी। जबकि राममंदिर के प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष 15 फीसदी काम अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद दूसरे तल का निर्माण शुरू होगा, जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान तय हुआ था कि सुविधाएं विकसित करने के काम रात में किए जाएंगे। अब जब निर्माण कार्य फिर से शुरू होगा तो जहां यात्री नहीं पहुंचते हैं वहां दिन में काम होगा। जहां यात्रियों का आवागमन होता है वहां के काम रात में किए जाएंगे। सुरक्षा प्रबंधों को देखते हुए इसकी टाइमिंग तय की जाएगी। वहीं कुबेर टीला के सुंदरीकरण का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है, मार्च तक इसका भी काम पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने रामजन्मभूमि पथ पर लगाए गए सुरक्षा उपकरणों को भी देखा और विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी उपकरण लगाए जाने बाकी हैं, उसे 15 दिन के भीतर इंस्टाल कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था एलएन्डटी और टाटा कंसलटेंसी के इंजीनियर, आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा, ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश आफले, सहयोगी गोपाल जी राव सहित सुरक्षा के लिए अधिकारी मौजूद रहे।

## क्यूआर कोड स्कैन करते ही श्रद्धालुओं को मिलेगी दर्शन करने की तस्वीर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जल्द ही रामलला मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान की तस्वीरें मिलने लगेंगी। इसके लिए उन्हें एक क्यू आर कोर्ड स्कैन करना पड़ेगा। इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने सुझाव दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एलएंडटी के तकनीकी अधिकारियों को ऐसा एप इजाद करने के निर्देश दिए हैं।



मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों से बातचीत करते आईजी व मंडलायुक्त।

मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक परिसर स्थित एलएंडटी सभाकक्ष में हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि पीएफएस परिसर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखें। परिसर में प्रवेश द्वार के अलावा अन्य स्थलों पर भी व्हील चेयर की व्यवस्था रहे। परिसर में प्रमुख स्थानों पर दर्शनार्थियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियों के लिए एलईडी स्क्रीन लगाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर के विभिन्न स्थलों पर जो एआई बेस्ड कैमरे लगाए जाने है उनमें फेस रिकॉग्निशन (पहचान) की व्यवस्था होती है इसलिए एक ऐसा प या स्कैनर विकसित कर लिया जाय, जिससे दर्शन करने आए दर्शनार्थी मंदिर परिसर में एआई कैमरों में ली गयी उनकी फोटो परिसर के बाहर लगाये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर परिसर के अंदर की अपनी फोटो प्राप्त कर सकें। अधिकारियों ने विभिन्न प्रदेशों से आए दर्शनार्थियों से दर्शन व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव मांगे। बैठक में आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल दास, एसपी सुरक्षा पंकज आदि मौजूद रहे।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिले में हुई पहली गवाही

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पहली गवाही हुई। शुक्रवार को हेड मुहर्रिर कौशल कुमार ने जैतपुर थाने से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए न केवल गवाही दी, बल्कि उसकी पहचान भी अपने थाने में मौजूद थानाध्यक्ष ने की। यह गवाही अपर जिला अध्यक्ष प्रथम अशोक कुमार दुबे की अदालत में हुई। नई व्यवस्था शुरू होने के बाद अब गवाही के लिए सरकारी मुलाजिमों को दौड़कर कचहरी पहुंचना और अदालतों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडेय ने बताया कि कोतवाली बीकापुर के वर्ष 2009 के एक गोवध अधिनियम व पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमले के मामले में द्वितीयक साक्षी के रूप में कौशल कुमार शुक्ला की गवाही होनी थी। वर्तमान में अंबेडकर नगर जिले के जैतपुर थाना में बतौर हेड मुहर्रिर तैनात कौशल कुमार ने जैतपुर थाना से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही दी। कोतवाली बीकापुर में तैनाती के दौरान साथ रहे मुबीन अहमद खान ने उनके हस्ताक्षर और लेख तथा दूरस्थ कोऑर्डिनेटर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने अपने थाने से उनकी पहचान की। कचहरी स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से अपर जिला प्रथम की ओर से गवाही दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद नदीम सिद्दीकी ने बाकी कार्यवाही पूरी की।

- अब सरकारी मुलाजिमों को नहीं लगाने पड़ेंगे अदालतों के चक्कर

# 100 एकड़ में श्रीराम महायज्ञ, प्रवचन व भंडारे के इंतजाम

अयोध्या कार्यालय



- 10 से बड़ी छावनी के मैदान में 2121 कुंडों में डाली जाएंगी आहुतियां
- टेंट सिटी के अलावा प्रतिदिन 50 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का इंतजाम

बड़ी छावनी के मैदान में दो माह से तैयार की जा रही यज्ञशाला।

**अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही अयोध्या में भक्ति रस की धारा प्रवाहमान है। यज्ञ व महायज्ञों का सिलसिला अभी थमा नहीं है। भक्तमालजी की बगिया में पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य व बालू घाट पर नेपाली बाबा के आयोजन के बाद अब बड़ी छावनी के मैदान में 10 फरवरी से 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ कराने की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। 100 एकड़ में बने आयोजन स्थल में 18 फरवरी तक रामकथा भी होगी। इस दौरान यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी इंतजाम रहेगा।

यज्ञ सम्राट रघुवंश संत शिरोमणि दास महंत साकेतवासी कनक बिहारी दास ने श्रीराम के भव्य मंदिर में विराजमान होने पर महायज्ञ कराने का संकल्प लिया था। उनके उत्तराधिकारी श्याम दास ने बताया कि एमपी के छिंदवाड़ा के लोनीकला स्थित रामजानकी मंदिर के महंत रहे कनक बिहारी दास 17 अप्रैल 2023 में साकेतवासी हो गए। श्याम दास ने बताया कि 800 ब्राह्मणों की मौजूदगी में यजमान महायज्ञ में आहुतियां डालेंगे। गुरु भाई लखनदास ने बताया कि कामदगिरी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानंदाचार्य रामस्वरूपाचार्य अपने मुखवचनों से रामकथा का श्रवण कराएंगे।

### 9009 कुंडीय महायज्ञ का लिया था संकल्प

गुरु भाई लखनदास ने बताया कि महंत कनक बिहारी दास ने 9009 कुंडीय महायज्ञ का संकल्प लिया था, लेकिन उनके साकेतवासी हो जाने के बाद शिष्यों में उनके संकल्प को पूरा करने का सामर्थ्य नहीं है। इस कारण 2121 कुंडीय महायज्ञ कराया जा रहा है। मुख्य आयोजक में उत्तराधिकारी श्याम दास व एमपी के पूर्व संसदीय कार्य मंत्री अजय सिंह रघुवंशी व अन्य शामिल हैं।

# तेल कोल्हू में फंसकर किशोर की हुई मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से संचालित तेल कोल्हू से खली निकालते समय 12 वर्षीय किशोर सनी का हाथ साफ्ट में फंस गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस चौकी देवगांव क्षेत्र के सुरती गांव निवासी सोहराब पुत्र सिराज अपने दरवाजे के पास ट्रैक्टर संचालित तेल कोल्हू से सरसों की पेराई कर रहा था। इस दौरान खली कोल्हू में फंस गई। जिसे गांव का ही सनी पुत्र हीरालाल निकाल रहा था, तभी तेल कोल्हू में उसका बायां हाथ फंस गया। बच्चों के शोर मचाने पर जब तक सोहराब ने ट्रैक्टर बंद किया, तब तक सनी की मौत हो चुकी थी। लोगों ने बताया कि मृतक सनी सोहराब के साथ ही रहता था और तेल की पेराई करने में सहयोग करता था। सनी के पिता हीरालाल की मौत हो चुकी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह, उपनिरीक्षक कमलेश साहनी सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### कृषि विवि को मिली एनसीसी फुल कंपनी की मान्यता



कृषि विवि में कर्नल का स्वागत करते एनसीसी अधिकारी।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में एनसीसी के संचालन के लिए फुल कंपनी की मान्यता मिल गई है। एनसीसी के 65वीं बटालियन के कमान अधिकारी एवं कर्नल मनोज कुमार सिंह ने कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह से मुलाकात की। कर्नल ने कुलपति से मिलकर विश्वविद्यालय में सफलतापूर्ण ढंग से एनसीसी के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कुलपति ने बताया कि पहले एनसीसी संचालन की हाफ कंपनी होने के कारण कुल 80 छात्र-छात्राएं ही एनसीसी का हिस्सा बन सके थे लेकिन फुल कंपनी की मान्यता होने पर अब 80 और छात्र-छात्राएं इससे जुड़ सकेंगे। कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे कर्नल मनोज कुमार सिंह ने परिसर स्थित फायरिंग रेंज एवं एनसीसी कार्यालय का भ्रमण किया। एनसीसी अधिकारी डॉ नवीन कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया।

### एसडीएम को लेकर हड़ताल जारी, वकीलों ने किया हंगामा

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी द्वारा वार्ता न करने पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने हंगामा किया। बैठक कर शनिवार को सभी न्यायालयों के बहिष्कार की बात कही है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम से शुक्रवार दोपहर वार्ता करना चाहा किंतु वार्ता नहीं हुई। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की और जमकर हंगामा काटा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद, मंत्री ब्रह्मानंद मिश्रा, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अवधेश प्रताप पांडेय, पूर्व अध्यक्ष लालमणि पांडेय, ओमप्रकाश तिवारी, प्रमोद शर्मा, तुलसीराम तिवारी, श्याम मनोहर पांडेय, बैजनाथ, मोहम्मद इसहाक, मोइनुद्दीन, बैजनाथ तिवारी, विजय, सदानंद पाठक, अवधराम यादव आदि मौजूद रहे।

### इम्प्लाइज यूनियन की मांग, तय हो वार्ता की तिथि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यूपी रोडवेज़ इम्पलाइज यूनियन ने परिवहन निगम प्रबंधन पर कर्मियों की समस्याओं के निराकरण में हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक से द्विपक्षीय वार्ता की तिथि तय करने की मांग की है। यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री अयोध्या क्षेत्र राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की ओर से शुक्रवार को क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि देखने में आ रहा है कि इस क्षेत्र में निगम मुख्यालय के आदेशों-निर्देशों का पालन नहीं हो पा रहा है। प्रबंधन की ओर से कर्मचारी के सेवानिवृत्त के दो दिन पूर्व वेतन को त्रुटिपूर्ण बताकर संशोधित वेतन निर्धारण किया जा रहा है, जबकि संबंधित कर्मी को कई वर्षों से वही वेतन मिल रहा है। 18 जनवरी को दिए गए मांग पत्र भी अभी सम्यक कार्रवाई और अनुपालन नहीं हुआ, ऐसे ही कर्मियों की कई अन्य समस्याएं हैं। निगम एवं कर्मचारी हित से जुड़े ऐसे अनेक मामलों का निस्तारण द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से कराये जाने की आवश्यकता है। जिसके लिए वार्ता की तिथि तय की जाय।

### नर्स ने चार के विरुद्ध दर्ज कराई धमकी और रंगदारी की रिपोर्ट

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सीएचसी मसौधा की एक नर्स ने चार लोगों के विरुद्ध धमकी और रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में नर्स अंकिता राय ने कहा है कि मो. जसीम, राम पुकार यादव, सोनू, लव पाण्डेय मोबाइल फोन करके धमकाते थे कि तुम्हारे खिलाफ कई शिकायतें हैं। यह भी आरोप है कि चारों युवकों ने सीएचसी मसौधा पर पहुंचकर रंगदारी भी मांगी है। पुलिस ने तहरीर को संज्ञान में लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी रतन कुमार ने बताया अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

### नवागत सीडीओ ऋषिराज ने संभाला कार्यभार



नवागत सीडीओ का स्वागत करते विकास भवन के अधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या के नवागत मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह का शुक्रवार को अयोध्या पहुंचने पर स्वागत किया गया। नवागत सीडीओ ऋषिराज शुक्रवार को विकास भवन पहुंचे। विकास भवन में उनका विकास भवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुके देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्नाव जनपद में सीडीओ रहे ऋषिराज ने शुक्रवार को जनपद पहुंचकर कार्यभार संभाला। इसके पूर्व यहां सीडीओ रहीं अनीता यादव का तबादला यूपी सीडा में एसीईओ के पद पर हुआ है। नवागत सीडीओ ऋषिराज ने अराजकता व कार्य में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

### पूर्व प्रधानाचार्य राजेश सिंह का निधन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज अमानीगंज के पूर्व प्रधानाचार्य 55 वर्षीय राजेश सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके छोटे भाई अजय सिंह ने बताया कि राजेश पिछले कई माह से गुर्दे के संक्रमण से पीड़ित थे और उनका निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। चंदौरा निवासी राजेश के निधन से शिक्षकों में शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव चंदौरा में शनिवार को होगा।

## साइकिल सवार को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** रौजागांव चीनी मिल गेट के सामने साइकिल से घर जा रहे युवक को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल साइकिल सवार की सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते मौत हो गई। घायल बाइक सवार को हायर सेंटर लखनऊ भेजा गया है। थाना पटरंगा के ग्राम पनाई का पुरवा मजरे जरायल खुर्द निवासी राम सफल उम्र 32 वर्ष पुत्र राम अवध रावत अपने घर अयोध्या लखनऊ हाईवे लेन पर साइकिल से जा रहे थे। मिल गेट के निकट गोरखपुर से परीक्षा देकर बाइक से लखनऊ अपने घर जा रहे युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया। राम सफल का निधन जिला अस्पताल ले जाते समय हो गया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ज्ञानवापी मामला : जुमे पर पुलिस अलर्ट, सब रहा सामान्य

अयोध्या कार्यालय



शुक्रवार को टाटशाह मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल।



टाटशाह मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

- अंजुमन इंतजामिया मस्जिद वाराणसी ने की थी अपील, शहर में मुस्लिमों ने खुली रखी दुकानें

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी मामले को लेकर जुमे पर यहां भी पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि इन सबके बीच यहां हमेशा की तरह मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समाज की ओर से स्थानीय स्तर पर किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। मुस्लिमों ने यहां अपनी-अपनी दुकानें भी खुली रखी और दिनचर्या पूरी तरह सामान्य रही।

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में बीते दिनों दक्षिणी तहखाने में पूजा - पाठ की अनुमति के बाद आज पहला शुक्रवार पड़ा। इसे लेकर पूरे प्रदेश के साथ अयोध्या फैजाबाद जुड़वा शहरों में भी पुलिस बल सतर्क रहा। सुबह दस बजे से ही मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात हो गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी थानों और कोतवाली की फोर्स अपने अपने इलाके में भ्रमणशील रही। नगर की जामा मस्जिद टाटशाह, सब्जी मंडी मस्जिद, इमामबाड़ा स्थित जामा मस्जिद समेत अन्य क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों के बाहर कड़ी चौकसी रही। हमेशा की तरह शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। हालांकि कड़ी सुरक्षा को देख लोग चौंकते रहे। मीडिया कर्मी भी जुटे लेकिन किसी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बता दें कि अंजुमन इंतजामिया कमेटी वाराणसी की ओर एक पत्र जारी कर खासकर वाराणसी और अन्य जिलों में ज्ञानवापी मामले पर बेहद शांतिपूर्ण ढंग से दुआओं आदि की अपील की गई थी। अम्नो अमान के साथ नमाज अदा करने के साथ शादी ब्याह आदि सादगी से करने की अपील की गई थी। हालांकि यहां नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सब कुछ बिल्कुल सामान्य रहा। टाटशाह मस्जिद के मीडिया प्रभारी फजल अहमद ने बताया कि कहीं कोई विरोध आदि नहीं किया गया।

**तैयारी** एक्शन में आए सीएमएस, सोमवार से अमल में आएगा आदेश

# अस्पताल में पान-मसाला खाकर आने वालों की खैर नहीं

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब पान-मसाला खाकर प्रवेश करने वाले मरीज व तीमारदारों की खैर नहीं है। ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा। वे ऐसे लोगों को मुंह धुलवाकर ही अंदर जाने देंगे। अगर कोई परिसर के अंदर पान-मसाला चबाता मिला तो रसीद काटकर उससे फाइन वसूला जाएगा।

रिकाबगंज स्थित 212 बेड के जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 800 से 1000 के करीब मरीज पहुंचते हैं। अक्सर देखा जाता है लोग कहीं भी थूक देते हैं। इसे लेकर सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने परिसर को नशा मुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक किसी को भी अस्पताल परिसर में पान-मसाला चबाने की अनुमति नहीं है। सीएमएस ने बताया कि इस आदेश का पालन अस्पताल के चिकित्सक व कर्मियों को भी करना होगा। अगर कोई भी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि सोमवार से आदेश को अमल में लाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि अभी फाइन लगाने की राशि तय नहीं की गई है।

### नशाखोरों की कराई जाएगी काउंसिलिंग

सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि नशा समाज को खोखला करता जा रहा है। हमारी कोशिश यह ही नहीं है कि सिर्फ उनसे जुर्माना वसूला जाए, बल्कि हम लोग उनकी काउंसिलिंग भी कराएंगे। मनोरोग चिकित्सक से बात कर इस पर विचार किया जा रहा है।

### वार्डों को किया परिवर्तित

सीएमएस ने न्यू इमरजेंसी वार्ड को पुरुष सर्जिकल वार्ड बनाने का निर्देश दिया है। जनरल वार्ड को फीमेल सर्जिकल व आर्थो वार्ड बनाने व मेल सर्जिकल वार्ड को पूर्ण रूप से इमरजेंसी वार्ड बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि 24 घंटे के बाद समस्त इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों को संबंधित वार्ड में शिफ्ट किया जाए।

### बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश

प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार संभालते ही डॉ. एनपी गुप्ता रोजाना चिकित्सकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। परिसर की साफ-सफाई से लेकर मरीजों की देखरेख तक के लिए मातहतों को निर्देश दे रहे हैं। फार्मासिस्टों व चिकित्सकों से बाहर की दवाएं न लिखने की हिदायत दी है। दलालों पर कार्रवाई के लिए सघन अभियान चलाने की भी बात कही है।

## कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पर अश्लील हरकत और धमकी की रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** अदालत के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने सहादतगंज कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ अश्लील हरकत गाली गलौज तथा धमकी की धारा में रिपोर्ट पंजीकृत की है। यह रिपोर्ट विद्यालय की ही दलित सहायक अध्यापिका ने दर्ज कराया है। शिकायत में नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी दलित वर्ग की सहायक शिक्षिका का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक चरण आधार मौर्य की ओर से काफी दिनों से छात्राओं तथा उनके साथ अश्लील हरकत की जा रही है। किसी न किसी बहाने उसको जबरदस्ती अपने पास बुलाते हैं और प्रताड़ित करते हैं। वर्ष 2017 में भी इनके खिलाफ शिकायत की थी तो दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ था लेकिन आदतें नहीं सुधरी। 24 जनवरी को प्रधानाध्यापक ने हाजिरी रजिस्टर देने से मना कर दिया और कहा कि जैसा वह चाहेंगे वैसा करना पड़ेगा तभी नौकरी चल पाएगी नहीं तो नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। प्रतिवाद करने पर उसकी जाति सूचक गालियां दी गई। मामले की शिकायत थाना पुलिस से लेकर अधिकारियों तक की लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर अदालत का सहारा लेना पड़ा। मामले में अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की अदालत के आदेश पर कैंट पुलिस ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या।** थाना महाराजगंज अंतर्गत दुगार्पुर रमपुरवा के पास शुक्रवार शाम एक अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि किसान एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांचकर्ता उपनिरीक्षक रनजीत सिंह ने बताया कि मृतक जींस व गोल गले की आसमानी टी-शर्ट पहने हुए हैं। मृतक की पहचान कराई जा रही है। ट्रेन से गिरने के कारण मृतक का आधा चेहरा, हाथ व पैर विकृत हो गया है।

### स्नातक व परास्नातक की परीक्षा सकुशल संपन्न

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी परास्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हुई। वहीं एनईपी स्नातक परीक्षा 14 फरवरी को होगी। विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के द्वितीय एवं तृतीय पाली की परीक्षा में 4477 परीक्षार्थी शामिल रहे। जिनमें 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें 2662 छात्र व 1815 छात्राएं रहीं। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि इस परीक्षा में 4477 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# चौड़ा होगा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार, लगेगी लिफ्ट

## 30 फीट निकास द्वार चौड़ीकरण का कार्य शुरू, पांच एलसीडी भी लगाने की तैयारी

अयोध्या कार्यालय

### श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन की पहल



चौड़ा किया जा रहा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार। अमृत विचार


हनुमान गढ़ी पर श्रद्धालुओं के लिए निर्माणाधीन लिफ्ट।

**अमृत विचार :** भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तेजी से बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर अब विश्वप्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी नए सिरे से व्यवस्था शुरू कर दी गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को व्यापक रूप देने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत मुख्य निकास द्वार को तीस फिट चौड़ा करने के साथ दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाने की तैयारी की जा रही है।

केवल इतना ही नहीं श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हों इसके लिए मंदिर परिसर में पांच बड़े एलसीडी स्क्रीन भी लगवाए जाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा रेलिंग भी लगवाई जाएगी जिससे यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना भी न करना पड़े। बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में तेजी से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। विभिन्न प्रांतों से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं जो हनुमंत लला के दरबार में भी श्रद्धा निवेदित करने आ रहे हैं। इसे देखते हुए ही हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन की ओर से निकास द्वार को 30 फीट चौड़ा करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा भविष्य में लोगों को सीढ़ियों से आने में दिक्कत होने पर सुविधा के लिए दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट भी लगवाई जा रही है। मंदिर प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में यह कार्य शुरू कर दिए गए हैं भविष्य में जैसी आवश्यकता होगी व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।


10 व्यक्ति की क्षमता वाली लिफ्ट निमार्णाधीन है। निर्माण कार्य एक माह में पूरा हो जाएगा। सुलभता से दर्शन कराने के लिए बड़े स्क्रीन वाला एलसीडी लगेगी। श्रद्धालु भारी भीड़ में टीवी के माध्यम से ही दर्शन कर सकते है। रेलिंग लगने से लाइन लगाकर सुलभता से दर्शन कराया जाएगा। मुख्य निकास द्वार चौड़ा किया जा रहा है। - **डॉ. महेश दास. मुख्य शिष्य, गद्दीनशीन, मुख्य महंत प्रेमदास**


मंदिर पर सारी सुविधा आधुनिक तरह से की जा रही है। मंदिर प्रशासन की ओर से यह सराहनीय पहल है। इससे स्थानीय दुकानदारों को लाभ होगा। - **नंदलाल गुप्ता, अध्यक्ष, हलवाई समाज**


यह सभी कार्य दर्शनार्थियों के लिए हो रहा है। एक्सीलेटर या लिफ्ट लगने से बुजुर्ग यात्री को ज्यादा सुविधा मिलेगी। हम इसका स्वागत करते हैं। - **जितेंद्र गुप्ता, लड्डू प्रसाद विक्रेता**

## बादल छाने, पांच व छह को बारिश की संभावना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनपद में अगले पांच दिन तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना जताई गई है। शनिवार से ही बादल छाए रहने, पांच व छह फरवरी को बारिश के आसार ल दिख रहे हैं। मौसम में बड़ा उलटफेर होने के साथ ही तेज गति हवाओं के चलने का अंदेशा जताया गया है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी अगर सच हुई तो निश्चित एक बार फिर से ठंड लौट आएगी। इधर, एक हफ्ते से सवेरे ही सूर्य देव की लालिमा आसमान में छा जाती है। दिन में चटक धूप होने के कारण अमूमन लोग छतों पर आ जाते हैं। यही नहीं फुल स्वेटर व जैकेट पहनने से भी अब लोग परहेज करने लगे हैं, लेकिन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम विभाग ने पांच दिन के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के मुताबिक तीन, चार व सात फरवरी को हल्के बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि पांच व छह फरवरी को हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ-साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहा।

**मौसम विभाग ने तीन से सात फरवरी तक बदलाव का जताया अंदेशा**

# एएसपी ने किया पीआरवी समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण



पीआरवी और उसके साजो सामान का निरीक्षण करते एएसपी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस विभाग के जवानों और व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार की बड़ी परेड में प्रशिक्षु आईपीएस एएसपी ने पीआरवी समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही टोली वार ड्रिल कराई और परेड की सलामी ली।

शुक्रवार को पुलिस लाइन पर आयोजित बड़ी परेड में सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने परेड कराई और परेड की सलामी ली। सलामी लेने के बाद उन्होंने पुलिस बल की दौड़ कराई और टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण किया तथा परेड ड्रिल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पुलिस लाइन ग्राउंड पर ही आए विभिन्न थानों और यूपी 112 के पीआरवी वाहनों तथा उसमें मौजूद संसाधनों का निरीक्षण किया। वहीं सभी को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव की हिदायत दी। उधर परेड के बाद सहायक पुलिस अधीक्षक ने कैण्टीन, जिला नियंत्रण कक्ष, भोजनालय, बैरिक, स्टोर, क्वार्टर गार्द, गैस गोदाम आदि का निरीक्षण किया और रजिस्टर के रख रखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान राजपत्रित अधिकारी, थाना व कोतवाली प्रभारी समेत विभिन्न शाखाओं के जवान व अधिकारी मौजूद रहे।

## कोहरे ने फ्लाइट और ट्रेन की रफ्तार पर लगाई ब्रेक

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार :** भले ही अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ानों की झड़ी लग गई हो, लेकिन कोहरे ने उनकी रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। आलम यह है कि दो से ढाई घंटे तक फ्लाइट देर से उड़ान भर रही है। अमूमन ट्रेनों का भी यही हाल रहा। बेशक अयोध्या में मौसम खुला है, लेकिन दिल्ली समेत कई बड़े महानगरों में अभी भी कोहरा खत्म नहीं हुआ है। इस कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट के सभी साधनों पर इसका असर देखा जा रहा है। शुक्रवार को अयोध्या एयरपोर्ट से 12 विमानों ने उड़ान भरी, जिसमें पांच स्पाइस जेट, तीन इंडिगो व चार एयर इंडिया की फ्लाइट शामिल रहीं। सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली स्पाइट जेट की पहली फ्लाइट 10 बजकर 20 मिनट पर टेक ऑफ हुई। इसके बाद स्पाइस जेट की ही बंगलुरु, मुंबई, अहमदाबाद व दिल्ली जाने वाली फ्लाइट भी देरी से ही पहुंचीं व रवाना हुरइं। दिल्ली जाने के लिए एयर इंडिया और मुंबई जाने के लिए इंडिगो की फ्लाइट ने समय से उड़ान भरी।

**सबसे देर में पहुंची कोटा पटना एक्सप्रेस :** उत्तर भारत में पड़ रहे कोहरे का असर ट्रेनों पर भी दिख रहा है। शुक्रवार को कोटा-पटना एक्सप्रेस सबसे अधिक लेट रही। यह तीन घंटे 45 मिनट की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंची। इसके अलावा 13484 तीन घंटे, 14017 ढाई घंटे, 13010 डेढ़ घंटे, 13308 30 मिनट की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंची।

# हरियाणा और हिमाचल रोडवेज अयोध्या के लिए चलाएगा बसें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश के अन्य प्रांतों ने भी अयोध्या की ओर निगाह केन्द्रित की है। उत्तराखंड सरकार की ओर से रोडवेज बसों का संचालन कराया जा रहा है, वहीं हरियाणा और हिमाचल रोडवेज ने अयोध्या के लिए बसों के संचालन की कवायद शुरू कर दी है। हरियाणा रोडवेज के परिवहन अधिकारियों का दल जनपद का दौरा कर चुका है, जबकि हिमाचल रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने दूरभाष पर वार्ता की है। दोनों ने अपने यहां की रोडवेज बसों के अंतर राज्यीय संचालन के लिए आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुख्यालय से पत्राचार शुरू किया है।

अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि हरियाणा रोडवेज के अधिकारी आए थे और हिमाचल रोडवेज के अधिकारी ने मोबाइल पर बात की है। अंतरराज्यीय रोडवेज बस सेवा के संचालन के लिए संबंधित दोनों राज्यों के बीच समझौता होना चाहिए, जिसको लेकर मुख्यालय से संपर्क करने का सुझाव दिया गया है।

**हरियाणा का गुरुग्राम डिपो चलाएगा सीधी बस :** हरियाणा के गुरुग्राम डिपो ने यात्रियों की मांग को देखते हुए अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा की योजना बनाई है। प्रस्तावित सेवा गुरुग्राम से सुबह 4:00 बजे अयोध्या के लिए और अगले दिन सुबह 5:00 बजे अयोध्या से गुरुग्राम के लिए चलेगी। फरीदाबाद व सोनीपत डिपो से भी बसों के संचालन की घोषणा की गई है। गुरुग्राम से सोहना, पलवल, कोसी, मथुरा, आगरा व लखनऊ के रास्ते अयोध्या आने वाली इस बस का प्रति यात्री किराया 990 रुपए तय किया गया है। इस बाबत डिपो के महा प्रबंधक प्रदीप कुमार अहलावत ने पत्राचार किया है।

### पंचकूला डिपो से चलेगी श्रीराम जन्मभूमि एक्सप्रेस बस

हरियाणा राज्य परिवहन का पंचकूला डिपो अयोध्य के लिए श्री राम जन्म भूमि एक्सप्रेस बस सेवा आरंभ कर रहा है। जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को पंचकूला से सुबह 10 :30 बजे रवाना होकर दिल्ली वाया अम्बालाकैन्ट, करनाल, पानीपत, सराय-कालेखां, फरीदाबाद, पलवल, मथुरा, आगरा, लखनऊ होकर सुबह 6 :00 बजे अयोध्या पहुंचेगी। जबकि दोपहर 2 :00 बजे अयोध्या से वापस रवाना होगी और किराया 1300 रुपए तय किया गया है।

### हिमाचल का हमीरपुर क्षेत्र भी चलाएगा रोडवेज बस

हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के हमीरपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक ने अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को फोन किया है। फोन पर हिमाचल से यूपी में अंतरराज्यीय रोडवेज बस सेवा के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी ली है। साथ ही एआरएम से समय आवंटन की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### जिले की 994 कोटे की दुकानों पर लगेगी ई-पास मशीन



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कोटे की दुकानों पर घटतौली को रोकने के लिए जल्द ही जिले की 994 दुकानों पर ई-पास मशीनें लगाई जाएंगी। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से लिंक ई-पास मशीनों की स्थापना के लिए चयनित संस्था को शीघ्र ही जनपद में मशीनों की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में उचित दर की दुकानों में मशीनों की स्थापना के संबंध में बैठक हुई। जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं को प्रशिक्षित कर नियमानुसार उन्हें मशीनें उपलब्ध करायी जाएंगी। जिलाधिकारी ने जनपद में शासन द्वारा प्राप्त मॉडल शॉप उचित दर के दुकानों के लक्ष्य (75) के सापेक्ष प्रगति की भी समीक्षा की। बृजेश मिश्र ने बताया कि 103 ग्राम पंचायतों में भूमि का चयन पूर्ण है, जिसमें से 8 मॉडल शॉप का कार्य पूर्ण है। 29 पर कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अन्य स्थानों पर भी मॉडल शॉप के निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने तथा तीव्र गति से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### जेबीए प्रदर्शनी में छात्रों ने दर्शायी उत्कृष्ट प्रतिभा


बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जेबी अकादमी में शुक्रवार को कनिष्ठ वर्ग के छात्रों की समेकित परियोजना व कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी हुई। चमेली, विद्यालय प्रांगण में वृक्ष, आवारा पशु संरक्षण, श्री अन्न, पंचमुखी मंदिर, कंपनी गार्डेन, अयोध्या का पर्यटन उद्योग आदि विषयों पर चार्ट व प्रतिरूपों से छात्रों ने बौद्धिक क्षमता का परिचय दिय और। परियोजना विषयक कविता, कहानी व रोचक तथ्य प्रस्तुत किए। नौवीं कक्षा का आपदा-प्रबंधन विषय पर भूकंप, बाढ़, ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, भूस्खलन, समुद्री जलप्रलय, सूखा, भूकंप अलार्म, मोटे अनाज से निर्मित खाद्य सहित नव निर्मित राम मंदिर, के प्रतिरूप आकर्षक रहे। आत्म प्रकाश, अलका वर्मा, आरपी चौबे, विजय सिंह, योगेंद्र, संतलाल, अवधेश शुक्ल, प्रज्ञा मिश्रा, ऐश्वर्या श्रीवास्तव निर्णायक रहीं। जेबीएनएसएस उपनिदेशक अनुजा श्रीवास्तव, उपनिदेशक प्रशासन दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य वीके जोशी, अभिभावकों व शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों को प्रोत्साहित किया। कनिष्ठ समन्वयक साधना तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक देवेश मनूचा व शुभम तिवारी आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

### लड़के ने बैग से पार कर दिया 12 हजार, एक गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ चोरी की घटनाएं भी बढ़ गई है। राम की पैड़ी पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं के एक जत्थे का चोरों ने 12 हजार रुपये पार कर दिया। श्रद्धालुओं ने संदिग्ध बुजुर्ग को पकड़ पुलिस के हवाले किया है। लखनऊ के अमीनाबाद स्थित अस्तबल चारबाग मौलवीगंज खटिकाना निवासी तिलक सोनकर का कहना है कि वह मोहल्ले के ही जानू सोनकर, सिमांकु, सुमित, छोटू, अमित व गोलू के साथ अयोध्या दर्शन पूजन को आया था। सभी लोग कपड़ा उतार कर राम की पैड़ी पर स्नान कर रहे थे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने उनके कपड़े वाले बाग के पास चादर तानी और उसके साथ मौजूद एक छोटे लड़के ने बैग की चैन खोलकर जींस की पैंट में रखा 12000 रुपये पार कर दिया। उनका कहना है कि वह स्नान के लिए उतरते समय चोटहिल हो गए थे, अचानक नजर पड़ी तो मौके पर पहुंचे और संदेह होने पर बुजुर्ग को पकड़ लिया। पकड़े गए बुजुर्ग ने अपना नाम पता राम रंग बरवार निवासी कौरहे थाना मोतीगंज जिला गोंडा बताया है। उसने चोरी की वारदात काबुल की है और बताया कि यह वारदात उसके मौसी के लड़के ने अंजाम दी है। मामले में जानू सोनकर की ओर से चोरी और बरामदगी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस में बुजुर्ग के पास से कुल एक हजार 10 रुपए बरामद किया है।

### अब पुरानी पेंशन के लिए लखनऊ कूच करेंगे हजारों शिक्षक


डॉ. अनिल चौरसिया


सुनील प्रियदर्शी


विजय प्रताप, जिलाध्यक्ष

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली के लिए कई वर्षों से संघर्षरत अटेवा पेंशन बचाओ मंच लखनऊ की अंबेडकर पार्क गोमती नगर में रन फॉर ओपीस का कार्यक्रम चार फरवरी को आयोजित है। जिसमे जिले के हजारों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। शिक्षकों को लखनऊ ले जाने के लिए जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिल चौरसिया और संगठन मंत्री सुनील प्रियदर्शी को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। शिक्षकों और कर्मचारियों की पेंशन बहाली के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच जिले में पिछले दिनों ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग रखी थी। जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि चार फरवरी को विजय बंधु के नेतृत्व में रैली शिक्षकों कर्मचारियों के द्वारा लखनऊ के विभिन्न चौराहों से होकर अंबेडकर पार्क में होगी। महामंत्री उमाशंकर शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा का संघर्ष सतत जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी ने कहा जिला और ब्लॉक के सभी पदाधिकारी अपने-अपने ब्लॉकों से रविवार को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए शिक्षकों को लेकर लखनऊ रवाना होंगे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिल चौरसिया और सुनील प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# सोहावल तहसील को मिले 12 नए लेखपाल, जिनमें आठ महिलाएं

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** सोहावल तहसील में लेखपालों की कमी खत्म होने की उम्मीद जाग उठी है। यहां 12 नए लेखपालों की नियुक्ति की गई है जिसमें 8 महिलाएं हैं। शुक्रवार को इनकी सूची तहसील पहुंच गई है। सोमवार तक इनके कार्यभार ग्रहण करने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिले में पहुंची लेखपालों की खेप में से 12 लेखपालों की नियुक्ति सोहावल में हुई है। जिसे लेकर अब इनकी संख्या तहसील में 33 तक जा पहुंची है। लगभग छह महीने से तहसील राजस्व लेखपालों से लगभग खाली हो चुकी थी। एक लेखपाल के जिम्मे आधा दर्जन से ज्यादा ग्राम पंचायत थीं। शासन से आने वाले दिशा निर्देशों को भी समय से पालन कराने में प्रशासनिक अधिकारियों को पसीना आ रहा था। बता दें कि तहसील से आधा छह से ज्यादा लेखपाल राजस्व निरीक्षक बनकर चले गए थे इतने ही अन्य तहसीलों को स्थानांतरित कर दिए गए थे। नए लेखपालों की तहसील में आमद हो जाने से सरकारी कार्य में तो तेजी आएगी ही आम आदमी से जुड़े कार्य को भी रफ्तार मिलेगी। तहसीलदार विनोद चौधरी ने बताया 12 लेखपालों की नियुक्ति नए सिरे से हुई है। सोमवार तक उनकी आमद तहसील मुख्यालय पर हो जाएगी।

### तहसील पहुंचे नए लेखपाल


यहां नियुक्ति पाने वाले लेखपालों में शिवानी मालवीय, शिवानी, अंजलि, गरिमा सिंह, अलका गुप्ता, पारुल सिंह, मोनिका कुमारी, अर्चना यादव, रोशनी गुप्ता, रजनीश सिंह, उत्कर्षदीप और सुभाष चंद्र, सूरज कुमार शामिल हैं।

## एसडीएम को दी विदाई पदोन्नति पर जताया हर्ष


उप जिलाधिकारी को विदाई देते लेखपाल संघ के अध्यक्ष।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील के एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव को यहां भावभीनी विदाई देते हुए उनकी अपर जिला अधिकारी पद पर पदोन्नति पर हर्ष जताया गया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कहा कि तत्कालीन एसडीएम के कार्यकाल में भरत द्वार, गरुड़ द्वार निर्मित हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे कार्यकाल के दौरान न केवल सोहावल वरन तहसील का भी लुक बदला है। बता दें कि एसडीएम मनोज कुमार बांदा के अपर जिला अधिकारी बनाए गए हैं। इस मौके पर लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष सुभाष पांडेय, मंत्री तरुण मिश्रा, हौसला प्रसाद, आदर्श, विजय सहित तमाम लेखपाल और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंचायतों में काम, मनरेगा मजदूरों को नहीं मिला दाम

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** रुदौली विकासखंड क्षेत्र की सभी 89 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य चलने के दावों के बीच मनरेगा मजदूर संकट में हैं। अधिकतर पंचायतों में काम करने वाले मनरेगा मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। इसके चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता ने बताया सभी ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराए गए है। अमृत सरोवर के 25 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके है। 55 प्रतिशत सरोवर का निर्माण चल रहा है। विकास खंड के 10 ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन का कार्य चल रहा है। विकास कार्यों की धनराशि डंप नहीं है।



### मनरेगा मजदूरों ने की भुगतान न मिलने की शिकायत

ग्राम के जखौली के मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की है। यहां के जंगीपुरवा निवासी प्रमोद कुमार, शीतलदान सिंह और जितेंद्र कुमार ने शिकायती पत्र में कहा है कि 21 माह पहले 21 ट्रॉली मिट्टी डालकर सड़क की पटाई की गई गई। मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं मिल सका है। आरोप है कि पटाई में मजदूरी न करने वाले गांव के आठ लोगों को भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने इनके बैंक खातों में 26 हजार का भुगतान कर दिया। खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता ने बताया शिकायत मिली है। जांच कराने के बाद ही सही स्थित आएगी। मजदूरी करने वाले मजदूरों का भुगतान हर हाल में कराया जाएगा। इसी तरह की स्थिति अन्य पंचायतों में भी है।

# सपा संस्थापक के बेहद खास रहे धनेठी गांव वाले जगजीवन प्रसाद

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी और लंबे समय तक उनके निजी सचिव रहे जगजीवन प्रसाद मिल्कीपुर के धनेठी गांव के मूल निवासी थे। अपने संघर्ष और समर्पण की बदौलत उन्होंने समाजवादी पार्टी में मुकाम हासिल कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ओएसडी के दायित्वों का भी निर्वहन किया। उनके निधन की खबर मिलते ही पैतृक गांव में शोक छा गया है।


जगजीवन प्रसाद (फाइल फोटो)

मिल्कीपुर तहसील के ग्राम सराय धनेठी पूरे पाण्डेय में जन्मे जगजीवन प्रसाद गुप्ता दस संतानों के पिता हैं। जगजीवन बाबू आजीवन मुलायम परिवार के खासमखास रहे। इनका जन्म पांच जून 1955 को हुआ था। जगजीवन की इंटर तक की पढ़ाई लिखाई गांव में ही हुई थी। उसके बाद उन्होंने स्नातक और परास्नातक की परीक्षा पास की। इसके साथ ही उन्होंने विधि स्नातक की भी डिग्री ली थी। जगजीवन के सात बेटियां बड़ी बेटी किरण, फिर सुमन, रेनू, चंद्रकांता, सौम्या, प्रियंका और सबसे छोटी बेटी अंशु है। इनके तीन बेटे भी हैं। जिनमें कृष्ण मुरारी सबसे बड़े और श्याम मुरारी मंझले तथा मोहन मुरारी छोटे पुत्र हैं। शुक्रवार को उनका लखनऊ गोमती नदी के भैंसाकुंड घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे कृष्ण मुरारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। समाजवादी पार्टी की स्थापना से पूर्व जनता दल के जमाने से ही जगजीवन प्रसाद मुलायम सिंह यादव के खास सिपहसालारों में से एक थे। जब प्रदेश में मुलायम सिंह की सरकार बनी तो जगजीवन उनके निजी सचिव बने। मुलायम सिंह ने इन्हें वर्ष 2016 में विधान परिषद सदस्य बनाया। गांव में राजकुमारी महिला महाविद्यालय की स्थापना 20 साल पहले करवाई थी। धनेठी पूरे पांडे में उन्हें श्रद्धांजलि देने वाले पहुंच रहे हैं। गांव के पूर्व प्रधान चंद्रेश सिंह ने बताया कि गांव में उनके सभी लोगों से बड़ा मिलनसार व्यवहार रहता था।


लखनऊ पहुंच दिवंगत को श्रद्धांजलि देते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के ओएसडी के निधन पर पार्टी शोकाकुल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ओएसडी रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन बाबू के निधन पर समाजवादी पार्टी कि नेताओं कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सपा मुखिया के काफी करीबी रहे जग जीवन बाबू के निधन पर पार्टी शोकाकुल है। अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, विधायक अभय सिंह, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा सहित काफी संख्या में पार्टी के नेताओं ने लखनऊ जाकर उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, दान बहादुर सिंह आदि ने गहरा शोक जताते हुए अपूरणीय क्षति बताया है।

## सीसीटीवी की निगरानी में होंगे परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रुम

**अयोध्या कार्यालय।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षा को लेकर शासन सख्त है। परीक्षा केंद्र संचालकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह स्ट्रांग रूम में बिजली एवं इन्वर्टर की पूरी व्यवस्था रखें। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भी केंद्रों को निर्देश दिए जा रहे हैं। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम बनाए जाएंगे। इन्हें स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके साथ में इन स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी निगरानी के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्ट्रांग रूम के कैमरों को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि स्ट्रांग रूम में होने वाली हर गतिविधि कैमरों में कैद रहे।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
आप सभी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में 6 लोगों पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** पीड़ित की तहरीर पर 6 महिला-पुरुष के विरुद्ध तोड़फोड़ समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर भुसौली गांव निवासी किसान राजाराम पाल का है। बता दें कि बीते कई वर्षो से मुख्यमंत्री दरबार समेत अन्य सभी अधिकारियों का चक्कर लगाने के बाद पीड़ित किसान की खतौनी पर बीते दिनों राजस्व विभाग ने खूंटा का निशान देही लगाकर कब्जा दिलाया था। बीते गुरुवार को बिपक्षी प्रेम शिला यादव, विजय यादव, अजय यादव, अंगूरा देवी, राम जीत और शुभम आदि ने किसान के परिजनों को अपमानित करते हुए खूंटा उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित किसान राजाराम की तहरीर पर पुलिस ने उक्त छह आरोपियों के विरुद्ध तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मौजा इस्माइलपुर का है। पीड़िता ज्ञानमती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 1 फरवरी शाम 7 बजे बच्चों के खेलने के बात को लेकर मेरी जेठानी गीता ने मेरे पुत्र अंकुर उम्र 10 वर्ष को जान से मारने की नियत से कहा की आज मैं तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगी। जिसके बाद वह बच्चे का गला दबाने लगी। जिससे बच्चे की सांस रुक गई और वह मूर्छित होकर गिर पड़ा। जिसे गांव के लोगों द्वारा बचाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गीता के खिलाफ हत्या की प्रयास में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

### लेखपाल पर हुई कार्रवाई बनी चर्चा का विषय

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बीते दिवस एंटी करप्शन टीम द्वारा घूसखोर लेखपाल को पकड़े जाने के बाद अब भी लोगों में एंटी करप्शन टीम का भय बना हुआ है। बता दें कि बीते बुधवार को तहसील परिसर मे घूस लेते समय एक लेखपाल रामजस को एंटी करप्शन टीम ने धर दबोचा था। जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया था। इसके बाद शुक्रवार को पूरे दिन तहसील में चर्चा का विषय बना रहा कि आज भी टीम यहां मौजूद है, जो लोगों की जुबान पर रही। लोगों में चर्चा है कि अभी भी कुछ लोग एंटी करप्शन टीम के रडार पर हैं, जिन्हें जल्द ही यह टीम गिरफ्तार कर सकती है।

### अवैध शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल अभिषेक तिवारी ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त विशाल पुत्र वकील निवासी दयागांव थाना दयागांव जनपद आजमगढ़ के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं कांस्टेबल अमित तिवारी ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त निखिल निवासी झोतीपुर थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# परिवार रजिस्टर में फर्जीवाड़ा, सचिव पर मुकदमा दर्ज व लेखपाल निलंबित

## जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी की जांच के बाद फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

**▸▸ राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के लिए लिखा गया पत्र**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर परिवार रजिस्टर नकल में किसी दूसरे परिवार के सदस्य को परिवार रजिस्टर नकल में नाम जोड़कर किया गया लंबा फर्जीवाड़ा की खबर वायरल होने पर मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तत्काल खबर का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव को जांच अधिकारी नामित कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिया।

उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पूरे मामले की जांच किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत नसीराबाद के परिवार रजिस्टर नकल में किसी दूसरे परिवार के सदस्य को परिवार रजिस्टर नकल में नाम जोड़े जाने के फर्जीवाड़े में बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के श्रीराम विलास पुत्र हंसराज का नाम अलग से अंकित किया हुआ प्रतीत हो रहा है। जो कि उत्तर प्रदेश पंचायतराज नियमावली 1970 का उल्लंघन है। जिसके तहत ग्राम पंचायत सचिव ने अपने स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया है कि उनके द्वारा कोई भी नाम का अंकन नहीं किया गया है।

ग्राम पंचायत नसीराबाद के परिवार रजिस्टर में बाहरी व्यक्ति का नाम किस कर्मचारी द्वारा अंकन किया गया है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। जिसके क्रम में वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव पूजा चौरसिया और विगत पांच वर्षों तक के कार्यकाल में तैनात सचिवों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त के संबंध में उप जिलाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए पूजा चौरसिया ग्राम पंचायत सचिव व विगत पांच वर्षों के कार्यकाल में तैनात ग्राम पंचायत सचिव नसीराबाद के खिलाफ धारा 419-20 में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### नाम में भिन्नता से मामले का हुआ खुलासा

ग्राम नसीराबाद परगना विड़हर तहसील टांडा जनपद अंबेडकरनगर की खतौनी फसली वर्ष-1427-1432 के खाता संख्या-145 की गाटा संख्या-319/1.2280 हेक्टेयर और खाता संख्या-88 की गाटा संख्या-380/0.9800 हेक्टेयर पर वरासत का आदेश खतौनी में दर्ज अभिलेख है। जिसमें खाता संख्या-145, 88 पर मृतक भोभल पुत्र पराग के स्थान पर रामविलास यादव पुत्र हंसराज यादव निवासी ग्राम हाफिजपुर लंगड़ी का नाम बतौर वारिस दर्ज हो र.क. 9 जून 2023 का विश्लेषण किया गया। जिसके आधार पर स्पष्ट होता है कि मृतक भोभल पुत्र पराग के स्थान पर रामविलास यादव पुत्र हंसराज यादव निवासी ग्राम हाफिजपुर लंगड़ी अंकित है। मृतक के नाम व रामविलास यादव के पिता के नाम में भिन्नता है। इससे स्पष्ट है कि रामविलास यादव मृतक का पुत्र नहीं है। ऐसी दशा में लेखपाल व राजस्व निरीक्षण द्वारा उक्त प्रकरण को न्यायालय में प्रेषित न कर वरासत कर दी गई है।

### लेखपाल को किया गया संबद्ध

जिसमें अभिषेक यादव लेखपाल नसीराबाद व दिनेश कुमार पांडे राजस्व निरीक्षक क्षेत्र मुंडेरा प्रथम दृश्टया दोषी प्रतीत हैं। जिसके बाद उप जिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित करते हुए तहसील टांडा से संबद्ध किया है। साथ ही साथ संबंधित राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे क्षेत्र मुंडेरा के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की गई। तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से जमीन के वरासत को निरस्त कर न्यायालय में अन्तर्गत धारा 34 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के तहत कार्यवाही करें।

## सात थानाध्यक्ष के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सात थानाध्यक्ष के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक हंसवर रहे बेचू सिंह यादव को हटाकर क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी है। एसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। सम्मनपुर थानाध्यक्ष रहे दीपक रघुवंशी को इब्राहिमपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं निरीक्षक राकेश कुमार को क्राइम ब्रांच से हटाकर प्रभारी निरीक्षक आलापुर बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक हंसवर रहे बेचू सिंह यादव को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। थानाध्यक्ष आलापुर रहे गजेंद्र विक्रम ङ्क्षसह को थानाध्यक्ष अलीगंज बनाया गया है। उपनिरीक्षक सुनील पांडेय को थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर से थानाध्यक्ष हंसवर की जिम्मेदारी दी गई है। राजेसुल्तानपुर थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह को थानाध्यक्ष सम्मनपुर की जिम्मेदारी दी गई है। थानाध्यक्ष विजय तिवारी को थानाध्यक्ष महरूआ से थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर बनाया गया है। थानाध्यक्ष अलीगंज अभय मौर्य को थानाध्यक्ष महरूआ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# यूपीडा ने उपलब्ध कराई 100 करोड़ रुपए की धनराशि

**▸▸ डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश, कहा-कॉरिडोर की स्थापना के लिए किसानों से जमीन क्रय करने में लाएं तेजी**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के पांच ट्रिलियन डॉलर व मुख्यमंत्री के प्रदेश की इकोनॉमी एक ट्रिलियन डॉलर के विजन की ओर बढ़ रही है। जनपद इसी लक्ष्य के प्राप्ति में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व में अपना सहयोग प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने अभी हाल ही में जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास कॉरिडोर जैसे दो प्रमुख प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

बता दें कि जनपद की स्थलीय स्थिति बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से निकट, गोरखपुर, बनारस के बीच में स्थिति और अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की असीम संभावनाएं है। जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास कॉरिडोर की शासन से मंजूरी मिलने के बाद 50 करोड़ रुपए यूपीडा द्वारा प्रदान किए जा चुके हैं। जिससे कॉरिडोर की स्थापना के लिए किसानों से जमीन क्रय किया जा रहा है। इसी क्रम में यूपीडा द्वारा दूसरी किस्त के रूप में 100 करोड रुपए की धनराशि पुनः उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के मंशा के अनुरूप जमीन क्रय करने में तेजी लाएं। जिससे इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा किया जा सके। इस प्रोजेक्ट के निर्माण से जहां जनपद में स्थानीय स्तर के उद्यमियों को उद्योग लगाने में मदद मिलेगी। वहीं प्रदेश और देश के उद्यमी भी जनपद में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। इसके साथ ही जनपद में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। जिससे जनपद का चौमुखी विकास होगा।

# जनपद में शांति पूर्ण ढंग से हुई जुमे की नमाज



टांडा तहसील क्षेत्र में जुमे की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते जिलाधिकारी।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में जुमे की नमाज पर जिला प्रशासन सतर्क रहा। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों के बाहर पुलिस बल मुस्तैद रहा। हालांकि शांति पूर्ण ढंग से मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शुक्रवार जनपद में शांति और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली टांडा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों कश्मीरिया चौराहा, तलवापार, छोटी बाजार, सकरवार, गोठवा, जुबैर चौराहा से घूरनशाह होते हुए छज्जापुर पुलिस चौकी का भ्रमण किया। डीएम ने वहां पर उपस्थित नागरिकों से गंगा-जमुनी तहजीब के तहत आपसी सद्भाव के साथ रहने की अपील किया। डीएम ने जिन स्थानों पर जिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह वहां पर उपस्थित होकर दिए गए जिम्मेदारी का निर्वहन करें। भ्रमण के दौरान एसडीएम टांडा सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी टांडा, थाना अध्यक्ष टांडा मौके पर मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर मालीपुर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाने में मुकदमा दर्ज करना पीड़ितों के लिए आसान नहीं है। यहां पर बिना पुलिस अधीक्षक के आदेश के मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता है। ऐसा ही एक प्रकरण देखने को मिला है। जहां पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश के बाद मालीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि प्रधान के पास मजदूरी मांगने गए मजदूर को विपक्षी ने गगालिया देते हुए लात घुसों से पिटाई किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विपक्षी के खिलाफ एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित राहुल निवासी हुसैनपुर विपहन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 25 जनवरी को लगभग 5 बजे ग्राम प्रधान के पास अपनी मजदूरी का बकाया मांगने के लिए गया था। तत्समय ग्राम प्रधान महेशपुर बाजार मे मौजूद रहे और जहां पर विपक्षी चंद्रेश निवासी दरियापुर थाना मालीपुर शराब के नशे में धुत होकर गाली देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और मना करने पर लात घूँसों से मारा पीटा। पीड़ित राहुल ने दूरभाष पर बताया कि मैंने मालीपुर थाने में चार दिन पूर्व शिकायत किया था। बावजूद इसके मेरी सुनवाई नहीं की गई। अंत में थक हार कर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के पास गया, जहां से उनके आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर विपक्षी चंद्रेश के खिलाफ एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## फसलों के सर्वे में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एग्री स्टैक सर्वे को गति प्रदान करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने बैठक में उपस्थित पशुधन प्रसार अधिकारी, गन्ना पर्यवेक्षक सहित अन्य कार्मिकों को निर्देशित किया कि वह तहसील के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सर्वे के कार्य में तेजी लाएं। एग्री स्टैक सर्वे शासन की प्राथमिकता का कार्य है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि संबंधित कर्मियों का तत्काल आईडी जेनरेट करने में सहयोग करें, जिससे सर्वे के कार्य में तेजी लायी जा सके। बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, गन्ना पर्यवेक्षक, ई-डिस्टिक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# डीएम ने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर लगाई फटकार

**▸▸ हर घर जल योजना को लेकर दिया जाए विशेष जोर : जिलाधिकारी**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि अकबरपुर में फरवरी तक चार टैंक पूर्ण करने और मार्च के अंतिम सप्ताह तक 21 टैंक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वीटीएल द्वारा फरवरी अंत तक कुल 13 टैंक पूर्ण रूप से पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। वीटीएल द्वारा 509 टैंक के सापेक्ष 100 प्रतिशत 7 टैंक, 90 प्रतिशत 13 टैंक, 80 प्रतिशत 17 टैंक, 70 प्रतिशत 12 टैंक और शेष 60 प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण हुआ है। कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ओएचटी से सप्लाई और डायरेक्ट सप्लाई की मंथली कार्य योजना बनाई जाए। हर घर जल योजना को लेकर विशेष जोर दिया जाए और 100 प्रतिशत आरएचटीसी पूर्ण राजस्व ग्रामों को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। वीटीएल, वेलस्पन के प्रतिनिधियों की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलने को कहा गया है। वीटीएल, वेलस्पन को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया कि सभी स्कीम पर कार्य जरूर चलाया जाए। उन्होंने योजना की सभी डिटेल को जिलाधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी और संबंधित विभाग अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित है।

**निरीक्षण** — काफी दिनों से देव स्थान टेढवा बाबा तक पहुंचने के लिए ग्रामीण कर रहे हैं रास्ते की मांग

# अफसरों ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का किया निरीक्षण

आलापुर, अंबेडकरनगर।



तेन्दुआई खुर्द के ग्रामीणों से बातचीत करते यूपीडा के अधिकारी और तहसीलदार राज कूपर।

**अमृत विचार।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के दो चैनेज के बीच खेतों और देव स्थान तक पहुंचने के लिए सर्विस रोड बनाने मांग पर विचार किए बिना ही यूपीडा द्वारा बैरीकेडिंग लगाने पर तेन्दुआई खुर्द के ग्रामीणों का विरोध अब मुखर होने लगा है। शिकायतों और सांसद के पत्र के बाद नायब तहसीलदार राजकपूर ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर नाराज ग्रामीणों से वार्ता किया और उन्हें आश्वासन दिया।

बता दें कि आलापुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजर रहे निर्माणाधीन गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के चैनेज 55100 तथा 55877 के मध्य सर्विस रोड बनाए जाने की मांग काफी दिनों से ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। उक्त चैनेज की भौतिक अवस्थिति ग्राम तेन्दुआई खुर्द के बायीं तरफ चक मार्ग संख्या 188 व 163 को पुलिया समेत लिंक एक्सप्रेस वे में समाहित कर लिया गया है। निर्माण एजेंसी उप्र एक्सप्रेस वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा द्वारा विस्थापित देव स्थान टेढवा बाबा तक पहुंचने के लिए रास्ते का प्रावधान नहीं किया गया है। इस समस्या को देखते हुए कृष्ण चंद्र मिश्रा, अयोध्या प्रसाद मिश्र, अंकित मिश्र, विजय कुमार मिश्र, जय प्रकाश पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों ने यूपीडा को पत्र भेजकर समस्या के निराकरण की मांग की थी। इस संबंध में पूर्व में संत कबीर नगर सांसद इं प्रवीण कुमार निषाद और तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर ग्रामीणों की समस्या के दृष्टिगत मौके पर सर्विस रोड बनाए जाने की सिफारिश की थी। सांसद के पत्र पर शासन स्तर से मिले निर्देश के बाद यूपीडा के परियोजना निदेशक पीडी वर्मा व गाइडेशन ऑफिसर अनिल कुमार ने आलापुर के नायब तहसीलदार राज कपूर तथा राजस्व कर्मियों की टीम के साथ गुरुवार की शाम को मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और ग्रामीणों से वार्ता किया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 ( अधिनियम सं. 2002 का 54 ) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - बभनान** | | |
| **उधारकर्ताः मैसर्स शुक्ला खाद भंडार,** श्रीमती शारदा देवी पत्नी श्री भगवानदास शुक्ला ग्राम–चकचई पोस्ट–गौर बस्ती (उ.प्र.) 272163 के माध्यम से **जमानतकर्ता –श्री विनय कुमार शुक्ला** पुत्र श्री भगवान दास ग्राम–चकचई पोस्ट–गौर बस्ती (उ.प्र.) 272163 | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह पूरा हिस्सा स्थित है – प्लॉट नं./सर्वे नं. 252/1.216 हेक्टेयर (574.00 वर्गमीटर), गांव– चकचाई गौर, बस्ती **चौहद्दीः** उत्तर– ईश्वर चंद की खुली कृषि भूमि, दक्षिण–भगवान दास की खुली कृषि भूमि, पूर्व–भगवान दास की खुली भूमि और संपत्ति; पश्चिम–पाइकोइया मार्ग को जोड़ने के लिए खड़जा रोड | 02.02.2022 / 30.01.2024 / ₹ 11,45,845.14 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - बहराइच मुख्य शाखा** | | |
| **उधारकर्ताः श्रीमती कंचन दुबे पत्नी** श्री राम मोहन दुबे प्रोपराइटर मेसर्स कंचन दुबे मिनी राइस मिल निवासी ग्राम–धोबीपुरवा दखिला बेलवा, खतीब विजयपुर, जिला–श्रावस्ती (उ.प्र) **जमानतकर्ता** – सह–देनदार **(1) श्री सतेंद्र कुमार पाठक** पुत्र श्री अंबिका प्रसाद पाठक, मकान नंबर 1179 (डी), मोहल्ला बक्शीपुरा, जिला बहराइच **2. श्री राम मोहन दुबे** उर्फ द्विवेदी पुत्र श्री ननकऊ प्रसाद, ग्राम धोबीपुरवा, दखिला बेलवा, खतीब विजयपुर जिला–श्रावस्ती (उ.प्र.) | **1. संपत्ति का वह समस्त भाग** –मकान संख्या 1179 (ई) जो मोहल्ला बक्शीपुरा परगना, तहसील एवं जिला–बहराइच (उ.प्र) जोकि श्रीमती कंचन दुबे उर्फ द्विवेदी के नाम पर है लगभग 1200 वर्ग फुट या 111.52 वर्ग मीटर में स्थित है। **चौहद्दी**– पूर्व–हरि नारायण शुक्ला का प्लॉट, दक्षिण–हरि नारायण शुक्ला का प्लॉट, पश्चिम–कच्चा रास्ता 12 फीट चौड़ा, उत्तर–सत्येन्द्र पाठक का घर **2. संपत्ति का वह समस्त भाग**– मकान नंबर 1179 (डी) मोहल्ला बक्शीपुरा परगना, तहसील व जिला बहराइच (उ.प्र.) में श्री सत्येन्द्र कुमार पाठक के नाम पर लगभग 1200 वर्ग फुट या 111.52 वर्ग मीटर में स्थित है **चौहद्दी**– पूर्व–विक्रय विलेख निष्पादक की भूमि, दक्षिण–शिव कुमार का घर, पश्चिम–कच्चा रास्ता 12 फीट चौड़ा उत्तर–जितेंद्र कुमार सिंह का प्लॉट | 16.05.2023 / 01.02.2024 / ₹ 13,76,589.58 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - सुल्तानपुर (eCB)** | | |
| **उधारकर्ताः श्री शहंशाह सिद्दीकी** पुत्र श्री मो. हनीफ सिद्दीकी मकान नं. 1861घरहां खुर्द सुल्तानपुर(उ.प्र.)–228001 **जमानतकर्ताः श्रीमती नेदा प्रवीण,** पत्नी श्री नौशाद अहमद, मकान नंबर 1828/1ए, घरहां खुर्द कोतवाली नगर, सुल्तानपुर (उ.प्र.) –228001 | **संपत्ति का वह पूरा हिस्सा स्थित है**– प्लॉट नंबर 429, ग्राम–घरहां खुर्द, वार्ड नंबर 4, परगना मीरांपुर, तहसील–सदर, जिला – सुल्तानपुर (उ.प्र.), क्षेत्रफल 0.0080 हेक्टेयर, **चौहद्दी** : उत्तर : शमा खातून का घर, दक्षिण : सगीर सिद्दीकी का घर, पूर्वः इसामुल निशा का घर, पश्चिमः कच्चा रास्ता 10 फीट | 16.11.2022 / 30.01.2024 / ₹ 07,29,240.20 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - अमेठी** | | |
| **उधारकर्ताः मेसर्स दुर्गेश बिल्डिंग मटेरियल** प्रो. श्री पितर दीन यादव पुत्र श्री राम दास निवासी ग्राम भुसियावां जिला–अमेठी (उ.प्र.) | संपत्ति का वह सारा हिस्सा और पार्सल स्थित है, गाटा संख्या 466 एवं 738 ग्राम भुसियावां जिला–अमेठी (उ.प्र.) क्षेत्रफल 320.91 वर्ग मीटर जोकि श्री पित्तरदीन यादव पुत्र श्री राम दास एवं श्री बृजमोहन यादव पुत्र श्री राम दास के नाम पर है, **चौहद्दी** – उत्तर–गाटा संख्या 737, चक मार्ग फिर गाटा संख्या 735 पित्तरदीन का हाता, दक्षिण–गाटा संख्या 740 बाग सुखराजी उर्फ प्रभु देवी का, पूर्व–गाटा संख्या 734 नवीन परती, पुरानी पी और गाटा संख्या 746 आबादी, पश्चिम–गाटा संख्या 739 बच्चा व लालता प्रसाद का बाग | 13.06.2022 / 30.01.2024 / ₹ 06,99,501.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |

दिनांक : 03.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## एक नजर

### जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रही पुलिस

**कार्यालय गोंडा :** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क रही। एसपी ने शहर का भ्रमण कर नमाजियों के साथ बातचीत कर शांति के साथ रहने को कहा। पुलिस सार्वजनिक जगहों पर तैनात रही। पुलिस ने सचेत करते हुए कहा कि अफवाह पर ध्यान न दिया जाए।

### खंड विकास अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के पंचायत सचिवों की बैठक खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित की गई। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पंचायत सचिवों से ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कराये जा रहे निर्माण कार्यों, मिशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों के आवासों के निर्माण तथा राशन कार्डों के सत्यापन के बारे में जानकारी हासिल की गई। एडीओ आईएसबी आजम खान, पंचायत सचिव अजीत कुमार, राजेश चौधरी, प्रथमेश पाठक, गरिमा यादव, यमुना प्रसाद, राधे रमण प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

### 12 लाख रुपये का ऋण किया वितरित

**रुपईडीह, गोंडा :** पिछले एक सप्ताह में इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दस किसानों को 12 लाख रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि मुख्य योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन सभी किसानों को भी ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

### प्रधानों ने पूर्व प्रधान के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**रुपईडीह, गोंडा :** उत्तर प्रदेश ग्राम प्रधान संघ की शाखा ब्लॉक रुपईडीह की बैठक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर संपन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने ब्लॉक के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्र की पत्नी पूर्व प्रधान विद्या कुँवरि के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। अजीत सिंह, बृजेंद्र नाथ शुक्ल, प्रदीप तिवारी, उत्तमचंद्र दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### मारपीट के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा :** मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के भैरमपुर नानपुरवा गांव निवासी राम रूप, कौशल गौतम व मनोज कुमार तथा अड़बड़वा गांव निवासी अशोक कुमार गौतम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया की गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को पुलिस द्वारा न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी दारोगा सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा की गई है।

# बाल संसद में पीएम समेत पावर एंजिल बनीं बेटियां

## सोनबरसा में बाल संसद और मीना का किया गया गठन, बच्चों ने किया मताधिकार का प्रयोग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर में बाल संसद व मीना मंच का गठन किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में एक्शन एड (यूनिसेफ) के तरफ से नूरजहां उपस्थिति रहीं।

मतदान अधिकारी के रूप में बलजीत सिंह कनौजिया, अरुण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, अमर ज्योति, चित्रावती व अनुराधा मिश्रा ने अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। बच्चों ने मत पेटी में अपने मत डाले और मीना मंच के तहत पावर एंजिल के रूप में लक्ष्मी भारती का चुनाव किया गया। इसी प्रकार सदस्य



बाल संसद में बालिका को सम्मानित करतीं शिक्षिका व उपस्थित बच्चे। अमृत विचार

में के रूप में सुषमा, अर्चना, संगीता, मुनिया तिवारी का चयन किया गया। बाल संसद गठन के तहत अध्यक्ष के रूप में अमन कुमार, उपाध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी भारती, प्रधानमंत्री के रूप में खुशनाज, पुस्तकालय मंत्री शिवम् एवं अनुशासन मंत्री के रूप में रूपचंद, शिक्षा मंत्री के रूप में संजू, अनुशासन मंत्री के रूप में रूपचंद, स्वच्छता मंत्री के रुप सुषमा, चांदनी खेल मंत्री के व खेल मंत्री रूबी को चुना गया।

# दूसरे के खेतों से मिट्टी खोद रहे दबंगों को प्रशासन ने रोका

**मनकापुर, गोंडा:** ग्राम चौबेपुर में निश्चित चक मार्ग से हटकर खेतों की जेसीबी से खुदाई करके चक मार्ग की पटाई करने के मामले में किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर चक मार्ग के सीमांकन की मांग की है। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर के निवासी गण पारसनाथ, रामदयाल, राजेन्द्र, मुरली, शत्रोहन, राकेश यादव आदि किसानों ने एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना को शिकायती पत्र देकर कहा कि बिना अगल-बगल के खातेदारों को सूचना दिए व गैर मौजूदगी में लेखपाल से निशानदेही करवा कर 30 जनवरी को ग्राम प्रधान का कार्य देख रहे इनके पौत्र द्वारा गाटा संख्या 246 में चक मार्ग की पटाई के लिए जेसीबी से किसानों के खेत में मिट्टी की खुदाई कराने लगे। सूचना पर पहुंचे एपीओ ने जेसीबी की खुदाई को रोकवा दी। इसके बावजूद प्रधान का कार्य देख रहे इनके पौत्र दबंगई के बल पर पुनः निश्चित चक मार्ग से हटकर रास्ते की पटाई करना चाहते हैं।

एपीओ अमित राव ने बताया गाटा संख्या 246 में किसी भी चकमार्ग के लिए कार्ययोजना, इस्टीमेट, मस्टररोल अभिलेख में दर्ज नहीं है। इसलिए पटाई का कार्य रोक दिया गया है। वहीं प्रधान का कार्य देख रहे अभिमन्यु सिंह ने बताया कि चक मार्ग की पटाई नहीं की जा रही थी, बल्कि वह अपने निजी आम के बाग की सुरक्षा के लिए मिट्टी की खुदाई करके खाईं बनवा रहे थे।

# बैंक कैशियर की गर्दन पर हंसिया रखकर 8.54 लाख रुपये की लूट

## प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा में हुई वारदात, मचा हड़कंप



बैंक से बाहर निकलते देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी।



प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में हुई घटना की जांच करते एसपी विनीत जायसवाल।

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन इलाके में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा की कैशियर की गर्दन पर हंसिया सटाकर एक लुटेरे ने 8.54 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई लूट की इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी, एसपी, एएसपी तथा सीओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची लेकिन लुटेरा भागने में कामयाब रहा। हालांकि वारदात के चार घंटे के भीतर एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस ने लूट की धनराशि व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली।

डीआईजी एसपी ने बैंक की शाखा प्रबंधक व कैशियर से वारदात की जानकारी ली और बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। लुटेरे की धरपकड़ के लिए पांच पुलिस टीमें लगायी गयी हैं। शहर के हाई सिक्योरिटी जोन में दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात ने शहर के कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के पंतनगर इलाके में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह बैंक लेनदेन हो रहा था, तभी 11.30 बजे के करीब एक युवक हेलमेट लगाकर बैंक के भीतर घुसा और वह सीधे कैशियर के केबिन में पहुंच गया। कैरियर श्वेता गौड़ ने युवक से हेलमेट हटाने के लिए कहा कि लेकिन उसने हेलमेट हटाने के बजाय कैशियर के गर्दन पर हंसिया रख दिया और पास रखा रुपये से भरा थैला लूटकर फरार हो गया। एसपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई इस सनसनीखेज वारदात से जिले में हड़कंप मचा गया। लूट की सूचना पर देवी पाटन मंडल के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, एसपी विनीत जायसवाल, एएसपी राधेश्याम राय, सीओ सिटी विनय कुमार सिंह, नगर कोतवाल राजेश सिंह, एसओजी प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, सर्विलांस सेल प्रभारी सादाब आलम मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। डीआईजी व एसपी ने बैंक के शाखा प्रबंधक खुशबू बाला, कैशियर श्वेता गौड़, सहायक प्रबंधक सौकत अली व बैंक के रीजनल डिप्टी मैनेजर कपिल अग्रवाल से घटना की जानकारी ली। लुटेरे की तलाश में पुलिस टीमें दौड़ाई गयीं लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका। हालांकि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दावा किया कि पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही लुटेरा पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### 25 मिनट से कर रहा था बैंक की रेकी

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के मुताबिक घटना से पहले लुटेरे ने करीब 25 मिनट तक बैंक की रेकी की है। सीसीटीवी में वह बैंक के आसपास घूमता दिखाई दे रहा है। जब बैंक से ग्राहक कम हो गए और उसने कर्मचारियों को अकेला देखा तब जाकर वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना फुटेज में साफ दिख रही है कि किस तरह लुटेरा बैंक के भीतर पहुंचता है और कैशियर के गर्दन पर हंसिया रख उसे अपने कब्जे में कर लेता है। इसके बाद नाटकीय अंदाज में कैशियर काउंटर में रखा रुपया उसके बैग में रख देती है और वह आराम से फरार हो जाता है।

### युवक ने दो सौ मीटर तक किया लुटेरे का पीछा

लूट की वारदात के समय मौके पर मौजूद रहे काशीराम कालोनी के रहने वाले एक युवक ने बताया कि उसने लुटेरे को भागते देख उसका पीछा करने की कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ। वारदात के बाद लुटेरा पंतनगर चौराहे की तरफ भागा। जब उसने पीछा किया तो वह रामलीला ग्राउंड से पहले दाहिने तरफ की सड़क पर मुड़ गया। बाइक से भाग रहा लुटेरा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है।

### लखन लाल अध्यक्ष और उदयराज महामंत्री बने

**रुपईडीह, गोंडा :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, महामंत्री शिवराम शुक्ल तथा संप्रेक्षक अमीर अहमद की देखरेख में संगठन की शाखा रुपईडीह के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष तथा महामंत्री पद का निर्वाचन ब्लॉक मुख्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए लखन लाल पासवान व फौजदार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लखन लाल पासवान को 105 तथा फौजदार को 42 मत मिले। अध्यक्ष पद के लिए लखन लाल पासवान 63 मतों से विजई घोषित किए गए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर रामकृपाल व महामंत्री पद पर उदय राज ने नामांकन पत्र दाखिल किया इन पदों के लिए एक-एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण महामंत्री व कोषाध्यक्ष को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।



शॉर्ट सर्किट से जला गन्ना। अमृत विचार

### हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से 20 बीघा गन्ना जला

**खरगूपुर, गोंडा :** हाई टेंशन बिजली लाइन के शॉर्ट सर्किट होने से करीब 20 बीघा गन्ने की फसल जल कर नष्ट हो गई। शुक्रवार को क्षेत्र के परसरामपुर गांव में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली। इस चिंगारी से गन्ने के खेत में आग लग गई, जिससे इसी गांव के किसान रामदयाल, स्वामी दयाल, मालिक राम, कृष्ण कुमार, अरविंद कुमार की लगभग 20 बीघे गन्ने की फसल जल गई। आग लगने से तीन लाख से अधिक कीमत का गन्ना जलने से किसानों को अधिक नुकसान हुआ है।

# राजस्व निरीक्षक का आवास गिराया

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** कटरा बाजार सीएचसी परिसर में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के पुराने आवास को ढहा दिया गया। तहसील प्रशासन ने कहा कि यह उनके कर्मचारियों का आवास था तो स्वास्थ्य विभाग कैसे गिरा सकता है, जबकि सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि उनके परिसर में आवास था और जर्जर था इसलिए गिरा दिया गया।

कटरा बाजार परिसर में बने आवासों को स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार ने ढहा दिया। आधा आवास गिर जाने के बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर श्रमिकों को गिराने से रोकने का प्रयास किया तो मजदूरों ने कहा कि अधीक्षक से बात करिए।



कार्रवाई के बाद आवास का गिरा मलबा। अमृत विचार

सीएचसी अधीक्षक महेंद्र ने बताया कि यह जर्जर भवन सीएचसी परिसर में बना था। लेखपाल राम नाथ थापा ने बताया कि यह लेखपालों व राजस्व निरीक्षक का पुराना आवास है। वे लोग यहां बैठते हैं। बिना सूचना के आवास को गिराया जा रहा है। हमने घटना की सूचना तहसीलदार को भेजा दी है। तहसीलदार मनीष वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग वाले हमारा आवास कैसे गिरा सकते हैं। हमने नायब तहसीलदार को घटना स्थल पर भेजा है। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की जा रही है। कार्यवाही की जा रही है।

# गो आश्रय केंद्र के भ्रमण में मिलीं कई खामियां

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान व एडीओ एसटी रोशन लाल के साथ ग्राम पंचायत हरचंदपुर में संचालित गो आश्रय केंद्र का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने प्रधान महेंद्र तिवारी और रोजगार सेवक सुखदेव तिवारी से गो आश्रय केंद्र में संरक्षित जानवरों के पेयजल, चारा व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल करते हुए नर व मादा जानवरों को बैरिकेडिंग कर अलग-अलग संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया ताकि मवेशियों में आपस में लड़ाई न हो। इसके अलावा यहां पर रनियापुर गांव से आए हुए विजय कुमार तिवारी ने गो आश्रय केंद्र से दो जानवरों को ले जाने के लिए खंड विकास अधिकारी से अनुमति माँगी, जिस पर खंड विकास अधिकारी ने ले जाने वाले जानवरों को टैग लगवाकर ही किसानों को सुपुर्द किये जाने का निर्देश ग्राम रोजगार सेवक को दिया। यहां पर मनरेगा के तहत निर्मित हो रही चरनी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा यहां पर तीन दिनों से सोलर पैनल खराब होने की जानकारी प्रधान द्वारा खंड विकास अधिकारी को दी गई जिस पर उन्होंने नेडा के अधिकारियों से वार्ता किए जाने का आश्वासन दिया।

# शिक्षकों की समस्याओं के प्रति माशिसं गंभीर

## माशिसं शाखा इकाई बेलसर ने किया जिलाध्यक्ष और जिलामंत्री का अभिनंदन

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई के तत्वावधान में निर्वाचित जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री डॉ पवन प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री राजेश सिंह, संयुक्त मंत्री दिलीप सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य मजहरूल हक अंसारी का भी अभिनंदन शाखा इकाई द्वारा किया गया। समारोह के



शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह। अमृत विचार

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय रहे।

मुख्य अतिथि जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय ने कहा कि शिक्षक हित में जिला संगठन अपनी आवाज बुलंद करता रहा है और करता रहेगा। माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं के लिये हमेशा संघर्षरत रहा है। जो भी उपलब्धि आज तक मिली है वह संगठन व शिक्षक एकता के बल पर मिली है। हम सभी को एकजुटता के साथ लंबित कार्यों निपटाना होगा। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों ने अपना भरोसा पूर्व की भांति एक बार पुनः प्रदान किया है। इस भरोसे को कभी व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि संगठन की एकजुटता के बल पर हमें जनपद में सारी सफलताएं मिली हैं आगे भी मिलती रहेंगी। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री डॉ पवन प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, राजेश कुमार सिंह एवं मजहरूल हक अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। शाखा इकाई के शाखा मंत्री डॉ पदम नाथ पांडेय ने समस्त पदाधिकारी का स्वागत कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ने किया।

# साहित्यकार आरके नारद को किया गया सम्मानित

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** शुक्रवार को समाज सेवी व साहित्यकार राम कुमार नारद को उनके समाज में उल्लेखनीय कार्य किए जाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सम्मानित किया।

शुक्रवार को क्षेत्र के राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी ने समाजसेवी व साहित्यकार रामकुमार नारद को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंग वस्त्र, हस्त लेखनी व दैनिक पुस्तिका आदि भेंट कर सम्मानित किया। चतुर्वेदी ने कहा कि समाजसेवी राम कुमार नारद ने विगत चार दशक से समाज सेवा करते हुए समाज के हर वर्ग, हर संप्रदाय के गरीबों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। जो उत्कृष्ट सराहनीय है। उनकी रचनाओं में गरीबों का दर्द झलकता है। सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, और प्रवक्ताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर विनय मिश्रा, राधे कृष्ण तिवारी, अजय मिश्रा, रवि शंकर, अष्टभुजा, गुड़िया द्विवेदी, अपूर्वा त्रिपाठी, डॉक्टर माला तिवारी, जयप्रकाश शुक्ला, नवरोज आलम तथा महाविद्यालय परिवार मौजूद रहे।

**सहूलियत** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में 75 मॉडल दुकानों का कराया जा रहा निर्माण, उद्घाटन की तैयारी

# अन्नपूर्णा भवन से बंटेगा राशन, 15 भवन बनकर तैयार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब राशन का वितरण अन्नपूर्णा भवन से किया जायेगा। जिले में मॉडल के रुप में बन रहे 15 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। अब इनके उद्घाटन की तैयारी है। उद्घाटन के बाद इन गांवों में राशन वितरण इसी अन्नपूर्णा भवन से किया जायेगा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में 75 मॉडल दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। इन्हे अन्नपूर्णा भवन का नाम दिया गया है। जिले के बभनजोत ब्लॉक के बड़हरा, करनैलगंज के




हलधरमऊ के कलवारी गांव में बना अन्नपूर्णा भवन। अमृत विचार

रामगढ़ नकहरा, अलीपुर गोकुला, हलधरमऊ के कलवारी, झंझरी के चकसड़, कटरा के भगहरिया पुरे मितई, मनकापुर में सिसवा, मुजेहना में दिनारा, नवाबगंज में उमरिया, पंडरी कृपाल में दरियापुर हरदोपट्टी, परसपुर में चंगेरी, रूपईडीह में बिछुड़ी व बेलवाभान तथा बेलसर में पुरे डाढू समेत 15 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गए हैं। अब इन भवनों के उद्घाटन की तैयारी है। उधर, ग्रामीणों का इस बाबत कहना है कि अन्नपूर्णा भवन से राशन का वितरण होने से लोगों का काफी सहूलियत भी मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि अब इसके सिर्फ उद्घाटन का ही इंतजार किया जा रहा है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय के मुताबिक जल्द ही इनका उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन के बाद इन गांवों के कोटेदार इसी भवन से राशन का वितरण कर सकेंगे।

### सुगम होगी राशन वितरण की राह


गोदाम की व्यवस्था खत्म होने के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कोटेदारों के घर तक खाद्यान्न पहुंचने के लिए डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था लागू है, लेकिन दूर दराज गांवों में कई कोटेदारों के घर ऐसी जगह पर होते हैं जहां ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं मिल पाती। अक्सर इन कोटेदारों को अपने हिस्से का खाद्यान्न ट्रकों से सड़क पर ही उतरना पड़ता है। इस व्यवस्था में बदलाव के लिए सरकार ने अन्नपूर्णा भवन मॉडल के तौर पर बना रही है। इसके लिए ऐसे स्थान या चयन किया गया है जहां यातायात का साधन पूरी तरीके से सुगम हो और ट्रांसपोर्टर का ट्रक दुकान पर हर हालत में पहुंच सके। 15 ग्राम पंचायतों में इन भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है।

# शिव की आराधना के बिना कुछ भी संभव नहीं है:वेदांती

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा कला में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा अमृत का शुभारंभ कथाव्यास पूज्य संत पूर्व भाजपा सांसद वशिष्ठ पीठाधीश्वर श्री अवध धाम डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज के श्रीमुख से हुआ।

कथा के प्रथम दिवस ही महिला पुरुषों की भारी भीड़ उपस्थित रही। कथा में महाराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। यहां तक



जब भगवान श्री रामचन्द्र जी को सीता जी की खोज में जब लंका पर विजय प्राप्त करना हुआ तो उन्होंने समुद्र तट पर श्री रामेश्वर शिव की स्थापना कर पूजन अर्चन किया। साथ ही महाराज जी ने भगवान चतुर्भुजीनाथ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इस मंदिर की स्थापना सैकड़ों वर्ष पूर्व पाण्डवों द्वारा की गयी थी जिसे आतताइयों द्वारा ध्वंस करके इसकी मूर्ति को कुएं में फेंक दिए थे जो समयांतराल में स्वयं प्रगट हो गयी और भक्तगण पूजन अर्चन करने लगे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष घनश्याम शुक्ल, पूर्व गन्ना मंत्री हनुमंत सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राम कृपाल शुक्ला, पूर्व प्रचारक उमाकांत, राम बनारस शुक्ल, श्रीमन नारायण तिवारी, विजय शुक्ला, काली प्रसाद तिवारी, रामप्रसाद सहित सैकड़ों ग्राम व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संवाद कार्यशाला को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कल, बनेगी रूपरेखा

**गोंडा कार्यालय :** कांग्रेस पार्टी द्वारा ब्लॉक स्तर पर संवाद कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे ने बताया कि संवाद कार्यशाला आयोजन को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई है। जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारी को रहना है। बैठक में संवाद कार्यशाला को लेकर चर्चा की जाएगी तथा रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### रास्ता विवाद को लेकर महिला की पिटाई में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा :** रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने महिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के लौव्वाबीर पुर के धुनियन पुरवा गांव निवासी महिला शायरा बानो ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार के अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे गांव के उस्मान अली, मेंहदी हसन, इस्लाम तथा साफरीन उसके दरवाजे के सामने जबरन रास्ता खोलने की बात करने लगे। दरवाजे के सामने रास्ता खोलने से मना करने पर गाली देते हुए लाठी डंडों से मारने लगे। इस बीच मौके पर माहौल काफी बिगड़ गया। हालांकि शोर सुनकर बीच बचाव करने आई उनके परिवार की समीरुन निशा, मुस्कान बानो, साफिया तथा गल्लन हुसैन को भी लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं हैं। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# दुष्कर्म केस में सुलह कराने पर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

## रिपोर्ट लिखने के बजाय पीड़िता पर दबाव बना कराया था समझौता

कटरा बाजार, गोंडा

**कार्रवाई**
- एसपी के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय सुलह समझौता कराना पहाड़ापुर चौकी इंचार्ज को भारी पड़ गया। पीड़िता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी के निर्देश पर कटरा पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। दुष्कर्म की यह वारदात तीन दिन पुरानी बताई जा रही है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी 30 जनवरी की शाम को खेत की तरफ गयी थी। आरोप है कि एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता और उसके परिजन दूसरे दिन इसकी शिकायत लेकर पहाड़ापुर चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज धीतेंद्र सिंह ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय पीडिता और हलके परिजनों पर दबाव बनाकर सुलह समझौता करा दिया और आरोपी का शांति भंग में चालान कराकर मामले को रहा दफा कर दिया। चौकी इंचार्ज ने घटना की जानकारी भी थाने के प्रभारी निरीक्षक या अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को नहीं दी। कार्रवाई न होने पर पीडिता और उसके परिवार के लोग बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक से मिले थे। एसपी ने घटना की पड़ताल करायी तो चौकी इंचार्ज की लापरवाही सामने आई। इस पर उन्होंने चौकी इंचार्ज धीतेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया और कटरा पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कटरा बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि आरोपी राजू पुत्र रामविलास निवासी ग्राम रामगढ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एसपी के निर्देश पर चार के विरुद्ध केस

**करनैलगंज, गोंडा:** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम झौहना निवासी पूजा की तहरीर पर कोतवाली करनैलगंज में चार लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि जुलाई 2018 में उसकी शादी ग्राम झौहना निवासी नानबाबू के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। एक वर्ष बाद गौने मे वह बिदा होकर ससुराल गई और पत्नी धर्म का पालन करने लगी, मगर ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। सभी लोगों ने मिलकर शादी मे दहेज कम मिलने की बात कहते हुए मायके से बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। उसने अपने माता पिता से बाइक की मांग के बारे मे बताया मगर गरीबी की वजह से वह मांग पूरी नहीं कर सके। जिससे ससुराल वाले उसे मार पीटकर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि मई 2023 मे उसके चाचा के सामने ससुराल वाले मारपीट कर उसे घर से निकाल दिये। समझाने बुझाने पर उसके चाचा को भी भला बुरा कहे। तब से वह अपने मायके आकर रहने लगी, इसी बीच उसने बच्चे को जन्म दिया, अब उसके दो बच्चे हैं। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर नानबाबू, साहब राम तिवारी, रामवती तिवारी व ननकन्नू तिवारी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अयोध्या दर्शन को आए श्रद्धालु का मोबाइल बरामद

**नवाबगंज, गोंडा:** अयोध्या श्रीराम लला के दर्शन पूजन करने आये हुए श्रद्धालु इटावा निवासी धीरेन्द्र सिंह की मोबाइल फोन कटरा शिवदयाल गंज तिराहे पर गायब हो गया जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी सरयू घाट शिवलखन सिंह को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए गोंडा सर्विलांस सेल से तत्काल संपर्क किया गया। सर्विलांस सेल द्वारा लोकेशन उपलब्ध कराया गया। जिससे प्राप्त लोकेशन के आधार पर मोबाइल फोन तत्काल बरामद कर लिया गया। श्रद्धालु धीरेन्द्र सिंह के सौंप दिया गया। जिससे श्रद्धालु धीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

# कर्नल ने किया एनसीसी कंपनी का औचक निरीक्षण

करनैलगंज, गोंडा


कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते कर्नल रेण्योद सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के कन्हैया लाल इंटर कालेज की एनसीसी कंपनी का 48वीं उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल रेण्योद सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्नल ने कार्यालय के साथ साथ विभिन्न अभिलेखों, परेड ग्राउंड तथा शिक्षण कक्षों, सभागार, एनसीसी स्टोर आदि का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 13 पूर्व कैडेटों का चयन अग्निवीर भर्ती में हुआ है जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। निरीक्षण के दौरान कर्नल ने कैडेटों की सलामी ली तथा कैडेटों से मुखातिब होकर परेड एवं शिक्षण गतिविधियों से संबंधित जानकारी ली तथा कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूरी कंपनी सेरीमोनियल ड्रेस से सजी धजी थी। जिसे देख अधिकारी ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान संजय यादव, डॉ आरडी सिंह, परीक्षा प्रभारी एनबी सिंह, राकेश वर्मा, नीरू सिंह रहे।

# एसपी ने नगर क्षेत्र का किया भ्रमण

## नमाज को लेकर अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिए निर्देश

गोंडा कार्यालय


शहर का निरीक्षण कर लोगों से बात करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अफवाह पर ध्यान ना दें। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सांप्रदायिक माहौल गड़बड़ करने वालों पर पुलिस सख्त नजर रख रही है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शुक्रवार के नमाज को लेकर शहर भ्रमण के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के कड़े प्रबंध है। उपद्रवियों पर नजर रखी जा रही है। अनावश्यक बातों को अफवाह के रूप में ना उड़ाए, नहीं तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। एसपी ने पुलिस-फोर्स के साथ आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कस्बे का भ्रमण किया। आम जनमानस से अपील किया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर तथा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। एसपी ने नमाज अदा करने वालों से बातचीत भी की सभी लोगों को शांतिपूर्वक रहने को कहा। शुक्रवार की नमाज को लेकर पुलिस सुबह से ही सजग रही। मस्जिद व मंदिरों के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया था सार्वजनिक चौराहा पर भी सुरक्षा को लेकर ड्यूटी लगाई गई थी।

पुलिस अधीक्षक के नगर भ्रमण के दौरान नगर कोतवाल राजेश सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अंकित हत्याकांड: पुलिस अधीक्षक से मिले परिजन

**गोंडा कार्यालय:** अंकित हत्याकांड में नामजद किए गए हत्यारोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से मुलाकात की।एसपी परिजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी भी सूरत में दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जल्द ही आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे का भरोसा दिया है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव के रहने वाले अंकित तिवारी की बीते 25 जनवरी की शाम को नृशंस तरीके से हत्या कर दी गयी थी और उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। अंकित नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। घटना वाले दिन अंकित का अस्पताल के संचालक डा दीपक सिंह से विवाद हुआ था। आरोपी है कि शराब और सिगरेट लाने से इंकार करने पर डा दीपक ने अंकित की पिटाई की थी। विवाद के बाद अंकित अस्पताल से बाहर चला गया था। इसके कुछ ही घंटे बाद अंकित का शव सतई पुरवा के निकट रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। इस मामले में मृतक के चाचा सुनील ने जीआरपी थाने में नारायणा हॉस्पिटल के संचालक डा दीपक सिंह व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पांच दिन तक घटना की जांच पड़ताल करने के बाद अब जीआरपी ने मामले को जिला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। इस घटना के खुलासे के लिए एसपी ने एसओजी समेत चार पुलिस टीमों का गठन किया है जो घटना की पड़ताल में जुटी हैं। हालांकि इस जांच पड़ताल में वारदात से संबंधित कोई ठोस सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है। मृतक अंकित का मोबाइल फोन भी अभी नहीं बरामद हुआ है। पुलिस की जांच सर्विलांस के जरिए आगे बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को पुलिस की टीमें मृतक अंकित के मोबाइल लोकेशन के आधार पर घटना की कड़ी को जोड़ने में जुटी रहीं। वहीं शुक्रवार को मृतक अंकित के परिजन पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसपी विनीत जायसवाल से मुलाकात की। परिजनों ने एसपी को घटनाक्रम से अवगत कराते हुए डॉक्टर दीपक सिंह पर गंभीर आरोप लगाया और उसकी गिरफ्तारी की मांग की। एसपी ने परिजनों को बताया कि जांच टीमें लगातार आरोपी डॉक्टर की तलाश में जुटी हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जायेगा।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए रक्त के नमूने, भेजा लैब

हत्यारोपियों की तलाश में जुटी पुलिस और फॉरेंसिंक टीम ने घटनास्थल पर बिखरे खून के नमूने को एकत्रित किया है और उसे परीक्षण के लिए लखनऊ भेजा गया है। आपको बता दें कि जिस जगह अंकित का शव मिला था वहां से कुछ दूर तक खून के निशान पाए गए थे। परिजनों का आरोप है कि अंकित की हत्या के बाद उसे इसी रास्ते से रेल ट्रैक तक ले जाया गया होगा। अब पुलिस ने रेल ट्रैक पर मिले खून और आसपास मिले खून के छीटों का नमूना एकत्र किया है और उसका परीक्षण कराने में जुटी है।

### आज आएगी स्टेट मेडिको लीगल टीम

अमृत विचार : अंकित के हत्या गुत्थी लगातार उलझती जा रही है। घटना के एक साथ सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ इस घटना से संबंधित कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस की पूरी जांच मोबाइल सर्विलांस के इर्द गिर्द घूम रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर भी पुलिस उलझी हुई है। इस पूरे मामले की जांच के लिए अब स्टेट मेडिको लीगल टीम को बुलाया गया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि स्टेट मेडिको लीगल टीम को बुलाया गया है। शनिवार को टीम के गोंडा आने की संभावना है।

### प्रत्येक जीव में शक्ति के रूप में मां भगवती विराजमान

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर के गाड़ी बाजार में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में कथावाचक आचार्य रविंद्र शुक्ल ने बताया कि इस संसार में मां भगवती की आराधना करने के तमाम उपाय हैं। जो भी व्यक्ति इस मां भगवती के पावन चरित्र को सुनता है या कहता है उसको महान पुण्य प्राप्त होती है। इस संसार में दो ही सत्ता है एक का नाम है शक्ति और दूसरे का नाम ब्रह्म है। ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। बिना ब्रह्म के शक्ति अधूरी है और बिना शक्ति के ब्रह्म अधूरा है। प्रत्येक जीव के अंदर शक्ति के रूप मां भगवती विराजमान हैं और श्वास के रूप में ब्रह्म विराजमान हैं। किसी व्यक्ति के शरीर से शक्ति निकल जाए तो वह किसी कार्य का नही होता। बिना शक्ति के प्राणी जीवित तो रह सकते हैं पर कुछ कर नहीं नहीं सकते। इसलिए जब शक्ति और ब्रह्म दोनों का समन्वय होता है तो मनुष्य या किसी भी जीव की एक शरीर बन करके तैयार होती है।

# जागरूकता पैदा करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** माता सावित्री फाउंडेशन के तत्वावधान में समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए बगही लोनावाला दरगाह में नाटक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज संस्थान गोंडा के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा एडवोकेट ने बाबा साहब आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह उच्च कोटि के विद्वान हुए और भारतीय संविधान बनाने का कार्य किया। उन्होंने साहू जी महाराज के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने 26 जुलाई 1902 को अपने राज्य कोल्हापुर में 50 फ़ीसदी आरक्षण लागू की जिसे बाबा साहब ने संविधान में भी उल्लेख किया। माता सावित्री फेडरेशन अध्यक्ष सविता वर्मा ने कहा कि माता सावित्री फुले वह माता फातिमा शेख दोनों महिलाओं की देन है कि आज महिलाएं शिक्षा प्राप्ति में कीर्तिमान बना रही हैं। कार्यक्रम में फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा समाज में शिक्षा एकता के साथ ही समरसता के लिए जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्या प्रसाद ने की तथा रामकुमार राव बीपी विवेक डीपी हंस आनंद सिद्धार्थ सरिता कश्यप राम तेज प्रेमी महेश कुमार ने भी विचार रखे।

# श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव में पहले दिन लगेगी भक्तों को मेहंदी

**गोंडा कार्यालय:** श्री श्याम मन्दिर का 20वां वार्षिकोत्सव शनिवार से शुभारंभ होगा। जिसको लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव मेंहदी उत्सव के साथ प्रारम्भ किया जायेगा। महिला मण्डल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत हाथों में मेंहदी रचाकर किया जाता है।

इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 3-4-5 फरवरी की शुरुआत भी मेंहदी कार्यक्रम का शुभारंभ के साथ होगा। समिति की सदस्या पूनम मित्तल ने अनुरोध किया कि सभी पुरुष, महिला एवं बच्चे दोपहर तक मन्दिर प्रांगण पहुंचकर मेंहदी लगवाना प्रारम्भ कर दें। मेंहदी उत्सव के दौरान दादी को मीठे मीठे भजनों से रिझाने की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। समिति की सदस्या प्रेमलता सिंघल ने बताया आयोजन के दूसरे दिन प्रातः 9 बजे से भव्य निशान शोभा यात्रा डीजे बैण्ड के साथ भजनों की धुन पर नगर में निकाली जायेगी। यात्रा में श्री श्याम प्रभू एवं राणी सती दादी का भव्य दरबार सजाया जायेगा। सायंकाल भजन संध्या सायं 5 बजे से मध्य रात्रि तक चलेगी। जिसमें पहली बार जिले आ रहे भजन गायक रवि बेरीवाल कोलकाता श्याम प्रेमियों को मीठे रसीले भजनों से मंत्रमुग्ध करेंगे।

भजन गायक पंकज निगम एवं मानसी अग्रवाल द्वारा भी भजन होंगे। नवमी की तिथि होने के कारण दादी मां की विशेष भजन संध्या मानसी अग्रवाल द्वारा सायं 6 से 7 बजे तक आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम के तीसरे दिन पुनः दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक भजनों की माला पिरोई जायेगी, जिसमें खलीलाबाद से सरदार रोमी एवं कोलकाला से विकास रूड्या द्वारा बाबा का गुणगान किया जायेगा।

# भाजपा की बैठक में गांव प्रवास की योजना पर जोर

कौड़िया बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल मुख्यालय कौड़िया बाजार में मंडल कार्यालय पर आयोजित किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनंत राम शुक्ला व संचालन राजेश सिंह ने किया।

बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता को एक दिन का प्रवास हर गांव में जाकर करना होगा और गांव वासियों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना होगा। उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का समाधान करने का पूर्ण प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अनंत राम शुक्ला ने कहा कि स्कूलों में जाकर अध्यापकों एवं छात्राओं से मिलकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संयोजक हृदय राम द्विवेदी, अध्ययन द्विवेदी, राजू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष तपसीराम गौतम, पंकज शुक्ला, रामदल शुक्ला, संतोष प्रधान सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चारा मशीन बेचने का झांसा दे जालसाजों ने ठगे 84 हजार

## फेसबुक पेज पर आया था चारा मशीन का विज्ञापन, केस दर्ज

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के खरगूपुर गांव के रहने वाले किसान से जलसाजों ने चारा मशीन बेचने के नाम पर 84000 रुपये ठग लिए। पीडित किसान की शिकायत पर नवाबगंज पुलिस ने दो जालसाजों के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज किया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के खरगूपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसके फेसबुक आईडी पर एक चारा मशीन का विज्ञापन आया था। मशीन का विज्ञापन देख उसने लिंक में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो बात करने वाले ने अपना नाम हसन मोहम्मद और रामकिशोर बताया।

जालसाजों ने किसान को मशीन की डिलीवरी का झांसा देते हुए उससे पहले पैसे भेजने के लिए कहा। किसान ने जलसाजों की तरफ से उपलब्ध कराए गए स्कैनर के जरिए 84000 रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर दिया। पीड़ित किसान का कहना है कि भुगतान हो जाने के बाद आरोपी मशीन की डिलीवरी देने में आनाकानी करने लगे। कई दिनों तक टरकाए जाने के बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। जब उसने दबाव बनाया तो तो आरोपियों ने मशीन की डिलीवरी देने से इंकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित किसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# करनैलगंज नवीन मंडी में गंदगी, अव्यवस्थाओं का बोलबाला


करनैलगंज मंडी में खराब पड़ा हैंडपंप।



मंडी स्थल का मुख्य गेट। अमृत विचार


खराब वाटर टैंक। अमृत विचार

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज

**अमृत विचार :** अपनी समस्याओं को लेकर करनैलगंज नवीन फल, सब्जी व गल्ला मंडी स्थित हाकिम के दरबार पहुंच रहे फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। कारण मंडी सचिव व कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थिति। इन दिनों मंडी में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। गांव गिराव दूर दराज से यहां अपनी उपज बेचने आए किसानो ने बताया कि साहब के दर्शन तो कभी होते ही नहीं है। उधर, इस बाबत मंडी सचिव करनैलगंज का कहना है कि उनके पास गोंडा के अलावा करनैलगंज का अतिरिक्त चार्ज है। शीघ्र ही मंडी की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। बृहस्पतिवार की सुबह ठंड होने के बाद भी मंडी में रौनक दिखाई पड़ी। धीरे-धीरे घड़ी ने सुबह के 11:00 बजा दिया लेकिन 11:00 बजने के बाद भी मंडी सचिव का कमरा व उनकी कुर्सी खाली ही नजर आई। यही नहीं बगल में स्थित कार्यालय की अन्य कुर्सियां भी खाली ही दिखाई दी। वहीं कार्यालय में लगे सीसी टीवी कैमरे बंद मिले। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने बताया कि ठंड अधिक होने के चलते साहब लोग दोपहर बाद ही आते हैं। ऐसी स्थिति में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है की मंडी में आने वाले वाहनों व उन पर लदे माल सहित अन्य कार्यों को कौन करता होगा। मंडी आने वाले लोगों के लिए न तो अलाव जलता मिला और न ही शुद्ध पानी की व्यवस्था दिखाई दी। मंडी के भीतर बनाए गए आधुनिक शौचालय में भी ताला लटकता मिला जिससे परेशानी बढ़ गई है।

### गंदगी और बदबू से हो रही परेशानी

मंडी परिसर की सफाई के लिये कहने तो सफाई ठेकेदार की तैनाती है। जिसके लिए प्रतिमाह उसे निर्धारित धनराशि भी प्रदान की जाती है। लेकिन सफाई के नाम पर यहां कुछ भी नजर नहीं आया। कई दिनों से पड़े कूढ़े के ढेरों से उठ रही सड़ांध इस बात की गवाही दे रही थी कि यहां सफाई का आलम क्या है। यहां आने जाने वाले किसानों और व्यापारियों के लिए आधुनिक सुलभ शौचालय का निर्माण लाखों का खर्चा करके बनवाया गया है। लेकिन सफाई व रखरखाव के आभाव में यह अब जीर्ण शीर्ण होता जा रहा है। शौचालय में ताला जड़ा हुआ मिला। लोगों ने बताया कि यह स्थिति अक्सर यहां रहती है।

### पेयजल के लिए तरस रहे लोग

मंडी परिसर में पेय जल के लिए कोई भी इंतजाम नहीं है। पानी की टंकी सोखी पड़ी थी। वहीं परिसर में लगे हैंडपम्प खराब पड़े हैं। जिससे यहां आने वाले लोगों को व व्यापारियों को पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

# शटर का ताला तोड़कर नकदी, जेवर ले गए चोर

**धानेपुर, गोंडा:** इंदिरा नगर बाजार में दो प्रतिष्ठानों में चोरों ने बृहस्पतिवार की रात उत्पात मचाया। एक सराफा दुकान समेत दो दुकानों के शटर में लगे ताले को तोड़कर नकदी जेवरात व कपड़े उठा ले गए। पीड़ित व्यापारियों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धानेपुर थाने में तहरीर दी है। धानेपुर कस्बे के पूरब गली के रहने वाले श्रीराम सोनी इंदिरा नगर बाजार में सराफा व रेडीमेड कपड़ों की दुकान करते हैं। श्री राम सोनी के मुताबिक बृहस्पतिवार की शाम को वह दुकान में ताला लगाकर अपने घर चले आए थे। रात में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़ दिया और दुकान में घुसकर आधा किलो चांदी, 30 ग्राम सोना व 12500 रुपए नगद उठा ले गए। श्रीराम सोनी ने बताया कि करीब ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसी दुकान से 200 मीटर दूरी पर रमेश शुक्ला की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। रमेश की दुकान का शटर भी चोरों ने काट दिया और दुकान के अन्दर रखा लैपटॉप, मोबाइल, टैबलेट, कैमरा, पेन ड्राइव व 3000 नगदी ले जाने में सफल रहे। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## एक नजर

### जरवलरोड थानाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार



थानाध्यक्ष।

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** नवागंतुक थानाध्यक्ष जरवलरोड ने शुक्रवार को थाने पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर कामकाज संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करते हुए उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था पुलिस की प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनापुर माफी निवासी सालिकराम (78) का शव शुक्रवार शाम को पैतौरा चौराहे के पास मिला। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि देर शाम पैतौरा मोड़ के पास शव मिलने की सूचना मिली जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में दो दीवान भी हुए लाइन हाजिर

**बहराइच, अमृत विचार :** जरवल रोड थाना क्षेत्र के हरचंदा गांव में जमीनी विवाद के मामले में पुलिस अधीक्षक का एक्शन जारी है। एसपी वृंदा शुक्ला ने प्रभारी निरीक्षक और चौकी इंचार्ज को पहले ही लाइन हाजिर कर दिया है। अब चौकी जरवल में तैनात दीवान ध्रुव नारायण यादव और शंकर यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### बलरामपुर के वृद्ध की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** बलरामपुर जनपद के कोतवाली देहात क्षेत्र के नाथईपुरवा गांव निवासी मुनीश कुमार मिश्रा (60) एक पलेसर कारखाने में काम करते थे। गुरुवार को वह ड्यूटी कर साइकिल से वापस जा रहे थे। एलहवा मोड़ के पास कार ने साइकिल में टक्कर मार दी जिसके चलते वह घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज बहराइच में उनकी मौत हो गई।

# आर्द्र भूमि का संरक्षण न होने से बाढ़ और तेज धूप का हो रहे शिकार

**वेटलैंड डे**

▸▸ **मैलाताल के तट पर हुआ बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल का आयोजन**

**तेजवापुर, बहराइच**



मैला ताल के तट पर मौजूद लोग, दूरबीन से पक्षियों को देखते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विलुप्त हो रही आर्द्र भूमि (वेटलैंड) के संरक्षण और स्वच्छ पेयजल व पेयजल स्रोतों के संवर्द्धन के लिए 'एक जनपद-पारिस्थितिकीय गंतव्य' की थीम पर शुक्रवार को बहराइच वन प्रभाग अंतर्गत आर्द्रभूमि मैलाताल पर वेटलेंड डे व वर्ड वॉचिंग फेस्टिवल के साथ कार्यक्रम आयोजित हुए।

मैलाताल के तट पर वेटलेंड दिवस के अवसर पर गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता व रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएफओ बहराइच वन प्रभाग अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि परिस्थितिकीय तंत्र के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण अत्यंत उपयोगी है। आर्द्र भूमि के प्रति मानव की संवेदनहीनता का परिणाम है कि अल्पकालिक वर्षा के बाद बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। आर्द्र भूमि के नष्ट होने से भूगर्भीय जल स्तर में गिरावट देखने को मिल रही है क्योंकि आर्द्रभूमि अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्जिंग का सर्वोत्तम साघन है। हमें आर्द्र भूमि के संरक्षण को शीर्ष प्राथमिकता देनी होगी। बता दें कि बहराइच वन प्रभाग अंतर्गत अन्य सभी रेंजों में आर्द्रभूमियों झीलों व तालाबों के निकट स्थित वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओंने दूरबीन से बर्ड वॉचिंग का आनंद उठाया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख तेजवापुर के प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी नानपारा अशोक कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी बहराइच मोहम्मद साकिब, कैसरगंज के अभिषेक सिंह, प्रभारी वन सुरक्षा दीपक कुमार सिंह, प्रभाग व रेंज स्टॉफ व श्री जूठन सिंह कुशवाहा इंटर कॉलेज के शिक्षक मौजूद रहे।



कैलेंडर जारी करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

## पिकअप में भिड़े स्कूटी सवार, दंपती घायल



**रिसिया मोड़, बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा-बहराइच मार्ग पर पिकअप में पीछे से स्कूटी जा भिड़ी। इसमें दंपती घायल हो गए। रामगांव थाना क्षेत्र के बल्दीपुरवा तकिया निवासी प्रमोद कुमार पत्नी सावित्री देवी को बल्दीपुरवा तकिया से गंभीरवा वाली रोड पर स्कूटी सीखने के लिए निकले थे। वह जैसे ही धर्मनपुर के पास पहुंचे, वहां भारत गैस की पिकअप खड़ी थी। सावित्री देवी ने पिकअप के पीछे से अपनी स्कूटी ठोक दी जिससे प्रमोद व सावित्री घायल हो गए।

# विदेश सेवा के अधिकारी बोले- जिले में पर्यटन की हैं अपार संभावनाएं

## भ्रमण के दौरान सीएचसी कैसरगंज व 50 बेडे के एमसीएच विंग का किया निरीक्षण

**संवाददाता, बहराइच**



कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के साथ भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के दल के सदस्य।

**अमृत विचार :** मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत इन्वेस्ट यूपी मित्र अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय भ्रमण पर वर्ष 2023 बैच के भारतीय विदेश सेवा की 10 सदस्यीय टीम शुक्रवार को आकांक्षात्मक जनपद बहराइच पहुंची। सभी ने विकास कार्यों को सराहनीय बताते हुए जिले में पर्यटन स्थल के बारे में वार्ता की।

प्रतिनिधिमंडल में अरनव प्रताप सिंह, नमाशा केसरिया, मनन अग्रवाल, मोहित कुमार, अंकित यादव, श्वेतो त्यागी, असद जुबेरी, मनीष कंसल, रजत व प्रवीन कुमार निगम आदि रहे। इन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज व 50 बेडे मेटरनिटी विंग, कम्पोजिट विद्यालय कुंडासर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परसेंडी का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट की। सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। संविलियन विद्यालय कुंडासर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के समक्ष स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत, लोकगीत, बालगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने वन-टू-वन बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा-दीक्षा व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए पूरी मेहनत के साथ शिक्षा के सफर को जारी रखने की सीख दी। विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से विदेश सेवा के अधिकारियों ने स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, रसोई, शौचालय, पुस्तकालय, लैब, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग यूनिट के साथ-साथ कक्ष तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य कैसरगंज व 50 बेड एमसीएच विंग का निरीक्षण किया। विदेश सेवा के अधिकारियों के दल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेट की। डीएम ने प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित अधिकारियों का स्वागत किया।

## पुलिया व नाला निर्माण से दूर होगा जलभराव

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवलरोड क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थाई निराकरण के लिए प्रस्तावित नाला व पुलिया निर्माण को लेकर शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी जरवल ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण शुरू होगा। जरवलरोड बाजार में जलनिकासी की समस्या को लेकर विगत माह मुख्य विकास अधिकारी आर. राम्या ने नाला व पुलिया के निर्माण की संस्तुति की थी। तैयार कार्य योजना का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी जरवल एसपी पांडेय ने ग्राम बम्मौरा एवं ग्राम रेवढ़ा में भ्रमण किया। नालियों के दूषित पानी की निकासी के लिए जरवल रोड-गोंडा मार्ग पर पुलिया निर्माण के संबंध में चीनी मिल तिराहा के पास पुलिया निर्माण और ग्राम पंचायत रेवढा के गंगापुरवा से नौसहारा तक नौवसहारा से करिया सिंह पुरवा तक नौवसहरा से नया पुरवा तक पंडित पुरवा के नाले पर पुलिया के निर्माण को लेकर स्थलीय सत्यापन किया। इस दौरान एपीओ प्रक्षित यादव, तकनीकी सहायक हनुमान सिंह, एमआई जरवल, प्रधान प्रतिनिधि रेवढ़ा दुखहरन यादव समेत अन्य भी मौजूद रहे।

# अंग्रेजों के जमाने का नियम हटाए सरकार

**उठाई मांग**

▸▸ **सेवानिवृत साथी के विदाई समारोह में छलका होमगार्डों का दर्द**

**बहराइच, अमृत विचार :** चितौरा में होमगार्ड संघ जिला कार्यकारिणी के जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे के नेतृत्व में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कोतवाली देहात में होमगार्ड सालिक राम शुक्ला होमगार्ड विभाग में 43 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए। कंपनी चित्तौड़ा के जवानों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। समारोह के दौरान होमगार्ड जवानों का दर्द झलक उठा।

ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद तिवारी ने बताया कि रिटायर होने पर सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता नहीं दी है। हम आपस में चंदा कर विदाई समारोह करते हैं। प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि रिटायर होने पर कम से कम 50 लाख रुपये दिए जाए जिससे परिवार का पालन-पोषण घर पर रहकर कर सके। प्रभारी निर्मल कुमार जैन ने बताया कि देश आजाद हो गया है, अमृत महोत्सव मनाया जाता है लेकिन देश के होमगार्ड जवान आज भी गुलाम हैं। देश से अंग्रेज चले गए लेकिन नियम उन्हीं का बनाया चल रहा है। सभी ने होमगार्ड एक्ट में संशोधन कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी सरकार नहीं मन रही है। कोतवाली देहात प्रभारी ब्रह्ममा गोड़ ने सेवानिवृत्त होमगार्ड को रामचरित्र पुस्तक भेंट की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद तिवारी, निर्मल कुमार जैन, जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद आदि रहे।

# इलाज से ठीक हुए दो कुष्ठ रोगी, किया गया सम्मानित



कुष्ठ रोगी को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के दो कुष्ठ रोगियों ने इलाज से रोग को मात दे दी है। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को दोनों को सम्मानित किया।

सीएमओ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग न तो आनुवांशिक है और न ही पिछले जन्मों के पापों का फल, बल्कि यह माइक्रोबैक्टीरियम लैप्रे बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रामक रोग है। इलाज न कराने वाले संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से इसका प्रसार होता है। इलाज शुरू होने पर मरीज से दूसरे व्यक्ति तक संक्रमण का खतरा नहीं होता है। संक्रमण के बाद कुष्ठ रोग के लक्षण दिखने में 5 से 7 साल तक लग सकते हैं। अन्य लक्षणों के साथ ही सफेद दाग के साथ सुन्नपन इस रोग की सबसे बड़ी पहचान है। समय से पहचान होने और पूरा इलाज करने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित कर पूरा इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। फिजियोथिरेपिस्ट डॉ. वर्षा, एनएमएस केबी त्रिपाठी, एनएमए ओपी मिश्रा व मेडिकल कॉलेज बहराइच के ओम प्रकाश को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपचार से ठीक हुए सामान्य जीवन जीवन जी रहे दो कुष्ठ रोगियो को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. संतोष राना, एसीएमओ डॉ. पीके बांदिल, डॉ. पीके वर्मा आदि रहे।

## 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में होगा कई मामलों का निस्तारण

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च का आयोजन जनपद न्यायाधीश के न्यायालय, उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों, जिलाधिकारी के न्यायालय व उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों और कार्यालयों में सुबह 10 :00 बजे से होगा। इसमें भरण-पोषण, वैवाहिक, परिवारिक विवाद, राजस्व, श्रम अधिनियम से सम्बंधित आदि वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# वीजा दिलाने के नाम पर 2.10 लाख रुपये ठगे, केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** हज यात्रा कराने व वीजा दिलाने के नाम पर 2.10 लाख की ठगी के शिकार युवक ने ट्रैवल एजेंसी के तीन संचालकों के विरुद्ध नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। मोतीपुर थाने के नयापुरवा घाट निवासी शब्बीर खां ने 26 अक्टूबर 22 को नगर कोतवाली के चांदपुरा स्थित ट्रैवल टाइम टुअर एंड ट्रैवल एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों अब्दुल्ला खान, शहनवाज खान व नसीम से संपर्क किया और सपत्नी हज यात्रा पर जाने की बात कही। हज यात्रा को लेकर ट्रैवल एजेंसी ने 8 लाख रुपये मांगे और पासपोर्ट जमा करा लिया। तीन दिन बाद शब्बीर ने अपने भांजे के खाते से 2.10 लाख रुपये लखनऊ के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। शब्बीर ने बीजा, अन्य कागजात व टिकट मांगा तो ट्रैवल एजेंसी के संचालक टालते रहे। जैसे-तैसे उसने पासपोर्ट तो हासिल कर लिया पर 2.10 लाख वापस नहीं मिले। शब्बीर ने ठगी के मामले में तीनों संचालकों अब्दुल्ला खान, शहनवाज खान व नसीम के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# 452 छात्र-छात्राओं ने दी प्रतिभा खोज परीक्षा

**संवाददाता, श्रावस्ती**



परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरसिया स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित हुई। इसमें ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के 452 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

परीक्षा के आयोजक समाजसेवी शुभम शुक्ला ने बताया कि 7 फरवरी को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम विजेता को रेंजर साइकिल, द्वितीय को 31 सौ व तृतीय विजेता को 21 सौ रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार के रूप् में पांच छात्र-छात्राओं को 11-11 सौ रुपये दिए जाएंगे। 7 फरवरी को बीआरसी भवन में सुबह 10 बजे से पुरस्कार वितरण होगा। शिक्षक अयोध्या प्रसाद राणा, विजय कुमार पाठक, पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-331

**बाएं से दाएं**

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।




### वर्ग पहेली - 330 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | ह | ल | हा | | 2 रो |
| भ | | | | | ज़ा |
| नी | | 3 जो | | 4 जा | |
| | 5 म | हा | भा | ग | |
| 6 ग | ग | री | | र | |
| | रि | | | ण | |
| | 7 बी | ए | ड | | |

## सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17.20 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06.51-07.35, 07.35-08.19 तक।

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

**मिथुन** — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

**कर्क** — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

**सिंह** — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

**तुला** — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

**धनु** — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

**मकर** — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

**कुंभ** — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जागृति — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

**Sony Max**
- अतरंगी रे — सुबह : 10.22
- अफवाह — रात : 07.00

**Sony Pix**
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09.42
- एस्केप रूम — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- एनेमी — सुबह : 10.30
- जीरो — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- गहराइयां — दोपहर : 01.04
- धनवान — रात : 07.32

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

# हादसा नहीं, हथौड़े से मारकर की गई थी युवक की हत्या

**खुलासा**

- फ्लोर मिल के निकट मिला था शव, जीजा- साले गिरफ्तार
- उधार के 30 हजार रुपये देने के बहाने बुलाकर की थी वारदात

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** दरगाह थाना क्षेत्र में एक युवक का शव तीन दिन पूर्व फ्लोर मिल के निकट मिला था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दरगाह थाना क्षेत्र के महाराज गांव निवासी तसव्वर तीन दिन पूर्व बाइक से घर से गया था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। उसका शव सपना फ्लोर मिल के निकट झाड़ियों में मिला था। उसके छोटे भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवक की हत्या की बात सामने आई थी जिस पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने दरगाह थाने की पुलिस के साथ एसओजी टीम को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि तसव्वर के 30 हजार रुपये दरगाह थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी निजामुद्दीन पुत्र भाई लाल ने ब्याज पर लिए थे लेकिन वह पैसा नहीं देना चाहता था जिसके चलते उसने 30 जनवरी को तसव्वर को पैसा देने के बहाने बुलाया और अपने साले गांव निवासी इकरामुद्दीन पुत्र फकीरे के साथ मिलकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि हथौड़े से सिर पर वार कर तसव्वर को मरणासन्न किया, इसके बाद गला दबा दिया। आरोपी जीजा-साले के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि हत्याकांड में प्रयुक्त हथौड़ा व अन्य सामान बरामद कर सीज कर दिया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा और एसओजी की टीम शामिल रही।


हत्याकांड का खुलासा करतीं एसपी। अमृत विचार

**इस तरह मार डाला था**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी निजामुद्दीन ने तसव्वर को रुपये देने के लिए टोल प्लाजा के निकट स्थित मिल के पास बुलाया। वहां इकरामुद्दीन पहले से मौजूद था। जैसे ही तसव्वर वहां पहुंचा, इकरामुद्दीन ने उसके सिर पर हथौड़ा दे मारा। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद भी उसका गला दबाया।

# पारिवारिक विवाद में वृद्ध को भाइयों ने पीटा, लखनऊ रेफर

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे नगर गांव निवासी एक वृद्ध पर उसके भाइयों ने हमला कर दिया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है।


हमले में घायल वृद्ध।

कोतवाली देहात के नगर गांव निवासी जागेसर प्रसाद (65) अविवाहित है। वह अकेले रहते हैं, पास में ही उनके भाई भी रहते हैं। देर रात पारिवारिक विवाद में जगेसर पर उनके भाइयों ने हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली देहात पुलिस ने वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म गौड़ ने बताया कि पारिवारिक विवाद में हमला हुआ है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

**एक नजर**

### कल आएंगे राज्य मंत्री

**बहराइच, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति का 4 फरवरी को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह अपरान्ह 2:00 बजे जिला कारागार पहुंचकर वहां निरुद्ध ऐसे बंदियों जिनके परिजन उनसे मिलने नहीं आते हैं, उन्हें कंबल, गर्म कपड़े, हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का वितरण कर बंदियों से संवाद भी करेंगे। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मंत्री अपरान्ह 4:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।



### चोरी का किया प्रयास

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज कस्बे में बीती रात चोरों ने शर्मा ज्वेलर्स की दुकान में पीछे से सेंध काटकर हाथ साफ करने का प्रयास किया। ज्वेलर्स की दुकान में घुसे चोरो ने रैक खंगालते हुए तिजोरी तोड़ने की कोशिश की लेकिन मजबूत तिजोरी के ताले नहीं तोड़ सके जिससे चोरो की मंशा पर पानी फिर गया। दुकान मालिक रामकुमार शर्मा ने बताया कि सुबह घटना की जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने पुलिस को लिखित सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

### समाधान दिवस आज

**बहराइच, अमृत विचार :** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में फरवरी के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में इसका आयोजन होगा। इसके अलावा शेष तहसीलों में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता संबंधित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# अब दो ग्राम पंचायतों में बनेगा मिनी स्टेडियम

## नीति आयोग से मिले बजट से होंगे विकास कार्य

संवाददाता, बहराइच

**योजना**

- सीएचसी में लगाई जाएगी डिजिटल एक्सरे मशीन

**अमृत विचार :** नीति आयोग की ओर से जिले को दो करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इस बजट से दो ग्राम पंचायतों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही गांव के लोगों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए डिजिटल एक्सरे मशीन की खरीद कर स्थापना की जाएगी।

बहराइच जिला अकांक्षात्मक जनपद में शामिल है। जिले में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। सरकार की योजनाओं का लाभ गांवों के लोगों को मिला है। बेहतर विकास कार्यों को लेकर नीति आयोग की ओर से जिले को दो करोड़ रुपये जारी किए गए थे। इससे जिले में विकास कार्य होंगे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा दिए गए दो करोड़ रुपये से जिले की दो ग्राम पंचायतों में मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा। इसके अलावा जनपद में जिन दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल एक्सरे मशीन नहीं है, वहां इन्हें खरीदकर लगवाया जाएगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने क्षेत्र में ही डिजिटल एक्सरे की सेवा मिल सके। उन्होंने बताया कि नीति आयोग के मानकों को पूरा कर विकास कार्यों को इस बजट से गति दी जाएगी।



> नीति आयोग से जारी किए गए 2 करोड़ रुपये के बजट से ग्रामीण क्षेत्र में दो स्टेडियम का निर्माण होगा। इसके लिए राजस्व विभाग को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश किए गए हैं। जमीन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, वह चाहे जिस तहसील में जमीन हो।
> –मोनिका रानी, जिलाधिकारी

### आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच, अमृत विचार :** बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि शनिवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अस्पताल चौराहा का मरम्मती कार्य होगा। इसके चलते अस्पताल चौराहे के सभी फीडर की आपूर्ति सुबह 10:00 से 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी ने बताया कि इस कारण अस्पताल चौराहा, उपकेंद्र से पोषित फीडर स्टेडियम, छोटी बाजार, पुलिस लाइन, संहारन मंदिर में आपूर्ति प्रभावित रहेगी। लोग पहले से ही पानी की व्यवस्था कर ले। उन्होंने बताया कि मरम्मत के कार्य के कारण ये शट डाउन लिया जा रहा है।



# मंडल में टॉप पर रहे जिले की करेतर वसूली

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** राजस्व कार्यों व कर-करेतर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि लंबे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें और अभियान चलाकर उन्हें निस्तारित किया जाएं।

डीएम ने कहा कि विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित सीलिंग से संबंधित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाएं। पेंशनर्स से संबंधित समस्याओं व विभागीय कार्रवाई की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि समयबद्धता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं। आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाएं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों के निस्तारण में इस बात पर खास तवज्जो दी जाए कि फरियादी की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो जिससे असंतुष्ट प्रकरणों की संख्या में कमी आने से सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक प्रभावित न हो। कर-करेतर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि माहवार निर्धारित लक्ष्य व गत वर्ष इस माह तक की गई राजस्व वसूली से कम वसूली नहीं होनी चाहिए। समीक्षा में पाया गया कि विभागों द्वारा प्रवर्तन की कार्रवाई मानक के अनुसार नहीं की जा रही है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग मानक के अनुसार प्रवर्तन की कार्रवाई कर अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मंडल के अन्य जनपदों के सापेक्ष जिले की वसूली कम नहीं होनी चाहिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, कैसरगंज पंकज दीक्षित, महसी राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर दिनेश कुमार, नानपारा अजित परेश, मिहींपुरवा के संजय कुमार सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

# नाले में उतराता मिला ग्रामीण का शव

**पड़ताल**

- 31 जनवरी की रात से लापता था अधेड़, दर्ज थी गुमशुदगी

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** चकिया रेंज के जंगल में बहने वाले नाले में अधेड़ ग्रामीण का शुक्रवार को शव बरामद हुआ। वह 31 जनवरी से लापता था। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया और इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम सभा पड़रिया के मजरा नौकापुरवा के खलपटवा नाले में हरिशचंद्र पुत्र रामनाथ (50) का शव शुक्रवार शाम उतराता मिला। शव ग्रामीणों ने देखा तो आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बताया ने बताया कि ग्रामीण 31 जनवरी की देर रात घर से सोते हुए लापता हो गया था जिसके संबंध में थाना मोतीपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता से न लेते हुए तलाश करने में किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं कर रही थी। परिजनों ने बताया कि लापता होने के तीन दिन बाद गांव के निकट नाले में उतराता शव मिला है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। फिलहाल, मौके पर पुलिस पहुंच कर छानबीन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने बताया कि पड़रिया ग्राम सभा के नौकापुरवा के एकमंद बुद्धि युवक की नाले में शव मिलने का मामला संज्ञान में आया है। बताया जा रहा है कि वह मंदबुद्धि था।


जंगल में नाले में शव मिलने के बाद एकत्र ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# जरवल के विवादित जमीन केस की जांच करेगी एसआईटी

संवाददाता, बहराइच

- पुलिस अधीक्षक ने सीओ की अगुवाई में गठित की टीम

**अमृत विचार :** जरवल रोड थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी टीम का गठन किया है। एसआईटी टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद भूमाफिया समेत अन्य पर कार्रवाई हो सकती है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरचंदा में विवादित जमीन है। इस जमीन का वाद भी कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद भी जरवल रोड थाने और चौकी की पुलिस ने बिना किसी आदेश के ही भूमाफिया के पक्ष में कार्रवाई करते हुए बुलडोजर की कार्रवाई कर दी जिसमें पीड़ित की जमीन पर विरोधी का कब्जा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर एसपी ने पुलिस अधीक्षक नगर को जांच के निर्देश दिए। एएसपी सिटी की जांच के बाद एसपी वृंदा शुक्ला ने प्रभारी निरीक्षक समेत चार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। अब एसपी ने एसआईटी जांच के निर्देश करते हुए टीम गठित की है। टीम में सीओ कैसरगंज, प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर, जरवल रोड, एसओजी प्रभारी को शामिल किया गया है। एसआईटी जांच के बाद भूमाफिया के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

**सार-संक्षेप**

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तीन मेधावियों को मिला मेडल

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवल रोड स्थित गायत्री इंटर कॉलेज के तीन छात्रों को मेडल मिला है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन मेधावियों को विद्यालय के प्रबंधक पंकज तिवारी ने सम्मानित किया। गायत्री इंटर कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विकासखंड स्तर पर हुई जिसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रथम रहे वशिष्ठ भारद्वाज, द्वितीय अमन दीक्षित व तृतीय अखंड प्रताप को विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य सुधीर सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षक दीप शिखा मिश्रा, नीता गुप्ता, सरोज राव, ज्योति गुप्ता, गिरधारी तिवारी, अनम बानो, परवीन बानो, अर्चना राव, अमरनाथ यादव, मुकेश आदि रहे।



प्रमाण-पत्र के साथ सम्मानित छात्र। अमृत विचार

### महंत ने लगाया आश्रम में आग लगाने का आरोप


आग लगने से जली महंत की झोपड़ी। अमृत विचार

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के समय माता मंदिर के महंत की फूस की झोपड़ी में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। सुबह महंत ने आग लगाने की तहरीर थाने में दी। रिसिया थाना अंतर्गत मोहम्मदा में समय माता मंदिर है। मंदिर के पुजारी महंत नारायण मुनि महाराज निकट ही फूस की कुटिया में रहते हैं। गुरुवार रात महंत अपनी कुटिया के बाहर सो रहे थे। रात 3 बजे उनकी झोपड़ी में आग लग गई। सुबह महंत ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि किसी ने आग लगाई है। वह पास की झोपड़ी में थे जिसके चलते बच गए। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है, जांच की जा रही है।

### खेत की स्थिति के अनुसार चुनें फसल अवशेष प्रबंधन



प्रशिक्षण के बाद प्रमाण-पत्र के साथ किसान। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, बहराइच प्रथम में संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। सभी को इन 5 दिनों में सीखी गई फसल अवशेष प्रबंधन की विधियों और तकनीकियों को अपनाने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केंद्र के परियोजना के सह समन्वयक डॉ. नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सिखाईं गई फसल अवशेष प्रबंधन की विधियों में से अपने खेत की स्तिथि के अनुसार चुनाव करना होगा तभी इन विधियों से अधिक लाभ प्राप्त होगा। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने बताया कि धान की फसल अवशेष को मशरूम उत्पादन में इस्तेमाल कर आय का अतिरिक्त स्रोत बनाया जा सकता है। डॉ. नंदन सिंह ने बताया कि फसल अवशेष को खेत में ही मिला कर खेत की उर्वरकता शक्ति सुधारी जा सकती है। इस दौरान डॉ. अरुण राजभर ने किसानों को पराली प्रबंधन कर आय के अतिरिक्त स्रोतों की जानकारी साझा करते हुए उनको अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को गेहूं की देर से बोने वाली प्रजातियों व जायद की फसलों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान यंग प्रोफेशनल कुशाग्र सिंह, प्रगतिशील कृषक सुनील कुमार, गेंदावती, मोहन लाल अवस्थी, बदलूराम, लक्ष्मी नारायण और कन्हैया लाल आदि उपस्थित रहे।

# जुमे की नमाज को लेकर रही कड़ी सुरक्षा


रूपईडीहा में गश्त करते एसएसबी और पुलिस के जवान। अमृत विचार

**रूपईडीहा/कैसरगंज, जैतापुर, (बहराइच), अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को जुमे की नाराज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। सड़कों पर पुलिस की बूटों से सन्नाटा पसरा रहा। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने भी फ्लैग मार्च किया। वाराणसी में ज्ञानवापी मंदिर में पूजा-अर्चना के आदेश के बाद जिला प्रशासन कड़ी चौकसी बरत रहा है। शुक्रवार को सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिलेभर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय की अगुवाई में पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण किया। कैसरगंज में कोतवाल राजनाथ सिंह ने पैदल मार्च किया। जरवल रोड में प्रभारी निरीक्षक के साथ पुलिस सड़कों पर उतरी। मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में रूपईडीहा बाजार के धार्मिक स्थल पर पुलिस व एसएसबी ने पैदल गस्त किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह आदि रहे।

# 5 को अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** भाजपा के तत्वावधान में शुक्रवार को गांव चलो अभियान की पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन मंडल जरवल के ग्राम परसा में मंडल अध्यक्ष के आवास पर हुआ। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा व वं संचालन संतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया।

मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक गांव में प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास कर पार्टी द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा कर नमो एप डाऊनलोडिंग के साथ स्वच्छता अभियान में सामूहिकता से भाग लेंगे। गांव चलो अभियान के जिला सह संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा बहराइच सुवेद वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 5 फरवरी को जनपद के बूथस्तरीय कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन और 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए प्रवासी कार्यकर्ताओं के साथ गांव में प्रवास करेंगे। इस दौरान वे भाजपा सरकार की रीतियों- नीतियों व उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर गांववासियों के साथ चर्चा करें। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष जरवल पवन वर्मा, जिला मंत्री संजय राव, गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक एवं जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी, सहसंयोजक चतुर्गुण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम चंदर वर्मा, महामंत्री राम सिंह वर्मा, राम धीरज चौहान, कौशल किशोर सिंह, अनिल सोनी, राम संवारे यादव, धर्मराज, प्रशांत कुमार अग्निहोत्री, जितेंद्र कुमार सिंह, महादेव प्रसाद वर्मा, श्रीमान वर्मा, नंदन गौड़ सहित शक्ति केंद्र के संयोजक, प्रभारी व मंडल के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


भाजपा की बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**वार्षिकोत्सव** राम नरायन सिंह इंटर कॉलेज में दौड़ और ऊंची कूद के साथ हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

# नाट्य मंचन कर बताए सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** राम नगर खजुरी स्थित राम नरायन सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव की भव्य शुरुआत हुई। पहले दिन दौड़, ऊंची कूद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।

दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर व मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। कक्षा 11 की छात्रा निधि ने राम आएंगे, काजल व उनकी सहयोगी छात्राओं ने निराला मोर गांव की प्रस्तुति दी जिसे मौजूद लोगों ने खूब सराहा। सोशल मीडिया और अंधेर नगरी पर प्रस्तुत नाटक देखकर सभी ने खूब ठहाके लगाए। क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रवीण गौतम ने 100 मीटर, राज सिंह ने 1500 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में साकेत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत ही बड़ा महत्व है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षा की धारा से जोड़ने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य गिरिजा शंकर पांडेय ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति को सराहा और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की नसीहत दी। इस अवसर पर उपप्राचार्य गिरवर प्रसाद त्रिपाठी, अरुण सिंह, अमर बहादुर पटेल, शमशेर बहादुर सिंह, मिथलेश कुमार, राकेश मिश्रा, हरिओम शुक्ल, नरायनदेव द्विवेदी, सहित रामरंग शुक्ल, अशोक सिंह, विमलेश तिवारी सहित कई अभिभावक व अन्य लोग भी मौजूद रहे।



विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### 10 साल की मादा तेंदुए का था शव

**बहराइच, अमृत विचार :** डीएफओ कतर्नियाघाट बी. शिव कुमार ने बताया कि सुजौली रेंज में मृत मिली मादा तेंदुए की उम्र करीब 10 वर्ष है। उन्होंने बताया कि वह काफी वृद्ध हो गई थी जिसके चलते किसी युवा तेंदुए के हमले का जवाब नहीं दे पाई और हमले में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुधवा और कतर्निया घाट के डॉक्टरों ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी शरीर पर बड़े वन्य जीव के दांत के निशान मिले हैं। इससे किसी दूसरे जानवर के हमले की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद रेंज कार्यालय में ही जला दिया गया।

षडेव तु गुणा: पुंसा न हातव्या: कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति: ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।


## संपादकीय

# अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

# रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32: 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

## प्रसंगवश

# भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

# दो नोबेल विजेताओं की दास्तां


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

## सोशल फोरम

# डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं।

देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

**-फेसबुक वॉल से**

# द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।


डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

# फावड़ा व झाड़ू के स्थान पर हाथ में माउस और फाइलें

## कई सफाई कर्मचारी बाबू बनकर निपटा रहे दफ्तरों के कामकाज, गांव में बजबजा रहीं नालियां, गुरुजी खुद कर रहे विद्यालयों की सफाई

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले की 979 ग्राम पंचायतों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए नियुक्त 1,713 सफाई कर्मचारियों में 400 से अधिक सफाई कर्मी जिला और ब्लॉक कार्यालयों में संबद्ध हैं। कोई कंप्यूटर आपरेटर है तो कोई डाक का काम देख रहा है। अधिकारियों की गाड़ी चलाने के साथ ही कई कर्मचारी आवासों में खाना बनाने का काम कर रहे हैं।

जो गांवों में नियुक्त हैं, उनमें 20 फीसदी बीए, एमए, एमएससी पास होने के कारण सफाई करने में शर्म महसूस करते हैं। इसके चलते उन्होंने गांव की सफाई का कार्य स्थानीय कर्मचारियों को पांच से 10 हजार रुपये मासिक में ठेके पर दे रखा है। कुछ ने अपनी ड्यूटी ब्लाक स्तर पर सफाई कर्मियों की टोली में लगवा ली है। ताकि, उन्हें कभी कभार ही काम पर जाना पड़े। ऐसे में कई गांवों में तो सफाई कर्मचारी ही नहीं हैं। पांच हजार की आबादी वाली बड़ी ग्राम पंचायतों में दो के स्थान पर एक ही काम कर रहा है। आलम यह है कि गांव गंदगी और नालियां बजबजा रही है। बारिश में जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नाला नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ रही है।


विकास भवन कार्यालय।


धम्मौर के नूरपुर-मामपुर मार्ग पर बह रहा नाली का गंदा पानी।

### गांवों से नदारद सैकड़ों सफाई कर्मी

जनपद की 979 ग्राम पंचायतों में 1713 सफाई कर्मचारी नियुक्त है। अमूमन 200 कर्मचारी जिला स्तरीय कार्यालयों कलक्ट्रेट, विकास भवन व अधिकारियों के आवासों में लगे हैं। इतने ही कर्मचारी ब्लॉकों में संबद्ध हैं। कुछ महीने पहले जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला व तहसील, ब्लाक स्तरीय कार्यालयों में संबद्ध सफाई कर्मचारियों को मूल तैनाती स्थान पर भेज दिया गया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद यह सभी कर्मचारी पुनरू अधिकारियों से साठगांठ कर जिला व तहसील स्तर के कार्यालयों में संबद्ध हो गए।

> जब कार्यालय पर अधिक काम रहता है तो सफाई कर्मियों का सहयोग लिया जाता है। उसके बाद फिर फील्ड में जाने के लिए कहा जाता है। यदि किसी गांव में समस्या होगी तो उसे दूर कराया जाएगा। -**अभिषेक शुक्ला,** जिला पंचायत राज अधिकारी

### प्रधानों और सचिवों से साठगांठ ठेके पर करा रहे कार्य

सफाई कर्मचारी अधिकारियों के यहां खाना बनाने, वाहन चलाने और साफ-सफाई का काम कर रहे हैं। इसके अलावा तमाम कर्मचारी जो पढ़े लिखे हैं और वह सफाई करने में शर्म महसूस करते हैं, ग्राम पंचायतों में प्रधान व सचिवों से सेटिंग बनाए हैं। गांव के ही सफाई करने वाले लोगों को पांच हजार देकर ठेके पर काम करा रहे हैं। विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन हैं। इन्हें पंचायती राज विभाग के बड़े लोगों का भी संरक्षण भी प्राप्त है।

### अफसर नहीं मान रहे गांवों में फैली है गंदगी

जिले की 979 ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई के लिए 1727 सफाई कर्मचारी के पद स्वीकृत हैं। जिनमें से 68 सफाई कर्मचारी की मौत हो चुकी है। अधिकारी चाहें जितने दावे करें कि सफाई कर्मचारी जिला, तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में संबद्ध नहीं हैं, लेकिन बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी गांवों से नदारद हैं। ऐसे में गांवों की सफाई व्यवस्था धड़ाम पड़ी है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां मलबा से बजबजा रही हैं। बारिश होने पर गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। जलभराव कच्चे मकानों के लिए खतरा बन गया है। करीब 500 से अधिक सफाई कर्मी जिला व ब्लॉक कार्यालयों से संबद्ध हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी इस बात से इनकार करते है।

## एक नजर

### एकाग्रता पर हुई कार्यशाला

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कमला नेहरू संस्थान के कृषि संकाय में इस्कॉन या अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ एवं गया सीएसआर की पहल से एकाग्रता पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्थान प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह ने कहा कि श्री भगवत गीता केवल आध्यात्मिक महाग्रंथ ही नहीं वरन् मानव जीवन के कल्याणार्थ एक वृहद सूत्र संहिता है। यहां अक्षय कुमार, माधुरी, अजय, कोमल, द्रक्षा एवं नवल आदि लोग मौजूद रहे।

### धार्मिक स्थलों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे: सीओ

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना परिसर दोस्तपुर में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक कर दोनों पक्षों से कहा कि सोशल मीडिया या अन्य प्रकार से अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। ऐसे तत्वों पर पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी। साथ ही साथ कहा कि मंदिरों और मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना जरूरी है। बैठक में थाना प्रभारी, मन्नू सेठ, अजय सोनी, राजकुमार, रमेश, मो रईस, अजीमुद्दीन, नफीस, शम्भू आदि मौजूद रहे।

### गांव चलो अभियान की कार्यशाला संपन्न

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर अमृत विचार।** भाजपा की गांव चलो आभियान की कटका मंडल की कार्यशाला का शुभारम्भ भारत माता, पं दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा सीता शरण त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री के गांव चलो अभियान पर लोगो का मार्गदर्शन किया। वही कटका मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा ने बताया कि सुलतानपुर विधानसभा में कटका मंडल नंबर एक पर रहना चाहिए। इस मौक़े पर ओम प्रकाश पांडेय, दान बहादुर तिवारी, रमेश वर्मा, राजकुमार गुप्ता, सहित सभी बूथों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# समिति से करें लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत

- **दीवानी न्यायालय स्थित सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** महिलाओं का कार्यालय पर उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध और प्रति तोष अधिनियम 2013 के बारे में दीवानी न्यायालय स्थित सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई।

लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम एवं पैनल अधिवक्ता तथा समस्त पैरालीगल वैलेंटियर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने कहा कि किसी भी संस्थान में या फिर किसी कार्य स्थल पर चाहे वह घरेलू कर्मकार अथवा कार्य स्थल पर यदि महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न होता है तो वह नियमावली व कानून के अनुसार अपनी शिकायतें कार्यालय में बने समिति के समक्ष कर सकते हैं।

राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में अपर जिला जज श्री सिन्हा ने कहा कि अधिनियम बनने के बाद से इसका क्रियान्वयन हो रहा है कि नहीं इसके लिए राष्ट्रीय विधिक राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तीन चरण में जागरूकता अभियान चलायेगा। विभिन्न धाराओं में बनाई गई महिलाओं से संबंधित इस कानून के बारे में सचिव ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम एवं पैनल अधिवक्ता तथा पैरालीगल वालेंटियर को विस्तृत जानकारी दी।


कार्यशाला को संबोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव। अमृत विचार

# गैंगरेप के चार दोषियों को 20 वर्ष का कारावास

- **गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ साल पूर्व किशोरी से गैंगरेप व मारपीट करने का था आरोप**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज एक गांव में नौ साल पूर्व 17 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप करने के दोषी शनि, मुन्ना, दीपू और दीपू उर्फ संगम को पॉक्सो कोर्ट की विशेष अदालत न्यायाधीश एकता वर्मा ने शुक्रवार को 20 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषियों पर कुल 80 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी यादवेन्द्र सिंह के मुताबिक 28 अक्टूबर 2014 की रात नौ बजे आरोपी पीड़िता को घर से उठाकर खेत में ले जाकर गैंग रेप कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला कर अभियुक्तों को 20 साल तक जेल की राह दिखाकर पीड़िता के साथ न्याय किया।

### धोखाधड़ी के आरोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर।** ट्रक का परमिट बनवाने में धोखाधड़ी करने के आरोपी को न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील रोहित अवस्थी ने कहा कि कथित घटना में धर्मेंद्र कुमार मौर्य का कोई रोल नहीं है और उसे मुकदमे में जबरदस्ती फंसाया गया है। पूर्व में आपराधिक इतिहास नहीं होने और मुकदमे में सहयोग करने की शर्त पर अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने जेल में बंद आरोपी धर्मेंद्र मौर्य को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह मामला शेषराज उपाध्याय ने 14 सितंबर 2022 को मुंशीगंज थाने में दर्ज कराया था।

### जानलेवा हमले के आरोपी को कोर्ट से मिली राहत

**सुलतानपुर।** अमेठी कोतवाली क्षेत्र के केवलापुर खेरौना में दो साल पहले विंध्या प्रसाद वर्मा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी राहुल वर्मा को न्यायाधीश अंकुर शर्मा ने जमानत दी है। आरोपी के अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि पुरानी रंजिश में चार जून 2021 को हुई कथित घटना में सरवनपुर निवासी अभिषेक श्रीवास्तव और राहुल वर्मा पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना में पुलिस ने राहुल वर्मा को क्लीन चिट दे दी थी। मुकदमे का ट्रायल न्यायाधीश अंकुर शर्मा की कोर्ट में जारी है जिसमें अभियोजन पक्ष की गवाही के बाद राहुल वर्मा को तलब करने की मांग वादी पक्ष द्वारा की गई। जिस पर कोर्ट ने अर्जी मंजूर कर राहुल वर्मा को विचारण के लिए तलब किया था। जमानत मिलने से आरोपी को राहत मिल गई है।

# डाटा फीडिंग न करने वाले 26 हेडमास्टर का वेतन रोका

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** शासन की प्राथमिकता में शामिल स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल की डाटा फीडिंग में लापरवाही बरतने वाले 26 प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन रोक दिया गया है। उच्चाधिकारियों की समीक्षा में विभाग की किरकिरी होने के बाद बीएसए ने यह कार्रवाई की है। यू डाइस में अविलंब स्टूडेंट्स मॉड्यूल से संबंधित कार्य पूर्ण करते हुए रिपोर्ट मांगी गई है।

बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल, टीचर एंड स्टूडेंट्स माड्यूल की डाटा एंट्री/प्रोग्रेशन का कार्य 31 जनवरी तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाना था। एक फरवरी को उच्चाधिकारियों की समीक्षा में 26 विद्यालयों का अद्यतन कार्य संतोषजनक नहीं रहा। जबकि, शासन के मुख्य बिंदुओं में यह कार्य शामिल किया गया है। ऐसे में इन विद्यालयों के हेडमास्टर का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका गया है।

**कार्रवाई**

- यू डायस पर स्कूल व स्टूडेंट्स की प्रोफाइल की डाटा फीडिंग की जानी है
- अधिकारियों की समीक्षा में किरकिरी होने के बाद बीएसए ने की कार्रवाई

### इन विद्यालयों की डाटा एंट्री अधूरी

कंपोजिट विद्यालय बिही निदुरा, जूनियर हाईस्कूल पिपरी, प्राथमिक विद्यालय बघौना, प्रावि छतौना डड़वा, प्रावि लोहरिया, प्रावि पूरे मैन पांडेय, प्रावि तुलसीराम तिवारी, जूनियर हाईस्कूल समीगंज, प्रावि कुड़िया, प्रावि त्रिलोकचंद्रपुर, जूनियर हाईकूल भवानीपुर, जूहा करमौली, जूहा सेमरौना, प्रावि खुढ़वा, प्रावि गोसैसिंहपुर, प्रावि गोसैसिंहपुर द्विवेदी, कंपोजिट अमिलिया कला, जूहा देईं, प्रावि मल्हौटी, प्रावि मोहम्मदीपुर, प्रावि मलिकपुर, प्रावि सोनारा द्वितीय, प्रावि भरखरे, कंपोजिट खैराबाद व प्रावि हथियानाला शामिल है।

### एक सप्ताह में समाप्त कर देंगे मान्यताः बीएसए

बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के साथ मान्यता प्राप्त विद्यालय मनमानी कर रहे है। कई बार आदेश निर्देश के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यालयों की ओर से डाटा इंट्री के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। सभी विद्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है। एक सप्ताह में यदि शत प्रतिशत यू डायस नहीं भरा गया तो विद्यालयों का मान्यता प्रत्याहरण कर दिया जाएगा।


दीपिका चतुर्वेदी।

## उधार जूस न पिलाने पर दुकानदार पर चलाई गोली

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले की पुलिसिंग फेल नजर आ रही है। एक व्यक्ति ने उधार जूस न देने पर फायर कर दिया। गनीमत रही दुकानदार बाल बाल बच गया। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर खैराबाद निवासी सलमान ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह मुरारीदास गली में फल व जूस की दुकान लगाता है। आरोप है कि गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे दुकान पर इरफान आया। आते ही जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। गनीमत रही गोली बगल से निकल गई। हल्ला गुहार पर जब तक आस पास के लोग दौड़ते तब तक कार में बैठ कर भाग निकला। दुकानदार का आरोप है कि इरफान आपराधिक व दबंग आदमी है। उधार जूस न पिलाने के चलते पिस्टल से फायर किया था। नगर कोतवाल ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

# खड़ंजे पर बैठे युवक को कार ने रौंदा

- **इलाज के दौरान मौत होने से परिजनों में मचा कोहराम**
- **गाड़ी लेकर गया था बारात नाश्ते के बाद हुआ हादसा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को कार लेकर बारात गया युवक नाश्ते के बाद खड़ंजे पर बैठा था। इसी दौरान दूसरे कार सवार ने वाहन पीछे करने के दौरान युवक को कुचल दिया। मौजूद बरातियों ने घायल युवक को सुलतानपुर मेडिकल कालेज लाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बनमई गांव निवासी नाजिम अली का पुत्र इरशाद कार चालक था। गुरुवार को इसी थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी दान बहादुर वर्मा के बेटे गौरव की बारात लेकर अम्बेडकर नगर के रामनगरकर्री गांव गया हुआ था। परिजनो से मिली जानकारी के मुताबिक कार चालक इरशाद (35) बारात में नाश्ते के बाद बाहर खड़ंजे पर बैठा था। इसी बीच दूसरा कार चालक कार पीछे करते समय इरशाद को कुचल कर भाग निकला। जानकारी होने पर बारातियों ने उसे निजी वाहन से मेडीकल कॉलेज सुलतानपुर लाए। जहां मौजूद चिकित्सकों के इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चिकित्सकों की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे ले लिया। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि इरशाद की मौत से आदिल 12 वर्ष, सैफ 9 वर्ष के ऊपर से पिता का साया उठ गया। वहीं पति की मौत पत्नी शमा का रो रो कर बुरा हाल है।


इरशाद की फाइल फोटो।

# पीआरडी जवान को गोली मारने के मुख्य आरोपी सहित 3 बंदी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** पीआरडी जवान को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपियों सहित साजिश में शामिल युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से तीनों जेल भेज दिए गए।

घटनाक्रम के अनुसार रविवार को पूरे पंडित का पुरवा मजरे सरकौड़ा गांव निवासी पीआरडी जवान रणजीत तिवारी को ड्यूटी से घर जाते समय रास्ते में बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी थी। घायल का इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है। घायल की मां तारावती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। दो दिन पूर्व पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता व बेटे को जेल भेज दिया था। लगातार पुलिस कार्यवाही के चलते शुक्रवार को पुलिस ने जुड़ैयापुर मोड़ थाना कुड़वार के पास से मुख्य आरोपी परिक्रमा प्रजापति व जितेंद्र प्रजापति निवासी सरकौड़ा और घटना की साजिश में शामिल अंश कुमार गांव उतुरी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। दोनों के पास से पुलिस ने दो अवैध पिस्टल व चार जिंदा कारतूस व बाइक बरामद की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूर्व में हुए विवाद के कारण आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही।

# वोटर लिस्ट में न आए हिस्ट्रीशीटरों का नाम

- **क्षेत्राधिकारी ने किया कोतवाली का अर्धवार्षिक मुआयना**

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने कोतवाली कादीपुर का अर्धवार्षिक मुआयना किया। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली परिषद की साफ सफाई एवं अभिलेख की जांच की। इस दौरान महिला एवं पुरुष आरक्षियों तथा उपनिरीक्षकों से असलहों के जुड़ने एवं तोड़ने का अभ्यास कराया। परिसर में बैठने की व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता का निर्देश दिया। महिला एवं पुरुष अरक्षियों की बीट बुक में की गई एंट्री को देखा।

उन्होंने लापता हिस्ट्रीशीटरों के बारे में अलग से पता लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी कीमत पर लापता हिस्ट्रीशीटरों का नाम मतदाता सूची में न आने पाए और वे मतदान ना कर सके। टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने एवं अवैध असलहों तथा गौ तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। मंदिर मस्जिद एवं महापुरुषों की मूर्तियों पर सीसीटीवी कैमरा सत प्रतिशत इंस्टॉल कराए जाने का भी निर्देश दिया। अभियान चलाकर लंबित विवेचनाओं का निस्तारण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी किए जाने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह सहित कोतवाली के उपनिरीक्षक एवं आरक्षीगण मौजूद रहे।



कादीपुर कोतवाली का निरीक्षण करते क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

### 400 थाली भोजन बांटा

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से प्रत्येक गुरुवार की रात राजकीय मेडिकल कॉलेज और रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। गुरुवार की शाम सेवा संघ की ओर से दोनों स्थानों पर करीब 400 थाली भोजन का वितरण किया गया। मौके पर शोविक मित्रा, निज़ाम खान, प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा खान, अब्दुल सलाम उर्फ बाबा, मोहम्मद मुजतबा अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**मैनपुर नवाबगंज गोण्डा (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत**

प्राचार्य – 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु – प्राचीन इतिहास, भूगोल विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कृषि संकाय हेतु– प्रवक्ता 4 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नियुक्ति संविदा पर होगी, यू.जी.सी.नेट को वरीयता दी जायेगी।

(इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।)

सत्य प्रकाश तिवारी – प्रबंधक, मो0: 9721655000, 9628551000

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर**

पत्रांक –जन्म–मृत्यु/विज्ञापन/2023–24/9097–2 दिनांक: 1/02/2024

**विज्ञापन**

उ0प्र0 शासन एवं भारत के महारजिस्टार का कार्यालय नई दिल्ली के कुशल दिशा–निर्देशन में राज्य में नागरिक पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत 1969 के तहत कार्य किया जा रहा है। शत–प्रतिशत पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उददेश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 जन्म–मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने सहयोगी विभागों यथा पंचायती राज विभाग (ग्रामीण क्षेत्र) एवं स्थानीय निकाय विभाग (नगरीय क्षेत्र) के साथ संयुक्त रूप से प्रयासरत है। प्रदेश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाले प्रत्येक मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य है। यह आप और हमारे संयुक्त प्रयास से सम्भव है। शत–प्रतिशत पंजीकरण भावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य योजनाओं को बनाने का मुख्य आधार है। आगे आये और पंजीकरण में सहयोग करें।

1. जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है। 2. जन्म / मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करे। 3. जन्म/ मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म एंव स्थान) से करायें। 4. जन्म का पंजीकरण बच्चे का अधिकार है।

**'जीवन और पहचान दो मेरे ये अधिकार दो शिक्षा नौकरी और अधिकार, जन्म प्रमाण–पत्र सबका आधार, शिशु के जन्म पर मंगल गाओ, जन्म पंजीकरण तुरन्त कराओ'**

**- जन्म पंजीकरण के लाभः-**

रजिस्ट्रार द्वारा दिया गया जन्म प्रमाण–पत्र जन्म तिथि का विधिक प्रमाणन है व निम्न उद्देशों के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है– 1. स्कूल में प्रदेश हेतु. 2. राशनकार्ड में शिशु का नाम बढ़ाने हेतु, ३. बीमा पालिसी हेतु 4. ड्राईविंग लाईसेन्स हेतु, 5. पासपोर्ट बनवाने हेतु, 6. सरकारी एंव गैर सरकारी सेवाओं में प्रवेश हेतु. 7. मतदान का अधिकार एवं चुनाव उम्मीदवारी हेतु 8. स्वंय विवाह का अधिकार प्राप्त करने हेतु, 9. बाल विवाह एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार के विवादों के निपटान हेतु 10. अन्य उद्देश्य जहां आयु प्रमाणन की आवश्यकता है।

**-: मृत्यु पंजीकरण के लाभ:-**

1. मृत्यु तिथि का प्रमाण, 2. उत्तराधिकार सिद्ध करने हेतु। 3. सम्पत्ति, बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा के लाभों पर दावा प्रमाणित करने हेतु।

**यदि कोई समस्या है तो अपने जनपद के जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) / जिलाधिकारी अथवा अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), मुख्य चिकित्सा अधिकारी / कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री कमलेश यादव जन्म मृत्यु अनुभाग में सम्पर्क करे।**

नोडल अधिकारी (जन्म–मृत्यु) उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर
अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर
जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) / जिलाधिकारी सुलतानपुर

**प्रतिक्रिया** — अंतरिम बजट में किसानों के लिए कई योजनाएं

# आत्मनिर्भर तिलहन अभियान से किसानों को उम्मीदें

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अंतरिम बजट चुनावी तो जरूरी है, लेकिन इसमें किसानों के लिए कई योजनाओं की बात की गई है। जिससे किसानों को आय बढ़ने के साथ रोजगार भी मिलने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की पूर्व सदस्य एवं इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय ने बजट को प्रगतिशील एवं विकासोन्मुखी बताया है। कहा कि यह बजट सर्वग्राही एवं संतुलित तथा देश को विकास के पाथ पर ले जाने वाला बजट है। इस बजट में ग़रीबों, किसानों, युवकों, मज़दूरों सहित सभी का कल्याण निहित है। डायरेक्ट बेनिफ़िट ट्रांसफ़र से पीएम स्वनिधि, जनधान योजना, विश्वकर्मा योजना, दिब्यांग शशक्तीकरण योजना, अन्नदाता योजना सहित समस्त योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थिओं को मिलने वाली है। शिक्षा एवं इनोवेशन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन होने वाला है।

बिजवारी डीह ढग्गूपुर गांव के किसान राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि बजट में नैनो डीएपी के विस्तार की बात कही गई है। आत्मनिर्भर तिलहन अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी। किसान बंटी गौतम ने बताया कि डेयरी विकास के लिए कार्यक्रम बनेगा। इससे पशुपालकों की आय बढ़ेगी।

शालिनी गौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार महिलाओं पर काफी ध्यान दिया है। इस स्कीम में एक करोड़ लखपति दीदी को बढ़ावा दिया जाएगा और उनकी संख्या बढ़कर 3 करोड़ तक की जाएगी, इसका फायदा देश की महिलाओं को मिलेगा।


प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय


राकेश कुमार तिवारी


बंटी गौतम


शालिनी गौड़

## घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी एवं हजारों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली के सराय रानी गांव में 29 जनवरी की रात अतुल कुमार तिवारी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने बीस हजार नगद, दो जोड़ी जेवरात, दो पीस कान का झुमका तथा दो पीस पायल चोर उठा ले गए। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली में दी गई तहरीर में आशंका जताई है कि अनुराग तिवारी, अभय सहित कुछ अज्ञात लोगों के चोरी में संलग्न रहने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com






अक्षरा सिंह का अंदाज...



# महोत्सव की आखिरी रात अक्षरा सिंह ने सजाई महफिल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

स्थानीय बीएसए ग्राउंड में आयोजित पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का समापन 1 फरवरी को हो गया। महोत्सव की आखिरी रात भोजपुरी गायिका व अभिनेत्री अक्षरा सिंह का कार्यक्रम था।

लेकिन अक्षरा सिंह के नाइट शो में गुरुवार रात करीब 11 बजे गाने के दौरान दर्शकों की भीड़ से अचानक पंडाल में पड़ीं कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दी। शोर शराबा शुरू हुआ तो भीड़ तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हवा में लाठियां भांजना पड़ा। देर रात अभिनेत्री अक्षरा सिंह का शो चल रहा था। तभी अचानक दर्शन शोर करने लगे और आगे बढ़ने लगे। कई लोग कुर्सियां भी तोड़ने लगे। इस पर पुलिस को हवा में डंडा भांज कर दर्शकों को धमकाना पड़ा। पुलिस की सख्ती से भीड़ शांत हो गई। बताया गया है कि भोजपुरी गायिका को भोजपुरी नाइट के लिए बुलाया गया था, लेकिन उनका कार्यक्रम 'जागरण गीत' में बदल गया। पंडाल में मौजूद दर्शन इससे नाराज हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। पंडाल में अराजकता की हालत बन गई। यह देख पुलिस ने मोर्चा संभाला तो भीड़ नियंत्रित हुई।





महोत्सव में अक्षरा सिंह के गीत सुनते दर्शक। अमृत विचार

## महोत्सव का उद्घाटन और समापन दोनों में हंगामा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का उद्घाटन और समापन दोनों हंगामेदार रहा। उद्घाटन समारोह में जहां सांसद और डीएम के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली वहीं महोत्सव की आखिरी शाम अव्यवस्थाओं के चलते सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों को संभालना मुश्किल हो गया। ऐसे में पुलिस को कई बार लाठियां भांजनी पड़ी। आक्रोशित दर्शकों ने दर्जनों कुर्सियां तोड़ डालीं। एक तरफ जहां जिला प्रशासन महोत्सव का समापन पर आनंद उठा रहे थे वहीं दूसरी तरफ दर्शकों पर लाठियां चटक रही थी, जिससे पंडाल में भगदड़ मच गई। गया है। अक्षरा सिंह का प्रोग्राम 8 बजे से तय था जिसको देखने के लिए गांव से और देहात से हजारों की संख्या में हम उमड़ पड़ा, जिसको संभालने के लिए भारी मात्रा में थाने की पुलिस लगा दी गई थी, जिसमें उनके पसीने छूट रहे थे। कुछ पत्रकारों को भी प्रवेश नहीं मिल पाया, जिससे पत्रकारों में भी आक्रोश रहा। लोग अक्षरा सिंह की झलक पाने के लिए बाहर खड़े थे वह पास लेने के बावजूद भी की एंट्री अंदर नहीं हो पाई। इस मामले में कुछ सूत्रों का यह भी कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष भी प्रशासन के तौर तरीकों से काफी दुखी थे।

# वेटलैंडस व पक्षियों का संरक्षण जरूरी : डीएम

## मझौली सागर तट पर विश्व वेटलैण्ड दिवस व वर्ल्ड फेस्टिवल का किया गया आयोजन

सिद्धार्थनगर अमृत विचार

वेटलैंड एक विशिष्ट प्रकार का पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता का महत्वपूर्ण अंग है। भूमि या जल क्षेत्र में वन्य प्राणी प्रजातियों व वनस्पतियों की प्रचुरता होने से वेटलैंड समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है। यह ताल, झील, पोखर, जलाशय, दलदल आदि के रूप में जाना जाता है। हम सभी को वेटलैंडस व पक्षियों का संरक्षण एवं संवर्धन करने का वैज्ञानिक प्रयास करना चाहिए।

यह विचार सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, द्वारा मझौली सागर तट पर विश्व वेटलैण्ड दिवस व वर्ल्ड फेस्टिवल अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अपने संबोधन में व्यक्त किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी जयेद्र कुमार ने कहा कि मझौली सागर में तमाम प्रकार के प्रवासी पक्षी आते हैं। उनकी सुरक्षा व इस वेटलैंड भूमि का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। क्योंकि वेटलैंड्स भूमि व जलाशयों में पक्षियों के लिए प्रचुर खाद्य पदार्थ प्राप्त होने से वेटलैंड का संवर्धन आवश्यक है। पुष्प कुमार के. प्रभागीय निदेशक ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच बर्ड फेस्टिवल व वेटलैंड्स पर भाषण, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में आर ढींगरा, कमांडेंट एसएसबी, नितेश पांडे विधायक प्रतिनिधि, डॉ जीवन लाल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ,सतीश कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी अमरनाथ सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़, सुशील कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी खेसरहा, शिवकुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी बासी ,इलियास अहमद क्षेत्रीय वन अधिकारी इटवा, पंकज त्रिपाठी जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति ,हिमाचल सिंह जेआरएफ ,डिप्टी रेंजर ओंकार नाथ बरुण,फॉरेस्टर जगदीश प्रसाद, निखिल कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र, फॉरेस्ट गार्ड महेश कुमार तथा सहायक मोहम्मद वारिस ,सुजीत कुमार सिंह समेत तमाम लोग व नागरिक तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सिद्धार्थनगर स्थित सदर मालखाना का औचक निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना सिद्धार्थनगर स्थित सदर मालखाना का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मालखाना रजिस्टर-2023 का महोदय द्वारा गहनता से निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक स्टेनो नि0 सुखराम पाल, प्रभारी निरीक्षक तथा थाना सिद्धार्थनगर में नियुक्त अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गोरखपुर प्रवास पर पहुंचे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल

गोरखपुर

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 2 फरवरी को गोरखपुर पहुंचे। वे यहां पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 7 फरवरी को वापस लौटेंगे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां से वह अपने बेतियाहाता स्थित आवास पर पहुंचे।

3 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर सीनियर सेकंडरी स्कूल, सुभाष नगर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकर्ता संगम का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करेंगे। पूर्वाह्न 11:40 बजे होटल कोर्टयार्ड पहुंचेंगे। वहां से निकलकर सवा 12 बजे नौकायन केन्द्र स्थित क्रूज का विजिट करेंगे। 4 फरवरी को पूर्वाह्न 10:30 बजे वे गोरखपुर विश्वविद्यालय के संवाद भवन में पुस्तक लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहां से खजनी स्थित माउंट एडी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। अपराह्न सवा 3 बजे खजनी क्षेत्र के गोपालपुर गांव में निर्मित नए पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। 6 फरवरी को वे विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में पहुंचेंगे। 7 को सुबह 8:30 बजे अयोध्या के लिए निकलेंगे। वहां से बाराबंकी और लखनऊ होते हुए दिल्ली पहुंचेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शुक्रवार को भाजपा मिठवल मंडल कार्यकर्ताओं की कार्यशाला बैठक बीआरपी राष्ट्रीय विद्यालय मिठवल पर मंडल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई1 जिसमें भाजपा द्वारा शुरू किए गए गांव चलो अभियान के कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा तैयार की गई और भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकारी की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया1 बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में भाजपा मंडल अध्यक्ष व अन्य नेताओं द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर स्थापित किया गया।

# धीमी गति से हो रहा नाला निर्माण

सिद्धार्थनगर

**लेट लतीफी**

**मकानों के सामने सड़क किनारे खोदाई से लोग परेशान**

**अमृत विचार।** जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए शहर की मुख्य सड़क के किनारे बन रहा नाला दो माह में पूरा होगा। तब तक मिट्टी खोदाई और निर्माण कार्य के चलते सड़क किनारे के मकान व दुकानदारों के साथ वाहन चालकों को भी जद्दोजहद करनी पड़ेगी। जिस घर व दुकान के सामने मिट्टी खोदाई हो रही है, उन लोगों को कम से कम पांच दिन तक परेशानी झेलनी पड़ेगी।

गुरुवार को घर के सामने हुई खोदाई से सड़क तक आवागमन में दिक्कत झेल रहे सूरज जायसवाल ने कहा कि नाला निर्माण कार्य जल्द पूरा हो तो आवागमन के साथ ही जल निकासी में भी राहत मिल जाती। मुख्य सड़क के दाएं किनारे पर दो करोड़ से हो रहे निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। इस नाले का शहर के हाईडिल तिराहे से एसबीआई के सामने तक निर्माण होना है। इसमें एक माह से चल रहे कार्य से अभी नाले के आधे भाग का ही निर्माण हो सका है। नाला निर्माण के लिए मिट्टी खोदाई कर ढेर लगाने और ढलाई के दौरान इस मार्ग पर कभी-कभी एक लेन पर आवागमन बंद करना पड़ रहा है। दिन में एक लेन बंद होने से एक ही लेन पर दोनों तरफ का यातायात होता है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एक माह से चल रहे निर्माण कार्य के चलते सप्ताह में प्रतिदिन दो से पांच बार जाम लग रहा है। यह निर्माण कार्य दो माह में पूर्ण होने की संभावना है, तब तक शहर के लोगों समेत बाहर से आने वाले वाहन चालकों को भी दुश्वारियां झेलनी होगी। यही नहीं शहर के मुख्य मार्ग से निकले अन्य सड़कों पर नाला निर्माण कार्य रुका है। इनसे गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण यहां मजबूत पुलियों का निर्माण जरूरी है। इस कारण गोबरहवा मार्ग, शास्त्री नगर व नवीन मंडी मार्ग पर पुलियों का निर्माण होना है। इन जगहों के साथ ही सिंचाई विभाग, पीडब्लूडी व पीएचसी नौगढ़ के गेट के सामने भी नाला निर्माण अधूरा छोड़ा गया है। जिससे शहर की यातायत व्यवस्था पूरी तरह अराजक हो गई है। शहरवासियों ने नाला निर्माण जल्द पूरा कराये जाने की मांग की है।

# सूचना व प्रौद्योगिकी का ज्ञान आवश्यक

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के प्रबंधन संकाय में शुक्रवार को राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नाइलिट द्वारा सैनिटाइजिंग स्टूडेंट एबाउट नॉलेज प्रोग्राम एन्ड साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नाइलिट प्रोग्राम के निदेशक एवं वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सौरभ ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का ज्ञान सबके लिए आवश्यक हो गया है। विद्यार्थियों के लिए और शिक्षकों के लिए तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी में दक्षता को अनिवार्य माना जा रहा है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से ही आज के समय में कोई भी विद्यार्थी अपना चौमुखी विकास कर सकता है। रोजगार उद्यम के लिए भी इसकी अपरिहार्यता जग जाहिर है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रमों की जानकारी तथा उसके माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गीडा गोरखपर में नाइलेट के प्रभारी प्रशांत गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि नाइलेट के माध्यम से आज लाखों विद्यार्थियों को सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कौशल युक्त बनाया गया है। उनको इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से रोजगार एवं नौकरी पाने के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि व मौजूद शिक्षक और छात्र।

**प्रशिक्षण** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी कैम्पियरगंज की ओर से आयोजित 21 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# एसएसबी ने युवाओं को दिलाया कंप्यूटर का बेसिक प्रशिक्षण

सिद्धार्थनगर, ककरहवा

**अमृत विचार।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी कैम्पियरगंज की सीमा चौकी लीलाडिहवा के कार्यक्षेत्र प्राथमिक विद्यालय भुजौली में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई के नेतृत्व में किया गया।

मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी लोटन रामप्रवेश ने कहा




प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्र को प्रमाण पत्र देते अतिथि। अमृत विचार

कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है, जिससे इस प्रशिक्षण से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान 66वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कैंपियरगंज के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि यह व्यवसायिक प्रशिक्षण 21 दिनों तक चलाया गया। प्रशिक्षु को व्यवहारिक व सैद्धांतिक दोनो क्लास दिया गया, जिसमें सीमा चौकी लीलाडिहवा एवम हरिबंशपुर के कार्यक्षेत्र से 30 युवाओं को सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में जाने के लिए बेसिक कंप्यूटर का प्रशिक्षण से मदद मिलेगी। सारेटा फाउंडेशन के शिवेन्द्र पाण्डेय ने नागरिक कल्याण कार्यक्रमों की प्रशंसा की। इस दौरान उप कमांडेंट प्रभाकर चतुर्वेदी, सहायक कमांडेंट रामबहादुर गुरुंग, प्रधानाध्यापिका ज्योति कांत वर्मा, सच्चिदानंद, शिक्षक गौरव सिंह, मानव सेवा संस्थान के जिला समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता, सेंटर इंचार्ज बृजलाल यादव, वालंटियर पप्पू वर्मा, एजुकेटर सुनीता पाण्डेय, ग्राम प्रधान भुजौली श्रीपत, ग्राम प्रधान झंगटीअरविंद तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण तिवारी, यूपी पुलिस से संजय यादव तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बैठक कर दिए निर्देश

**गोरखपुर अमृत विचार।** सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी सदर तहसील अंतर्गत विधानसभा ग्रामीण, शहर विधानसभा पिपराइच विधान सभा और आशिक कैंपियरगंज विधानसभा के सुपरवाइजर के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सामंजस्य बनाकर विकलांग, वीआईपी वोटर को चिन्हित करे 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य करें। तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने सुपरवाइजरो से कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य निर्वाच आयोग की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूरे कर चुके युवक युवतियों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने चाहिए।

## सार-संक्षेप



समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

### मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में 10 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ की गई बैठक में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सीडीओ संजय कुमार मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ड्रोन आधारित कृषि विषय पर हुआ व्याख्यान

गोरखपुर, अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में शुक्रवार को 'ड्रोन आधारित कृषि' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजय कुमार यादव (ड्रोन प्रशिक्षक, ड्रोनियर एविगेशन) ने कृषि के क्षेत्र में ड्रोन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ड्रोन का उपयोग कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत है। श्री यादव ने ड्रोन के कृषि में उपयोग को बताते हुए कहा की ड्रोन से फील्ड सर्वे, इंसेक्टिसाइड, पेस्टीसाइड व नैनो यूरिया का छिड़काव एवं जियोफेंसिंग भी की जा सकती है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित नमो ड्रोन दीदी व ड्रोन से संबंधित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिससे युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह कार्यक्रम संकाय के अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान कृषि संकाय के सहायक आचार्य डॉ कुलदीप सिंह, डॉ विकास कुमार यादव, डॉ आयुष कुमार पाठक, डॉ प्रवीण सिंह एवं स्नातक कृषि विज्ञान प्रथम व द्वितीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आरोपी भेजा गया जेल, अपहृत नाबालिग युवती बरामद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र गांव से नाबालिग युवती के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शिवनगर डिंडई पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीया युवती को नचनी गांव निवासी गुलाब चन्द्र जनवरी में बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। युवती के परिजन ने इस बाबत तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी गुलाब चंद्र और युवती तिलौली-दोनोंकुइयां मोड़ के पास मौजूद है। वह कहीं भागने के प्रयास में है। गुरुवार को सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ल ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर उसके साथ बरामद किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### विद्युत निगम ने बढ़ाई 76 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में कनेक्शन धारकों के बढ़ने से विद्युत निगम ने 76 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ा दी है। जबकि लोगों को गर्मी में होने वाली असुविधाओं को देखते, हुए विद्युत निगम ने अलर्ट जारी कर दिया है। जिससे विभाग ने वर्कशाप में पहले से ही 178 ट्रांसफॉर्मरों का मरम्मत करवाकर रख लिया है। विद्युत निगम ने नए ट्रांसफॉर्मर की मांग की है। वर्कशाप पर रखे पुराने ट्रांसफार्मर को रिपेयर करने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 178 ट्रांसफार्मर को रिपेयर करके वर्कशाप में स्टोर किया गया है। स्टोर किये गये ट्रांसफार्मरों में 10 केवी के 98, 25 केवी 49, 63 केवी के 18, 100 केवी के 6, 250 केवी के 4 तथा 400 केवी के 3 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इस बारे में एसई बिजली विभाग एसके पासवान ने बताया कि गर्मी को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। वर्कशाप में ट्रांसफॉर्मर की रिपेयरिंग किया जा रहा है। जिस जगहों पर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की जा रही है। वहां तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदलवाया जा रहा है।

### रेल यात्रियों का छूटा सामान बरामद कर लौटाया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 1 फरवरी को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-15274 में 22 वर्ष की एक महिला लावारिस हालत में बैठी मिली। पूछताछ के उपरान्त महिला को उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-12596 से यात्री का छूटा लैपटाप बरामद किया गया। इसी तरह गाड़ी संख्या-15203 से यात्री का छूटा सामान बरामद किया गया। 1 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल गोमतीनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15114 से यात्री का छूटा मोबाइल बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल को उसे सुपुर्द किया गया। 1 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल गोण्डा द्वारा गाड़ी संख्या-15707 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया।

### निर्माण के 20 दिन बाद ही उखड़ने लगी पक्की सड़क

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला पंचायत द्वारा महदेवा गोवर्धनपुर मार्ग पर 293 मीटर सड़क का निर्माण कुछ माह पहले किया गया, जो 20 दिन के अंदर ही उखड़ना शुरू हो गई। स्थानीय निवासी उदय राज यादव ने बताया कि इस सड़क का कार्य लगभग चार माह पहले शुरू हुआ था। इस मार्ग पर बड़ी-बड़ी गिट्टियां डालकर तीन माह तक छोड़ दिया गया। इससे काफी लोग घायल हुए। उसके बाद इस पर लेपन का कार्य हुआ जो मानक विहीन है। स्थानीय निवासी अजीजुर्हमान के अनुसार यदि जांच की जाए तो जिला पंचायत के ठेकेदारों की पोल खुल जाएगी। मेवा लाल ने कहा कि ठेकेदार से सही तरीके से काम करने के लिए कहा गया तो ठेकेदार ने भी गलत तरीके से बात की। राजेंद्र यादव ने कहा कि डेढ़ किलोमीटर की सड़क के बीच मात्र 293 मीटर कार्य किया गया। बाकी की सड़क अभी भी बड़े- बड़े गड्ढे से भरी है। इस संबंध में जिला पंचायत के इंजीनियर मिठाई लाल ने बताया कि ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जाएगा। इस सड़क की मरम्मत दूसरे ठेकेदार से कराई जाएगी।

### 9 से 13 के बीच निरस्त रहेंगी रेलगाड़ियां

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल अन्तर्गत सीतापुर-सीतापुर सिटी के मध्य पैच डबलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में नान-इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण 9 से 13 फरवरी के बीच इस रूट से चलने वाली गाड़ियां निरस्त रहेंगी।

## एक नजर

### आयकर आंकलन प्रपत्र नहीं जमा तो कटेगा वेतन

**मेंहदावल।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम प्रकाश दूबे ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों से अपने आयकर आंकलन प्रपत्र भरकर ब्लाक संसाधन केंद्र पर अविलंब जमा कराने का आह्वान किया है। जमा हो चुके सभी आयकर आंगणन प्रपत्रों की जांच हो चुकी है। श्री दूबे ने कहा कि फरवरी माह का वेतन 1 मार्च को ही जाएगा। ससमय आयकर आंगणन पत्रक नहीं होने पर वेतन से उचित आयकर कटने की समस्त जिम्मेदारी संबंधित शिक्षक की होगी।

### जेल गये कारसेवकों को किया सम्मानित

**सीतापुर।** अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए 1990 में जेल गए कारसेवकों को नगर पंचायत माधोगंज अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने उनके घर-घर जाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने घर-घर जाकर राम मंदिर का मॉडल और राम नामी पटका पहनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में अयोध्या में बना रामलला का मंदिर इन्हीं कारसेवकों की ही देन है।

# मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

## आज अपराह्न तीन बजे कबीर मगहर महोत्सव का समापन कराएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कबीर मगहर महोत्सव के एक सप्ताह से चल रहे आयोजन का समापन कराने आज अपराह्न तीन बजे मगहर पहुंच रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की सफलता के लिए अधिकारियों ने कमर कस लिया है। शुक्रवार को मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह और आईजी जोन आर.के. भारद्वाज ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर समेत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

महोत्सव के मुख्य मंच और पाण्डाल के साथ ही कबीर समाधि, मजार, कबीर शोध संस्थान समेत परिसर के चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती आर.के.भारद्वाज ने जिलाधिकारी महेन्द्र तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ कबीर मगहर महोत्सव के मंच से प्रस्तुत कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया। बाद में हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता से सुरक्षा ब्यवस्था में लगाए गए पुलिस कर्मियों के बारे में भी फीडबैक लिया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद बृजेन्द्र पटेल सहित राजस्व व पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



मगहर स्थित आमी नदी के घाटों का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त और आईजी।। अमृत विचार

### सेफ सिटी परियोजना का लोकार्पण करेंगे सीएम योगी

मुख्यमंत्री के ही हाथों जनपद मुख्यालय के सेफ सिटी परियोजना का लोकार्पण कराने की तैयारियां भी जिलाधिकारी ने किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन अपराह्न तीन बजे मगहर होने की सूचना मिली है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री मगहर से ही सेफ सिटी परियोजना का भी लोकार्पण करेंगे। वैसे जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने लोकार्पण कार्यक्रम के लिए कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री को मगहर से कलेक्ट्रेट तक ले आने के लिए मगहर से कलेक्ट्रेट परिसर खलीलाबाद तक की सड़कों का भी कायाकल्प करा दिया गया है। सड़क के डिवाइडरों और मेंहदावल बाईपास फ्लाईओवर की भी रंगाई पुताई करा दी गई है।

### 360 करोड़ की परियोजनाओं का किया जाएगा लोकार्पण

कबीर मगहर महोत्सव का समापन कराने आज मगहर आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले को 360 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जनपद मुख्यालय पर सेफ सिटी परियोजना, बखिरा पंछी विहार समेत लगभग 360 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सारी तैयारियां पूरी करा ली गई हैं।

### 600 कन्याओं के सामूहिक विवाह में सहभागी बनेंगे सीएम

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कबीर मगहर महोत्सव के पाण्डाल में आज 600 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। आयोजन के दौरान हिंदू कन्याओं का विवाह वैदिक रीति रिवाज के मुताबिक ब्राह्मण विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा तो वहीं मुस्लिम कन्याओं का मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा निकाह पढ़ाया जाएगा। आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी कन्याओं को आशीर्वाद और उपहार प्रदान करेंगे।

# मानव जीवन के लिए वरदान है श्री अन्न : देवेश चौधरी

- कृषि वैज्ञानिकों ने जैविक खेती के संबंध में किया चर्चा
- श्री अन्न की ब्रांडिंग प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के कराए जाएंगे प्रबन्ध : राकेश सिंह

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कबीर मगहर महोत्सव के मंच पर महोत्सव के छठें दिन श्री अन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन और मानव जीवन पर उसकी उपयोगिता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने श्री अन्न को मानव जीवन के लिए वरदान बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर देवेश चौधरी ने मनुष्य आहार में श्री अन्न का महत्व इसकी खेती की विधाओं के बारे में जानकारी दिया। श्री अन्न को अपने आहार में नियमित रूप से शामिल कर हम तमाम बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं।

डॉ. राघवेंद्र ने श्री अन्न की खेती के उत्पादन मार्केटिंग और प्रसंस्करण के संबंध में कृषक उत्पादक संगठन की भूमिका के संबंध में अवगत कराया। डॉक्टर भुवनेश पांडेय ने जैविक खेती के महत्व पर चर्चा किया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि जनपद में किसानों को इस वर्ष निःशुल्क श्री अन्न के बीज उपलब्ध कराए गए थे। ऐसे किसानों को श्री अन्न के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक के रूप में चिन्हित कर उन्हें कृषक उत्पादन संगठनों से जोड़कर संस्करण की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कराई जाएगी। इसके लिए जनपद में संस्करण मिनट पर संस्करण यूनिट स्टोर, मिलेट मोबाइल वैन के लक्ष्य आवंटित हुए हैं। जनपद के कृषक जिनके द्वारा यंत्रों की सोलर पंप की बुकिंग की गई है समय से यंत्र और ट्रैक्टर के लिए अपनी बुकिंग सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर कबीर मठ के महंत विचार दास, डॉक्टर लक्ष्मण दास, पर्यावरण विद् डॉक्टर भुवनेश्वर पांडेय, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर आरबी सिंह, डॉक्टर देवेश कुमार कृषि विभाग से उप कृषि निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी सी.पी. सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी शशांक, प्रगतिशील कृषक सुरेंद्र राय, लक्ष्मण चौधरी, राम बहादुर मिश्र समेत तमाम प्रगतिशील महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।




कृषि वैज्ञानिक को सम्मानित करते महोत्सव समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# आत्मरक्षा के गुर सीख रहीं बेटियां

- प्रशिक्षण के माध्यम से बेटियों को किया जा रहा है जागरूक

**सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की बच्चियां आत्मरक्षा के गुर सीखकर रानी लक्ष्मीबाई सरीखी सशक्त बन रही हैं। विकास क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय लंगड़ाबार में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत छेड़छाड़, अपहरण तथा अन्य महिला अपराध सम्बंधी घटनाओं का खुलकर सामना करने के लिए स्कूल में जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से स्कूल जाने वाली बेटियां किसी विषम परिस्थिति में बिना हथियार के भी आत्मरक्षा कर सकेंगी।

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत बालिकाओं को कराटे, मार्शल आर्ट, पंचेज ब्लॉकिंग, हैंड मूवमेंट, किक आदि के उपयोगी गुर सिखाए जा रहे हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम, आसन, ध्यान आदि की जानकारी भी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण से बालिकाएं मानसिक तथा शारीरिक दोनों स्तर पर मजबूत बन सकेंगी तथा वे स्वयं की रक्षा भी कर सकेंगी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा में सक्षम व सशक्त बनाना, हिंसा का विरोध करना तथा उनसे खुद का बचाव करना, महिला अपराध सम्बंधी कानूनों को जानना तथा हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी कराना है। शुक्रवार को बीईओ ज्ञान चंद्र मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय लंगड़ाबार में बच्चियों से कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बेहतर प्रशिक्षण देने की अपील किया। बीईओ ने बताया कि यह प्रशिक्षण खेल अनुदेशक द्वारा प्रत्येक विद्यालय की बालिकाओं को दिया जाएगा।



छात्राओं को आत्मरक्षा के तौर तरीके सिखाते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव की तैयारी में जुटे छात्र

- ऐतिहासिक होगा वार्षिकोत्सव का आयोजन : डॉ. उदय प्रताप

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में गुड लक पार्टी और फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 6 फरवरी को गुडलक पार्टी और 7 फरवरी को विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए छात्र छात्राओं ने अभ्यास शुरू कर दिया है। अभ्यास कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं विविध प्रस्तुति करते हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति विद्यालय में 6 फरवरी को गुडलक पार्टी का आयोजन किया जाएगा और 7 फरवरी को भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं के अभिभावकों से आह्वान किया है कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर अपने बच्चों की प्रस्तुति देख उनकी हौसला अफजाई करने कार्यक्रम में जरूर पहुंचे। प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने कहा कि गुड लक पार्टी और वार्षिकोत्सव को लेकर विद्यालय के बच्चे और अध्यापक पूरी तरीके से तैयार हैं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में देश के विरासत की विभिन्न झलकियां कार्यक्रम में देखने को मिलेंगी। उन्होंने बताया कि कुशल प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बार का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अन्य वर्षों की तुलना में काफी भव्य होगा।



अभ्यास करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार परेड का किया निरीक्षण

- ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने और जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का दिया निर्देश

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई। साथ ही परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल भी कराई गई। परेड के पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक, डायल 112 आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थानों और पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड आयोजित हुई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए सभी पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवाई गई। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाई गई।



दंगा नियंत्रण उपकरणों की जांच करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

तैयारी

## प्राकृतिक गैस, कोयला और विद्युत उत्पादन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास से ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

# 3–4 फरवरी को ओडिशा और असम राज्यों का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

गोरखपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ओडिशा के संबलपुर में 68,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्राकृतिक गैस, कोयला और विद्युत उत्पादन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास से ऊर्जा क्षेत्र को बहुत बढ़ावा मिलेगा। सड़क, रेलवे और उच्च शिक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी उद्घाटन और लोकार्पण किया जाएगा। प्रधानमंत्री संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी वास्तुकला शैलश्री पैलेस से प्रेरित है। प्रधानमंत्री गुवाहाटी में 11,000 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कामाख्या मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए मां कामाख्या दिव्य परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 3-4 फरवरी, 2024 को ओडिशा और असम का दौरा करेंगे।

प्रधानमंत्री 3 फरवरी को लगभग 2:15 बजे, ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 68,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास रखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री असम जाएंगे। 4 फरवरी को लगभग 11:30 बजे प्रधानमंत्री गुवाहाटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### प्रधानमंत्री संबलपुर में

देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप, ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडिशा के संबलपुर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री 'जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल)' के 'धामरा-अंगुल पाइपलाइन खंड' (412 किलोमीटर) का उद्घाटन करेंगे। 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के अंतर्गत 2450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह परियोजना ओडिशा को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। प्रधानमंत्री मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन के 'नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन खंड' (692 किमी.) की आधारशिला भी रखेंगे। यह परियोजना 2660 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित की जा रही है, जिससे ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में काफी सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री लगभग 28,980 करोड़ रुपये लागत की कई विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला भी रखेंगे। राष्ट्र को समर्पित की जाने वाली इन परियोजनाओं में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एनटीपीसी दरलीपाली सुपर थर्मल पावर स्टेशन (2ग800 मेगावाट) और एनएसपीसीएल राउरकेला पीपी-।। विस्तार परियोजना (1ग250 मेगावाट) शामिल हैं। प्रधानमंत्री ओडिशा के अंगुल जिले में एनटीपीसी तालचेर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-।।। (2ग660 मेगावाट) की आधारशिला भी रखेंगे। ये विद्युत परियोजनाएं ओडिशा के साथ-साथ कई अन्य राज्यों को भी किफायती बिजली की आपूर्ति करेंगी।

प्रधानमंत्री 27000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) तालाबीरा थर्मल पावर परियोजना की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विज़न को मजबूत करते हुए, यह अत्याधुनिक परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगी और यह विश्वसनीय, किफायती तथा चौबीस घंटे उपलब्ध बिजली की आपूर्ति करते हुए देश की आर्थिक प्रगति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री अंगुल जिले के तालचेर कोलफील्ड्स में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं- भुवनेश्वरी चरण-। और लाजकुरा रैपिड लोडिंग सिस्टम (आरएलएस) सहित महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड की कोयला बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लगभग 2145 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजनाएं ओडिशा से शुष्क ईंधन की गुणवत्ता और आपूर्ति को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में 550 करोड़ रुपये से अधिक लागत से तैयार आईबी वैली वाशरी का भी उद्घाटन करेंगे। यह गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता का प्रदर्शन करते हुए कोयला प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री महानदी कोल फील्ड्स लिमिटेड द्वारा 878 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित झारसुगुड़ा-बारपाली-सरडेगा रेल लाइन चरण-1 की 50 किमी. लंबा दूसरा ट्रैक भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री लगभग 2110 करोड़ रुपये की संचयी लागत से विकसित राष्ट्रीय राजमार्गों की तीन सड़क क्षेत्र परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में एनएच 215 (नया एनएच नंबर 520) के रिमुली-कोइदा खंड को चार लेन का करना, एनएच 23 (नया एनएच नंबर 143) के बिरमित्रपुर-ब्राह्मणी बाईपास अंतिम खंड को चार लेन करना और ब्राह्मणी बाईपास एंड-राजामुंडा खंड को चार लेन बनाना शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देंगी।

प्रधानमंत्री लगभग 2146 करोड़ रुपये लागत की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। वह संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जिसकी वास्तुकला शैलश्री पैलेस से प्रेरित है। वह इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क क्षमता को बढ़ाने के लिए संबलपुर-तालचेर दोहरीकरण रेलवे लाइन (168 किलोमीटर) और झारतरभा से सोनपुर नई रेलवे लाइन (21.7 किलोमीटर) भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को भी झंडी दिखाएंगे, जिससे क्षेत्र में रेल यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा। प्रधानमंत्री आईआईएम संबलपुर के स्थायी परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

### गुवाहाटी में 11 हजार करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

तीर्थ स्थलों की यात्रा करने वाले लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करना प्रधानमंत्री का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। इस प्रयास में उठाए गए एक कदम में प्रधानमंत्री जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे उनमें मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर) शामिल है, जिसे पूर्वोत्तर क्षेत्र योजना के लिए प्रधानमंत्री के विकास पहल के तहत मंजूरी दी गई है। यह परियोजना कामाख्या मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

प्रधानमंत्री 3400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई सड़क उन्नयन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिनमें 38 पुलों सहित 43 सड़कें शामिल हैं, जिन्हें दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (एसएएसईसी) कॉरिडोर कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में उन्नत किया जाएगा। प्रधानमंत्री डोलाबारी से जमुगुरी और बिश्वनाथ चारियाली से गोहपुर तक की दो 4-लेन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाएं ईटानगर से कनेक्टिविटी को बेहतर करने और क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

इस क्षेत्र की खेल क्षमता का पूरा उपयोग करने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री राज्य में खेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं में चंद्रपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानक खेल स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम को फीफा मानक फुटबॉल स्टेडियम के रूप में उन्नत करना शामिल है। प्रधानमंत्री गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बुनियादी ढांचे के विकास की भी आधारशिला रखेंगे। वे करीमगंज में एक मेडिकल कॉलेज के विकास की आधारशिला भी रखेंगे।

## एक नजर

### बिना किसी रुकावट व शोर शराबे चली विधान परिषद

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई विधान परिषद की कार्यवाही पहले दिन बगैर किसी बाधा और शोर-शराबे के संपन्न हुई। पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. अवधेश प्रसाद सिंह, डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा एवं प्रो. राजकुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधान सभा में दिये गये अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात बजट सत्र के कार्यक्रमों, कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा और कार्य सूची के मदों को निपटाया गया। सभापति ने अपरान्ह 12.52 बजे सदन की कार्यवाही शनिवार 11.00 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

### राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। इन्वेस्टर समिट तमाशे के अलावा कुछ नहीं रह गया है। लंबे-लंबे समझौता ज्ञापन हुए, पर निवेश 10 प्रतिशत से भी कम आया है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए। यह देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

# श्रीराम मंदिर के रूप में हुई है राष्ट्र मंदिर की स्थापना : राज्यपाल

**अभिभाषण**

- ईमानदार, पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना सरकार का संकल्प : राज्यपाल
- प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा
- बिना भेदभाव गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान सभा में बजट सत्र के दौरान अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य।



बजट सत्र से पूर्व राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य मंत्रीगण। अमृत विचार

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

### एक करोड़ 10 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्यपाल ने फरवरी 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए बताया कि अबतक देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

### गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोग

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की कुशल एवं प्रभावी नीतियों के साथ प्रदेश में लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। 3 करोड़ 60 लाख अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रतिमाह नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अब तक 17 लाख 82 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

### महाकुंभ में सुविधा के लिए किए जा रहे उत्तम प्रबंध

राज्यपाल ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के संबंध में सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी संतगणों, स्नानार्थियों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और विश्व भर से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं की सुरक्षा, सेवा और सुविधा के लिए उत्तम प्रबन्ध किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 वैश्विक स्तर पर नवीन कीर्तिमान गढ़ने वाला होगा।

### मुख्यमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी सदस्यों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानमंडल के सत्र की शुरूआत के अवसर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी। कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस पर चर्चा होगी और विपक्ष के सवालों का सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि हमने दलीय नेताओं की बैठक में इस बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार विधानमंडल की कार्रवाई का हिस्सा बनने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और उससे संबंधित जो तथ्यपरक और सही जानकारी होगी, उसको सदन के समक्ष रखने और सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्रवाई को सुचारू और नियमसंगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी का आह्वान करता हूं। लोकतंत्र के उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में उनके सकारात्मक योगदान की भी अपेक्षा रखता हूं।

## मंत्रियों ने सदन में रखे दो अध्यादेश समेत स्पष्टीकरण

अमृत विचार : सदन में शुक्रवार को विधायी कार्यवाही के तहत दोनों सदनों में पिछले सत्र में पास किए गए 17वें अधिनियम से लेकर 25वें अधिनियम की राज्यपाल से स्वीकृति को सदन से अवगत कराते हुए पहले दिन दो अध्यादेश रखे गए। साथ की मंत्रियों ने कई वार्षिक रिपोर्ट रखते हुए विलंब के कारणों का स्पष्टीकरण भी पटल पर रखा।

स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने भारतीय स्टांप (उत्तर-प्रदेश संशोधन) अध्यादेश और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश को सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग दो द्वारा सदन पटल पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. की पिछले और वर्तमान सत्र की वार्षिक रिपोर्ट और विलंब के कारणों को रखा गया गया। मुख्यमंत्री, राज्य कर अनुभाग दो की 17 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1165 और 1468 समेत 29 नवंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 1501 को उप्र, माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा-166 के अधीन विलंब के कारणों सहित रिपोर्ट रखी गई।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने उप्र लोक आयुक्त व उप लोक आयुक्त अधिनियम 1975 की धारा 12 (7) के अधीन स्पष्टीकरण ज्ञापन को पटल रखा। कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार अनुभाग एक की 1 जनवरी, 2024 को जारी अधिसूचना को उप्र कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम, 1964 की धारा-40 की उपधारा (3) के अधीन सदन पटल पर रखा।

## सपा विधायकों ने किया विरोध-प्रदर्शन



विधान भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते सपा विधायक। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।

सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

## गन्ने की घटतौली पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव ने दोषियों पर दिए कार्रवाई के निर्देश
- कहा, घटतौली पर दर्ज कराएं टोल फ्री नंबर पर शिकायत

अमृत विचार : चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये के त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए, विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारियों की ओर से चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए। इस मौके पर गन्ना आयुक्त प्रभु एन. सिंह ने गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि बीते साढ़े छह वर्षों में 2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में अब तक 14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है।

## अंसल एपीआई के एमडी और डिप्टी प्रेसीडेंट को मिली राहत

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंसल एपीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अंसल व डिप्टी प्रेसीडेंट हरीश गुल्ला को बड़ी राहत देते हुए, धोखाधड़ी व कूटरचना के एक मामले में उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने इस मामले में पुलिस द्वारा दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए, निचली अदालत द्वारा पारित किए गए तलबी आदेश को भी खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने हरीश गुल्ला व प्रणव अंसल की याचिका पर पारित किया है। याचियों की ओर से दलील दी गई कि उनके खिलाफ संजीव अग्रवाल ने विभूति खंड थाने में धोखाधड़ी व कूटरचना आदि आरोपों में वर्ष 2018 में एफआईआर दर्ज कराई।

याचियों पर आरोप लगाया गया कि वादी व उसकी पत्नी ने अंसल द्वारा डेवलप किए गए सुशांत गोल्फ सिटी में कई प्लाट, फ्लैट्स व विला बुक कराए थे। इसके लिए वर्ष 2011-12 में 11 एमओयू भी बनाए गए थे लेकिन प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए राज्य सरकार को जमीनों की व्यवस्था करनी थी जिसमें देरी होती चली गई जिसकी वजह से सम्पत्तियां वादी व उसकी पत्नी को नहीं हस्तांतरित की जा सकीं। इस पर वादी ने याचियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी। याचियों की ओर से दलील दी गई कि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ जिसके तहत चार संपत्तियों का बैनामा किया जा चुका है और बाकी के चार संपत्तियों का बैनामा किया जाना है लेकिन 19 जून 2023 को यूपी रेरा ने अंसल पर नया बैनामा करने से रोक लगा दी। कहा गया कि इसी कारण से बाकी के चार संपत्तियों का बैनामा नहीं किया जा सका, हालांकि याची अब भी समझौते की शर्तों का पालन करने को तैयार हैं और उनकी वादी को धोखा देने की कोई मंशा नहीं है। न्यायालय ने सभी परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि याचीगण समझौते की शर्तों का पालन करने को तैयार हैं, ऐसे में आपराधिक कार्यवाही को जारी रखना सही नहीं है।

## गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में मौजूद भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद व अन्य।

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा मण्डल रामनगर की ओर से कार्यशाला का आयोजन जयराम जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल प्रवासी अमित गिरी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता विस्तारक के रूप में जाकर बूथ कमेटी का गठन करते हुए बूथ सशक्तिकरण का कार्य करेंगे। वहीं भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद ने कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवासी के रूप में गांव में 24 घण्टे प्रवास करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों से वार्ता करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक जयराम विमल, दशरथ यादव, भुवनीश्वर प्रसाद तिवारी, योगेन्द्र प्रसाद, डॉ. शिवपूजन वर्मा, डॉ. पूनम राय, राजेन्द्र यादव, कमल दूबे, आनन्द कुमार, वेंकटेश कसौधन, राजेश्वर पाठक, विक्रमाजीत सिंह, रामसुरेश मौर्य, आनन्द कन्नौजिया, दिवाकर पाण्डेय, गुलाब सिंह, तरुण उपाध्याय, योगेन्द्र गौड़, अंगद कुमार, उत्तम सिंह, सूरज गुप्ता, बृजेश तिवारी, विजय बहादुर कसौधन, हरिशंकर चौहान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर थाम देगी गाड़ियों की रफ्तार

### मार्ग सीमित हैं ऐसे में वाहन खरीद तो लेंगे लेकिन चलाएंगे कहां

**वर्ष 2023 -वाहनों की संख्या**

31 मार्च – 4,24,10,340
30 जून – 4,32,97,677
31 दिसंबर – 4,46,75,902

नीरज मिश्र, लखनऊ

"यह सही है गाड़ियों की बिक्री तेज हुई है। पहले का दौर नहीं रहा। बैंकों से आसान किस्तों पर गाड़ियां मिल रही हैं। यही वजह है कि वाहनों की बिक्री में तेज इजाफा देखने को मिल रहा है। आने वाले वर्षों में लोग रफ्तार वाली गाड़ियां ले तो लेंगे लेकिन सड़कों पर लगे जाम में इन्हें चलाना मुश्किल हो जाएगा। बेहतर होगा कि लोग सार्वजनिक गाड़ियां नगर बस, मेट्रो, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, ओला-उबर और ई-वाहनों के जरिए शहर की सड़कों पर सफर करें। इससे प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा और लोग आरामदेय सफर का लाभ ले सकेंगे।"

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

अमृत विचार: वाहनों की रफ्तार ही नहीं उनकी 'बिक्री' भी फर्राटा भर रही है। हाल यह है कि सूबे में बीते एक साल में साढे. चार करोड़ नए वाहन सड़क पर आए हैं। वाहनों की खरीद फरोख्त की यही गति रही तो आने वाले वर्षों में वाहन सड़क पर दौड़ेंगे नहीं रेंगेंगे। स्पीड वाहन के स्पीडोमीटर में ही दिखेगी। वाहन खरीद लिया तो सीमित सड़कें होने पर उन्हें दौड़ा नहीं पाएंगे। हर मार्ग पर जाम से पहले ही जनता त्राहिमाम कर रही है ऐसे में वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार को थाम देगी। जरा सोचिए! जब मौजूदा वक्त में ही सड़क पर चलना दूभर है तो करीब एक दशक बाद नगर-नगर जाम का क्या नजारा होगा?

**एक साल में 4,46,75,902 नए वाहन आ गए सड़कों पर** : मार्च 2023 में करीब 4,24,10,340 वाहन प्रदेश की सड़कों पर आए। तीन माह बाद यानी 30 जून 2023 में ट्रांसपोर्ट और नॉन ट्रांसपोर्ट गाड़ियों की संख्या बढ़कर कुल 4,32,97,677 हो गई।



मात्र तीन माह में ही 8,87,337 नए वाहन प्रदेश के मार्गों पर आ गए। बीते इसी वर्ष छह माह बाद सड़कों पर आए नए वाहनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ और गाड़ियों की संख्या बढ़कर 4,46,75,902 पहुंच गई। यानी मात्र एक साल के भीतर (2023 दिसंबर तक) 22,65,562 नए वाहन आ गए।

- बीते एक वर्ष में प्रदेश की सड़कों पर आ गए साढ़े चार करोड़ नए वाहन

**खूब बिके दोपहिया वाहन, साढे. तीन करोड़ से अधिक गाड़ियां बिकीं:** कमर्शियल और नॉनकमर्शियल की कौन कहे सालभर में दो पहिया वाहनों की बिक्री ने तो चौंकाकर रख दिया। दिसंबर 2023 तक 3,57,33,715 दोपहिया गाड़ियां बिकीं।

### वक्फ की जमीन पर दुकानें बनाकर वसूली के मामले में जांच के दिए गए आदेश

लखनऊ। अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक, यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया कार्य है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या जायेगी। अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों पर वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

### पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी लिया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने ने शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया गया। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए एसपी ने निर्देश दिए।

## जलालपुर तहसील में अव्यवस्थाओं का अंबार, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



तहसील परिसर में खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। तहसील प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन तहसील प्रशासन इन समस्याओं पर अनजान बना हुआ है। जलालपुर तहसील करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई है और जिसमें तमाम व्यवस्थाएं संचालित है। लेकिन तहसील प्रशासन की अनदेखी के चलते यहां पर तमाम समस्याएं व्याप्त हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। बता दें कि जलालपुर तहसील में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग किसी न किसी काम से आते-जाते हैं। लेकिन तहसील परिसर में लोगों के लिए न तो पीने की समुचित व्यवस्था है और न ही शौचालय की सुविधा है। तहसील परिसर में शौचालय तो बना हुआ है लेकिन वह अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिसमें हमेशा ताला लगा रहता है और गंदगी का अंबार है। तहसील परिसर में बने पेशाब घर में साफ -सफाई नहीं होने के चलते यहां पर पेशाब करना आसान नहीं रहता है। लेखपाल कक्ष के सामने बरसों पूर्व लगा हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है, लेकिन उस पर भी तहसील प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है। इस तरीके से तहसील परिसर विभिन्न समस्याओं से ग्रसित है और साफ -सफाई की सुविधा भी नदारत रहती है।

**महिला हेल्प डेस्क सिर्फ दिखावा:** तहसील परिसर में जगह-जगह दीवारों पर पान के छीटे भी दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं तहसील परिसर में बना महिला हेल्प डेक्स भी मात्र दिखावा बन कर रह गया है, जिसमें कभी भी कोई कर्मचारी नहीं बैठता है। जिससे नारी शशक्तिकरण की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## नरेंद्र मोदी ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को किया संबोधित, कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।



प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा-हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

### अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभवः अजय सेठ



आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

**मुंबई।** पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

## पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा: विजय शेखर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पेटीएम के फाउंडर और सीईओ ने दी जानकारी



वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने शुक्रवार को कहा डिजिटल भुगतान एवं सेवा ऐप पेटीएम काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी यह हमेशा की तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के संस्थापक एवं सीईओ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कंपनी पूर्ण अनुपालन के साथ देश की सेवा करने को प्रतिबद्ध है।

शर्मा ने कहा-पेटीएम इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के लिए... आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी इसी तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है, अनुषंगी कंपनी के रूप में नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया था। इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,300-48,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,300 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,500 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

## शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार



वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

# राष्ट्रीय

# अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

### हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे



केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

### कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर



भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

### ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

**एजल।** मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

## तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर



तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है । इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है। विजय ने कहा कि जब मौजूदा द्रमुक सरकार का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा तो उनकी पार्टी विधानसभा चुनावों में मैदान में उतरेगी । उन्होंने कहा कि उनका संगठन आगामी आम चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करने की पेशकश करेगी । विजय पार्टी के अध्यक्ष होंगे।

सत्तारूढ़ द्रमुक एवं विपक्षी भाजपा ने अभिनेता को इस नयी शुरूआत के लिये शुभकामनाएं दी हैं। विजय के नाम से जाने जाने वाले 'थलपति' के उत्साही प्रशंसकों ने राजनीतिक दल की शुरूआत के उनके कदम का स्वागत किया और सड़कों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। थलपति का अर्थ है जनरल या कमांडर, जबकि 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का मोटे तौर पर अनुवाद ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' है। पिछले कुछ समय से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय उस प्रदेश (तमिलनाडु) की राजनीति में प्रवेश करने के इच्छुक हैं।

## एक नजर

### हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

**जम्मू।** जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

### मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

## माता-पिता की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकरना बलात्कार का अपराध नहीं

मुंबई, एजेंसी

**बंबई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी**

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था। अदालत ने कहा, ''वादा तोड़ने और झूठा वादा पूरा न करने के बीच अंतर है।'' वर्ष 2019 में 33 वर्षीय महिला ने नागपुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दावा किया था कि वह 2016 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी और उसने शादी का वादा करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जब महिला को पता चला कि उस व्यक्ति की किसी और से सगाई हो गई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका में व्यक्ति ने कहा कि उसका महिला से शादी करने का पूरा इरादा था, लेकिन उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उससे कहा कि वह किसी और से शादी करेगी।

याचिका में कहा गया कि इस व्यक्ति के परिवार वालों ने भी इस रिश्ते को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दूसरी महिला से सगाई करने को तैयार हो गया। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने 2021 में किसी अन्य पुरुष से शादी कर ली थी। अदालत ने कहा कि महिला एक परिपक्व वयस्क हैं और कहा कि उसके द्वारा लगाए गए आरोप इस बात का संकेत नहीं देते कि उस व्यक्ति का उससे शादी करने का वादा झूठा था। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि रिश्ते की शुरुआत के बाद से, इस व्यक्ति का महिला से शादी करने का कोई इरादा नहीं था और उसने केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा किया था।

## सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

### प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष हैं।

### महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

## भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना



राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई । नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात युवाओं के मन की बात महिलाओं के मन की बात आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

# महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर



सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

## क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन



## बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

# पूछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

▶▶ वैज्ञानिकों ने खोजा पूछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।



बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

## असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

## एक नजर

### केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

### बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल



**धुसेल्स/बर्लिन।** बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

### अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, कई लोगों की मौत

**क्लियरवॉटर।** फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं है, लेकिन विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में हुए बम विस्फोट

# बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 10 बम और ग्रेनेड हमले हुए हैं। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग (सीपीईसी) सड़क पर धमाका हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायल पुलिस अधिकारी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्वेटा, खुजदार और तुरबत में हुए हमलों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और नेशनल पार्टी के कार्यालय और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी मेंगल (बीएनपी-एम) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई -एफ) का संयुक्त कार्यालय को निशाना बनाया गया। राजनीतिक दलों को ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। हालांकि, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

### पाकिस्तान में 90 हजार से अधिक पोलिंग स्टेशन पर होगा मतदान



पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूछ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4.28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2.76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

## आतंकी यासीन को इलाज के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दी अनुमति



**नई दिल्ली।** आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।

## चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

## चंडीगढ़ महापौर: पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।



याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

▶▶ कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

## वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...






**शिमला :** मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

## जॉर्डन हमले से भड़का अमेरिका, अब बर्दाश्त नहीं करेंगे: रक्षा मंत्री

**वाशिंगटन।** बीते दिनों जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। इस हमले का आरोप ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर लगा था। अब अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि 'ऐसी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' बीते दिनों भी अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। उस एयर स्ट्राइक में भी हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान की आशंका है। जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुआ हमला, इस बात का सबूत है कि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। गाजा में लड़ाई छिड़ने के बाद यह पहली बार है कि पश्चिम एशिया में हो रहे हमलों में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं।

## तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान करेगा मालदीव की मदद

माले, एजेंसी

▶▶ मुइज्जू सरकार ने कहा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर पाकिस्तान से हुई चर्चा



पाकिस्तान जो खुद अनाज की कमी और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है उसने अब मालदीव से वादा किया है कि वह उसका समर्थन करेगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हिंद महासागर स्थित इस द्वीप राष्ट्र से विकास से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का पाक ने आश्वासन दिया है।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल हक काकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही मुइज्जू को द्वीप राष्ट्र की तत्काल विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान सरकार के समर्थन का भी आश्वासन मिला है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने दोनों देशों की शीर्ष प्राथमिकताओं पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात की। बयानों के अनुसार में कहा गया है कि काकर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के मालदीव के प्रयासों को अपना समर्थन और सहायता भी दी। बता दें कि मालदीव ने 26 जुलाई, 1966 को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जबकि पाकिस्तान चीन का करीबी सहयोगी है, राष्ट्रपति मुइजू को भी बीजिंग समर्थक माना जाता है।

**सुनवाई** मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

# शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटोंक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।



### 13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन



सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

### नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

## चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग



अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।